वर्ष- 12 अंक - 15
लखनऊ, शनिवार 31 अगस्त 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





अस्पताल में अब बिना पहचान पत्र के नहीं रुक सकेंगे लोग : ब्रजेश पाठक 03

महिला अपराधों के खिलाफ अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी : राजनाथ सिंह 12


## संक्षिप्त समाचार

**सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया को मिला नवरत्न का दर्जा**

**नई दिल्ली।** सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एसईसीआई ) को भारत सरकार के वित्त मंत्रालय ने नवरत्न का दर्जा दिया। नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने शुक्रवार को बयान जारी कर यह जानकारी दी। नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के तहत एसईसीआई एक केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम (सीपीएसई) है। मंत्रालय के मुताबिक एसईसीआई एक अग्रणी सीपीएसई है जो भारत में नवीकरणीय ऊर्जा (आरई) क्षमता के विकास और विस्तार के लिए समर्पित है, जिसमें संचयी उत्पादन 69.25 गीगावॉट की क्षमता है। यह प्रतिवर्ष 42 बिलियन यूनिट से ऊपर की व्यापार करती है। यह जलवायु लक्ष्यों को पूरा करने और सतत विकास के लिए प्रयास करने की दिशा में लगातार काम कर रही है। मंत्रालय के मुताबिक कंपनी ने पिछले वर्ष की तुलना में 20.85 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए 13,118.68 करोड़ रुपये का समेकित वार्षिक कारोबार और वित्तीय वर्ष 2023-24 में 34.89 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए कर के पश्चात 510.92 करोड़ रुपये का लाभ दर्ज किया है।

**फ्रांसीसी कंपनी भारत में बनाएगी हेलीकॉप्टर इंजन**

**नई दिल्ली।** अब स्वदेशी मल्टी-रोल हेलीकॉप्टरों और डेक-आधारित मल्टी-रोल हेलीकॉप्टरों के लिए भारत में ही इंजन बनाए जाएंगे। इसके लिए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने शुक्रवार को फ्रांसीसी कंपनी के साथ एक समझौता किया है। इंजन की डिजाइन और उत्पादन के लिए बेंगलुरु में संयुक्त उद्यम कंपनी स्थापित की जाएगी। नया संयुक्त उद्यम भारत-फ्रांस के बीच वर्तमान सहयोग के क्षेत्र को और विस्तार देगा। फ्रांसीसी कंपनी सफल हेलीकॉप्टर इंजन प्राइवेट लिमिटेड के साथ आज किये गए समझौते के तहत विकसित किये जाने वाले इंजन अगली पीढ़ी के हेलीकॉप्टरों में लगाए जाएंगे।

**ठगी में तीन पुलिसकर्मियों समेत छह लोग गिरफ्तार**

**गाजियाबाद।** थाना वेव सिटी पुलिस ने शुक्रवार को रुपये दोगुने करने वाले गिरोह के तीन पुलिस कर्मियों समेत छह ठगों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से चार लाख 36 हजार रुपये बरामद किये गए हैं। इनमें एक सपा नेता भी शामिल है। पुलिस उपायुक्त एसएन तिवारी ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि मोहम्मद शादाब निवासी न्यायखण्ड तृतीय थाना इन्दिरापुरम ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि एक सफेद कार फॉर्च्यूनर बिना नम्बर में सवार चार व्यक्ति उनके पास आए। दो लोग सादे कपड़ों में थे व दो व्यक्ति पुलिस वर्दी पहने थे। उन्होंने भारतीय रुपये देने पर बदले में रुपये के मूल्य का दो गुना दुबई की मुद्रा दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी करके मुझसे, मेरे भाई मेहराज व बहनोई डॉ. मोहतरम से 12.5 लाख रूपये हड़प लिये। जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी। एसएन तिवारी ने बताया कि चेकिंग के दौरान छह लोगों को गिरफ्तार किया गया। जिनमें मेरठ निवासी मौहतरम, मौहम्मद आरिफ, नदीम, हापुड़ में तैनात मुख्य आरक्षी अनिल कुमार, आगरा में तैनात मुख्य आरक्षी सचिन कुमार तथा अंकुर विहार थाने में तैनात मुख्य आरक्षी संजय कुमार शामिल है।

### सीएम योगी ने फ्लिपकार्ट के उन्नाव व वाराणसी में वेयरहाउस का किया उद्घाटन

# ई-कॉमर्स से एक नए युग का सूत्रपात

▸ सीएम ने ओडीओपी विक्रेताओं के अनुभव भी किए साझा

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को उद्यम प्रदेश बनाने की दिशा में प्रयासरत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ई-कॉमर्स प्लैटफॉर्म को नए युग की शुरुआत करने वाला कदम बताया। शुक्रवार को लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में सीएम योगी ने फ्लिपकार्ट के उन्नाव व वाराणसी में वेयरहाउस का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन कर ओडीओपी विक्रेताओं के अनुभव साझा करने के दौरान यह बात कही।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि हमने डिजाइन, तकनीक, मार्केट समेत विभिन्न पहलुओं पर कार्य करके हमने पैकेजिंग और एक्सपोर्ट पर फोकस किया। लेकिन इसको और गति देने का कार्य तब हुआ जब फ्लिपकार्ट ग्रुप हमारे साथ जुड़ा और ई-कॉमर्स प्लैटफॉर्म के रूप में जब उसने सेवाएं देनी प्रारंभ की तो ओडीओपी योजना न केवल प्रदेश बल्कि देश व दुनिया में प्रसिद्धि पाती दिखाई दी। स्वभाविक रूप से ई-कॉमर्स के माध्यम से एक नए युग का सूत्रपात हुआ है। उन्होंने कहा कि यह स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा दे रहा है और हर नागरिक को, फिर चाहें व शहर में हो या फिर गांव में, उसे इस प्लैटफॉर्म के माध्यम से दुनिया के किसी भी मार्केट तक अपने प्रोडक्ट को पहुंचाने का सामर्थ्य प्राप्त हुआ है जो पहले कठिन था और असंभव सा लगता था। कार्यक्रम में औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग तथा खादी व ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान, औद्योगिक विकास राज्य मंत्री जसवंत सैनी, प्रदेश के मुख्य सचिव तथा अवस्थापना व औद्योगिक विकास आयुक्त मनोज कुमार सिंह, एमएसएमई विभाग के प्रमुख सचिव आलोक कुमार, इनवेस्ट यूपी के सीईओ अभिषेक प्रकाश तथा फ्लिपकार्ट ग्रुप के चीफ कॉर्पोरेट अफेयर्स ऑफिसर रजनीश कुमार व अन्य मौजूद रहे। ऑनलाइन माध्यमों से ओडीओपी प्रोडक्ट्स को बेचने वाले विक्रेताओं ने भी कार्यक्रम में उपस्थिति दर्ज कराते हुए अपने फीडबैक साझा किए।

**90 से लेकर 96 लाख एमएसएमई यूनिट यूपी में संचालित**

उत्तर प्रदेश देश के अंदर सबसे अधिक एमएसएमई यूनिट वाला राज्य भी है। 90 से लेकर 96 लाख एमएसएमई यूनिट संचालित हैं। उत्तर प्रदेश इस लिहाज से भी पहला राज्य है जिसने प्रत्येक एमएसएमई यूनिट से जुड़े उद्यमी को लाख रुपए की सुरक्षा बीमा का कवर भी दिया है। सीएम योगी ने कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी स्कीम के माध्यम से हम 10 लाख ऐसे नए उद्यम की स्थापना का मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं। फ्लिपकार्ट अब एक विश्वास के रूप में उनके प्रोडक्ट को मार्केट में पहुंचाने का कार्य करेगा। ये दोनो वेयरहाउस का लोकार्पण इस दिशा में एक प्रमाणित आश्वासन है। यह नए रोजगार के सृजन के साथ उत्तर प्रदेश के उद्यमियों के मन में नया विश्वास उत्पन्न करने सहायक सिद्ध होगा।

**आज से नहीं, सैंकड़ों वर्षों से है प्रदेश में एमएसएमई का बेस**

कंपनी द्वारा उन्नाव व वाराणसी में अत्याधुनिक वेयरहाउसेस के लोकार्पण पर सीएम योगी ने अपनी शुभकामनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने कहा कि हम सब जानते हैं कि प्रदेश में एमएसएमई का एक बेस आज से नहीं बल्कि विगत सैंकड़ों वर्षों से है। लेकिन, समय के अनुरूप तकनीक, डिजाइन, पैकेजिंग समेत विभिन्न पहलुओं पर बदलते वक्त की मांग के अनुसार कार्रवाई न करने और ठोस कार्ययोजना न बनाए जाने के कारण पिछले तीन चार दशकों से दम तोड़ रहा था। इसका कोई प्रोत्साहन नहीं था। 2017 में जब प्रदेश में हमारी सरकार बनी तब प्रधानमंत्री का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ तो हमने प्रदेश में अपने एमएसएमई सेक्टर की मैपिंग करना शुरू किया। फिर, इसके उत्पादों को हमने वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट के रूप में प्रमोट करना प्रारंभ किया। मैंने उस समय विभाग के अधिकारियों से कहा था कि हमें अपने प्रदेश के परंपरागत उत्पादों को एक प्लैटफॉर्म देना होगा जो आम जनता को अपनी ओर आकर्षित कर सके।

**तकनीक ने कर दिखाया असंभव को संभव**

सीएम योगी ने कहा कि दुनिया के किसी भी मार्केट तक अपने प्रोडक्ट को पहुंचाने का कार्य पहले कठिन लगता था। मगर आज तकनीक ने इस असंभव से दिखने वाले कार्य को न केवल संभव बनाया, बल्कि इसे नई दिशा भी दी। इसी दिशा में आज लखनऊ कमिश्नरी से जुड़े हुए जनपद उन्नाव में व दूसरा प्रदेश की आध्यात्मिक राजधानी के रूप में विख्यात वाराणसी में स्थापित किया गया है। हम देख सकते हैं कि कितने जॉब इससे क्रिएट हो सकते हैं, साथ ही वेयरहाउस होने के कारण आप अच्छी सर्विसेस दे पाते हैं जो जिससे प्रत्येक ग्राहक के साथ न्याय किया जा सकता है। इससे कालाबजारी भी थमेगी क्योंकि इससे मोनोपॉली टूटती है। साथ ही, किसी प्रकार की धोखाधड़ी नहीं होगी जो कि स्वस्थ प्रतिस्पर्धा उत्पन्न करने के साथ ही विभिन्न अवसरों के द्वार खोल देता है।

## प्रेमजाल में फंसाकर मुस्लिम युवक ने धर्म परिवर्तन कराकर रचाई शादी

▸ पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध दर्ज किया केस

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** निगोहां थाना क्षेत्र के गांव में रहने वाले युवक ने अपना नाम बदलकर धर्म छिपाते हुये 14 साल पहले हिन्दू युवती को अपने प्रेम जाल में फंसाकर धर्म परिवर्तन कराकर शादी कर लिया। जिसके बाद युवक ने प्रपत्रों में भी हिन्दू युवती नाम परिवर्तित कराकर नाजिया रख दिया। तीन साल पहले दूसरी महिला से निकाह करने के बाद पहली पत्नी की पिटाई कर घर से निकाल दिया। जिसके बाद से वो अपने मायके में भाई के पास रहने लगी। पीड़िता का आरोप है सात दिन पहले पति ने भाई के घर पहुंचकर उसकी बुरी तरह पिटाई कर तीन तलाक बोलकर तलाक दे दिया।

पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम व मुस्लिम विवाह अधिनियम समेत अन्य धाराओ में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को हिरासत में ले लिया है। निगोहां के एक गांव की रहने वाली युवती ने पुलिस से शिकायत करते हुये बताया 14 साल पहले उतरावा के डीह गांव का रहने वाले युवक ने अपना नाम बब्लू बताकर उससे दोस्ती कर प्रेमजाल में फंसा लिया ओर घर से भगा ले गये गया ओर शादी रचाकर कुछ दिन बाद वापस अपने घर ले आया।जिसके बाद युवती को पता चला पति बब्लू का असली नाम ताज मोहम्मद है। जिसके बाद ताज मोहम्मद ने जबरन उसका धर्म परिवर्तन कराकर उसका प्रपत्रो में नाम परिवर्तित कराकर नाजिया रख दिया। विरोध के बाद भी वो कुछ नही कर सकती थी तो चुपचाप प्रताड़ना बर्दाश्त कर पत्नी के रूप में ताज मोहम्मद के साथ रहने लगी। इस दौरान उसने एक बेटे व बेटी को भी जन्म दिया। जिसके बाद पति ताज मोहम्मद की प्रताड़ना आये दिन बढती गयी ओर दूसरी युवती से दिल लगा बैठा ओर 2021 में पति निकाह कर युवती को घर ले आया। जब उसने विरोध किया तो मारपीट कर घर से निकाल दिया।

## फाइलेरिया की दवा खाते ही केंद्रीय विद्यालय की सात बच्चियां बीमार

▸ बीमार बच्चों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में कराया भर्ती

समृद्धि न्यूज

**इटावा।** जनपद में फाइलेरिया उन्मूलन दिवस के तहत खिलाई जा रही दवा को खाकर केंद्रीय विद्यालय के सात मासूम बच्चियां बीमार पड़ गई। बच्चों को बीमार होता देख स्वास्थ्य महकमे में हड़कंप मच गया।

बीमार बच्चों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर डॉक्टरों की टीम ने बच्चों का उपचार शुरू कर दिया है। सभी बीमार बच्चियों के परिजनों को सूचना दे दी गई है। मुख्य चिकित्साधिकारी गीताराम ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की तरफ से फाइलेरिया उन्मूलन दिवस के तहत फाइलेरिया को जड़ से खत्म करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की टीम हर जगह जाकर बच्चों और बड़ों को मुफ्त में दवा का सेवन करवा रही है। स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा केंद्रीय विद्यालय में बच्चों को फाइलेरिया की दवा का सेवन करवाया गया। दवा का सेवन करने के बाद केंद्रीय विद्यालय में पढ़ने वाली सात बच्चियों की तबियत खराब हो गई है।

### झारखंड के पूर्व सीएम चम्पाई सोरेन भाजपा में शामिल

**रांची।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन शुक्रवार को भाजपा में शामिल हो गये। धुर्वा गोलचक्कर के शाखा मैदान में आयोजित अभिनंदन सह मिलन समारोह में शिवराज सिंह चौहान और हिमंता बिस्व सरमा ने चम्पाई को भाजपा की सदस्यता दिलावायी। चम्पाई के साथ उनके समर्थकों ने भी भाजपा का दामन थामा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने माला पहनाकर चम्पाई सोरेन का पार्टी में स्वागत किया। सदस्यता ग्रहण के दौरान चम्पाई सोरेन भावुक हो गये। सोरेन का पार्टी में स्वागत करते केंद्रीय मंत्री सह झारखंड विधानसभा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि टाइगर अभी जिंदा है।

## दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और यूपी में एनआईए ने मारा छापा

एजेंसी




**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने नक्सली भर्ती के एक मामले में शुक्रवार को चार राज्यों दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और उप्र में छापेमारी की है। एनआईए ने आज जारी एक बयान में कहा है कि यह छापेमारी शुक्रवार को भी जारी है।

एनआईए के मुताबिक जांच से पता चला है कि कई फ्रंटल संगठनों और छात्र विंग को भारत सरकार के खिलाफ युद्ध छेड़ने के उद्देश्य से कैडरों को प्रेरित करने और भर्ती करने के साथ-साथ नक्सल विचारधारा का प्रचार करने का काम सौंपा गया है। आरोपितों ने इस एजेंडे के लिए आतंक और हिंसा के कृत्यों को अंजाम देने की साजिश रची। पिछले साल छह सितंबर को एनआईए ने नक्सली नेताओं और भाकपा (माओवादी) के कैडरों द्वारा प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन को पुनर्जीवित करने के प्रयासों पर भी कार्रवाई की थी।

उस समय एनआईए की जांच ने संकेत दिया था कि कई फ्रंटल संगठनों और छात्र विंग को भारत सरकार के खिलाफ युद्ध छेड़ने के इरादे से सीपीआई (माओवादी) की विचारधारा का प्रचार करने के साथ-साथ कैडरों को प्रेरित करने और भर्ती करने का काम सौंपा गया था। आरोपित इस एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए आतंक और हिंसा के कृत्यों को अंजाम देने की साजिश रच रहे थे। जांच में यह भी पता चला है कि प्रमोद मिश्रा आतंकी संगठन को पुनर्जीवित करने के प्रयासों में सीपीआई (माओवादी) के कैडर, सहानुभूति रखने वालों और ओजीडब्ल्यू का नेतृत्व कर रहे थे। इससे पहले अगस्त 2023 में बिहार पुलिस ने रितेश विद्यार्थी के भाई रोहित विद्यार्थी को गिरफ्तार किया था, जिसकी पत्नी का नाम मामले से संबंधित एफआईआर में है।

**यूपी के इन जिलों में हुई छापेमारी**

एनआईए ने उत्तर प्रदेश के प्रयागराज, चंदौली, वाराणसी, देवरिया और आजमगढ़ जिलों में आठ स्थानों पर आरोपितों और संदिग्धों के परिसरों में छापेमारी के दौरान इलेक्ट्रानिक डिवाइस व आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए हैं। इनमें मोबाइल फोन, लैपटॉप, पेन ड्राइव, कॉम्पैक्ट डिस्क और मेमोरी कार्ड सहित कई डिजिटल उपकरण, सिम कार्ड, नक्सली साहित्य, किताबें, पर्चे, पॉकेट डायरी, मनी रसीद बुक और अन्य आपत्तिजनक दस्तावेज शामिल हैं।

### अब असम में शुक्रवार को नमाज के लिए नहीं रुकेगी विधानसभा कार्रवाई

**गुवाहाटी।** असम विधानसभा ने शुक्रवार को सर्वसम्मति से एक बड़ा फैसला लिया। विधानसभा ने अब शुक्रवार को नमाज के लिए ब्रेक को खत्म करने के लिए नियम 11 में संशोधन कर दिया गया। इससे अब से नमाज के लिए विधानसभा में कोई ब्रेक नहीं होगा। एआईयूडीएफ के अधिकांश सदस्यों ने इस पर आपत्ति जताई। इस नियम की अनुपालना अगले सत्र से होगी। आज पांच दिवसीय विधानसभा का अंतिम दिन था। दरअसल, असम विधानसभा में कार्यवाही हर शुक्रवार को दिन 11.30 बजे से नमाज के लिए रोक दिया जाता था। यह नियम सैयद सदुल्ला के दिनों से चला आ रहा था। इसको लेकर पहले भी आपत्ति जताई जाती रही है।

## राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन की 265 करोड़ रुपए की परियोजनाओं को मिली मंजूरी

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** जल शक्ति मंत्रालय ने स्वच्छ गंगा मिशन के तहत जो परियोजनाओं को मंजू देती है जिस पर 265 करोड़ रुपए खर्च आने का अनुमान है। राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन- एनएमसीजी कार्यकारी समिति की शुक्रवार को यहां हुई 56वीं बैठक में इन परियोजनाओं को मंजूरी प्रदान की गई।

स्वच्छ गंगा मिशन के तहत गंगा नदी के पारिस्थितिकी तंत्र में सुधार के लिए इन योजनाओं को मंजूरी दी गई है। इससे गंगा में प्रदूषण कम होता है और गंगा की स्वच्छता कायम रखते हुए इसका संरक्षण सुनिश्चित होता है। एनएमसीजी के महानिदेशक राजीव कुमार मित्तल की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में गंगा नदी के प्रदूषण को कम करने के लिए उत्तर प्रदेश के डलमऊ रायबरेली में मल कीचड़ प्रबंधन की एक महत्वपूर्ण परियोजना को मंजूरी दी गई। परियोजना के तहत 15 किलोवाट सौर ऊर्जा संयंत्र और एक सौर इन्वर्टर के साथ एक आठ केएलडी मल कीचड़ शोधन संयंत्र स्थापित किया जाएगा। डीबीओटी मोड के आधार पर, परियोजना को 4.40 करोड़ रुपये की लागत से अनुमोदित किया गया है जो पांच वर्षों के लिए परियोजना के ओ एंड एम को कवर करता है। मंत्रालय के अनुसार उत्तर प्रदेश में बुलंदशहर के गुलावठी शहर में सीवरेज परियोजना को मंजूरी दी गई है।

### पूर्व विधायक उदयभान की उम्र कैद सजा में समय पूर्व रिहाई को हाईकोर्ट में चुनौती

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट में सपा विधायक विजमा यादव ने पति जवाहर यादव व तीन अन्य की हत्या केस में उम्रकैद की सजा भुगत रहे पूर्व विधायक उदयभान करवरिया की दया याचिका पर राज्यपाल द्वारा समय पूर्व रिहाई के आदेश की वैधता को चुनौती दी है। कोर्ट ने उदयभान करवरिया को नोटिस जारी करते हुए राज्य सरकार व उनसे से चार हफ्ते में जवाब मांगा है। याचिका की सुनवाई चार हफ्ते बाद होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति राजीव गुप्ता तथा न्यायमूर्ति सुरेंद्र सिंह की खंडपीठ ने विजमा यादव की याचिका पर दिया है। याची का कहना है कि उसके पति की प्रयागराज सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में 13 अगस्त 1996 को गोलियों से छलनी कर हत्या कर दी गई थी।

## पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा में सेंधमारी का प्रयास करने वाले 13 गिरफ्तार

समृद्धि न्यूज




**लखनऊ।** उप्र पुलिस में सिपाही नागरिक पुलिस के 60,244 पदों पर सीधी भर्ती के लिए आयोजित लिखित परीक्षा में सेंध लगाने का प्रयास करने वाले 13 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें तीन सॉल्वर हैं। परीक्षा से पूर्व 94 अभ्यर्थियों के दस्तावेज संदिग्ध पाए गए, हालांकि उन्हें परीक्षा देने दी गई। उनके दस्तावेजों की स्क्रूटनी उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा की जाएगी।

पुलिस मुख्यालय की ओर मिली जानकारी के मुताबिक, भर्ती परीक्षा के दौरान अनुचित साधनों का प्रयोग करने और दूसरे की जगह परीक्षा देने का प्रयास करने के मामले में 11 लोगों को मुकदमा दर्ज किया है। इस दौरान 13 लोगों को गिरफ्तार किए गये। सहारनपुर में सर्वाधिक चार अभ्यर्थी पकड़े गए, जिनमें राजस्थान के धौलपुर निवासी जितेंद्र सिंह, बागपत निवासी प्रभात तोमर, मेरठ निवासी प्रशांत किशोर और बुलंदशहर निवासी सतीश है। मेरठ में परीक्षा केंद्र से तीन अभ्यर्थी, जिसमें प्रशांत कुमार, बिजनौर निवासी रणवीर सिंह और प्रवेंद्र सिंह को फर्जी दस्तावेजों के जरिए परीक्षा देने के प्रयास के दौरान पकड़ा गया।

## सरकारी दफ्तरों में पांच सितंबर से बायोमैट्रिक अटेंडेंस होगी अनिवार्य

समृद्धि न्यूज




**लखनऊ ।** यूपी सचिवालय और कुछ चुनिंदा विभागों को छोड़कर बायोमैट्रिक अटेंडेंस का लक्ष्य पूरा नहीं हो पा रहा है। नियुक्ति एवं कार्मिक विभाग के कई रिमाइंडर के बावजूद कई विभाग इसको लागू नहीं कर रहे हैं, जिसके चलते लाखों कर्मचारी और हजारों अधिकारी मनमानी एटेंडेंस लगा रहे हैं।

यूपी के 20 लाख के करीब कर्मचारियों में से मात्र 50 हजार ही बायोमैट्रिक एटेंडेंस सिस्टम से जुड़े है। योगी आदित्यनाथ सरकार ने अब विभागों को लिखकर दिया है कि ई-ऑफ़िस की व्यवस्था को 5 सितंबर से हर हाल में लागू कर दिया जाए। मुख्यमंत्री के सचिव एसपी गोयल ने पत्र लिखा है कि कई जिलों का परफॉर्मेंस ई-ऑफिस में बहुत खराब है, जिस पर एसपी गोयल ने नाराजगी जाहिर की है। यूपी की नियुक्ति एवं कार्मिक विभाग ने जून तक विभागों में कर्मचारियों की उपस्थिति को लेकर बायोमैट्रिक लागू करने का आदेश दिया था। लोकभवन, सचिवालय व चुनिंदा विभागों को छोड़कर कहीं बायोमैट्रिक व्यवस्था लागू नहीं की गई। लोक निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग, पुलिस विभाग, नगर विकास विभाग ऐसे बड़े विभागों में भी इक्का-दुक्का एजेंसी को छोड़कर कहीं भी अंगूठे से उपस्थित नहीं हो रही है। जिसकी वजह से कर्मचारी और अधिकारी निर्धारित समय पर दफ्तर नहीं पहुंचते। यूपी 15 मण्डलों द्वारा ई-ऑफिस को प्रारम्भ कर दिया गया है। सात मण्डलों प्रयागराज, बरेली, आजमगढ़, मिर्जापुर, अलीगढ़, कानपुर एवं मेरठ में बहुत कम संख्या में ई-फाइल किरियेट की गई हैं। चार मण्डलों जैसे गोरखपुर, बस्ती, लखनऊ एवं वाराणसी में ई-फाइल प्रारम्भ नहीं हुआ है। तीन मण्डलों अयोध्या, देवीपाटन एवं मुरादाबाद में अभी तक ई-ऑफिस प्रारम्भ नहीं हुआ है।एसपी गोयल ने बताया कि मण्डलों, जिलों, नगर निगमों, विकास प्राधिकरणों शासन के सर्वोच्च प्राथमिकता के कार्यक्रम को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है।

**सौगात**

### पीएम मोदी ने शिवाजी की प्रतिमा गिरने की घटना से आहत लोगों से माफी मांगी

# प्रधानमंत्री मोदी ने वधावन बंदरगाह की आधारशिला रखी

▸ पीएम ने शिवाजी के चरणों में सिर झुकाकर माफी मांगी

एजेंसी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को छत्रपति शिवाजी महाराज और महाराष्ट्र के तटीय सिंधुदुर्ग जिले में शिवाजी की प्रतिमा गिरने की घटना से आहत लोगों से माफी मांगी। प्रधानमंत्री ने महाराष्ट्र के पालघर में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

आज की परियोजनाओं में लगभग 76,000 करोड़ रुपये की लागत से वधावन बंदरगाह की आधारशिला रखना और लगभग 1,560 करोड़ रुपये की लागत वाली 218 मत्स्य पालन परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास शामिल है।

मोदी ने लगभग 360 करोड़ रुपये की लागत से पोत संचार और सहायता प्रणाली के राष्ट्रीय रोलआउट का शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री ने मछली पकड़ने के बंदरगाहों, मछली लैंडिंग केंद्रों और मछली बाजारों के निर्माण के विकास, उन्नयन और आधुनिकीकरण सहित महत्वपूर्ण मत्स्य अवसंरचना परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी। उन्होंने मछुआरों के लाभार्थियों को ट्रांसपोंडर सेट और किसान क्रेडिट कार्ड सौंपे। सिंधुदुर्ग में हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि शिवाजी महाराज केवल एक नाम, एक पूजनीय राजा या एक महान व्यक्तित्व नहीं हैं, बल्कि वे हमारे आराध्य देव हैं। मैं सिर झुकाकर छत्रपति शिवाजी महाराज के चरणों में मस्तक रखकर माफी मांगता हूं। वीर सावरकर का अपमान करने वालों पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा, हमारे संस्कार अलग हैं, हम वो लोग नहीं हैं, जो आए दिन भारत मां के महान सपूत, इसी धरती के लाल वीर सावरकर को अनाप-शनाप गालियां देते रहते हैं, अपमानित करते रहते हैं, देशभक्तों की भावनाओं को कुचलते हैं।

वे लोग वीर सावरकर को गालियां देने के बाद भी माफी मांगने को तैयार नहीं हैं। उनको पश्चाताप नहीं होता है। महाराष्ट्र की जनता उनके संस्कार को अब जान गई है।÷ प्रधानमंत्री ने कहा, ÷महाराष्ट्र के लोगों को उन लोगों से सावधान रहना चाहिए जो वीर सावरकर का अपमान करते हैं और इसके लिए कोई पछतावा नहीं करते हैं। राज्य और देश की विकास यात्रा में इस दिन को ऐतिहासिक बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने पिछले 10 वर्षों में महाराष्ट्र के विकास के लिए बड़े कदम उठाए हैं, क्योंकि विकसित महाराष्ट्र विकसित भारत के संकल्प का सबसे महत्वपूर्ण तत्व है। रमोदी ने कहा कि राज्य के पास तटीय निकटता के कारण विकास की क्षमता और संसाधन हैं, जो भविष्य के लिए अपार संभावनाओं को समेटे हुए हैं। उन्होंने कहा, वधावन बंदरगाह देश का सबसे बड़ा कंटेनर बंदरगाह होगा और इसे दुनिया के गहरे पानी के बंदरगाहों में गिना जाएगा।

# सख्त पहरे में हुई यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा

- डीएम-एसपी ने लिया परीक्षा केंद्रों का जायजा
- प्रथम सत्र में 3251 द्वितीय सत्र में 3398 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**



उप्र पुलिस भर्ती बोर्ड द्वारा खीरी जिले के 15 केंद्रों पर संचालित सिपाही भर्ती परीक्षा शुक्रवार को भी अभ्यर्थियों ने कड़ी सुरक्षा निगरानी में दोनों पाली की परीक्षा दी। इस दौरान दोनों पालियों में बुलाए गए 9792 में से 6649 अभ्यर्थी ही परीक्षा में शामिल हुए जबकि 3143 ने गैर हाजिर रहकर परीक्षा छोड़ दी। परीक्षा को सकुशल बनाने के लिए डीएम, एसपी, एडीएम, एएसपी समेत सेक्टर मजिस्ट्रेट सतत भ्रमणशील रहकर परीक्षा केंद्रों का जायजा लेते रहे। वही स्टेटिक मजिस्ट्रेट परीक्षा केंद्रों पर मुस्तैद रहे।

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल व एसपी गणेश प्रसाद साहा ने दोनों सत्रों की परीक्षा में भ्रमणशील रहकर जनपद खीरी में स्थित परीक्षा केंद्रों (जीआईसी, गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज, स्वामी श्याम प्रकाश इंटर कॉलेज) का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेकर परीक्षा को सकुशल एवं शुचितापूर्ण सम्पन्न कराने जरूरी निर्देश दिए। डीएम-एसपी ने परीक्षार्थियों हेतु भौतिक सुविधाओं/सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए सीसीटीवी कैमरों को चैक किया व संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए।

वही एडीएम संजय कुमार सिंह ने दोनों पलियो की परीक्षा में भ्रमणशील रहकर परीक्षा केंद्रों राजकीय इंटर कॉलेज, अब्दुल कलाम आजाद गर्ल्स इंटर कॉलेज, इस्लामिया इंटर कॉलेज और भगवानदीन आर्यकन्या इंटर कॉलेज का निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापक, स्टैटिक मजिस्ट्रेट को परीक्षा में आयोग के शत प्रतिशत निर्देशों के अनुपालन के निर्देश दिए।

वही सेक्टर मजिस्ट्रेट ने भी भ्रमणसील रहकर अपने सेक्टर के परीक्षा केंद्रों पर सतर्क दृष्टि रखते हुए पूरी परीक्षा को सकुशल संपन्न कराया। बताते चले कि जनपद के 15 परीक्षा केंद्रों पर प्रत्येक पाली के लिए पंजीकृत परीक्षार्थी 4896 के सापेक्ष पहली पाली में 3251 परीक्षार्थी उपस्थित रहे तो 1645 अनुपस्थित रहे। इसी तरह से दूसरी पाली में 3398 परीक्षार्थी उपस्थित रहे तो 1498 ने परीक्षा से किनारा कर लिया।

# केले से भरा ट्रक निकालने को लेकर दो पक्षों में तनाव

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज।**



इलाके के पढुआ थाना क्षेत्र के दरेरी पुरवा गांव में केला किसानों के द्वारा अपनी केले की फसल को एक बाहरी व्यापारी के हाथों बेंचा था, जिसे किसान के खेत से व्यापारी एक ट्रक में लादकर जैसे ही दरेरी पुरवा गांव पहुंचा, जहां सकरी सड़क और सड़क किनारे मौजीलाल मौर्य के खूंटे गड़े होने के कारण ट्रक को निकलने में दिक्कत होने लगी, तो किसान सहित ट्रक चालक ने मौजीलाल से रास्ते से खूंटे हटाने के लिए कहा, तो मौजीलाल ने रास्ते से खूंटे हटाने के लिए मना कर दिया।

रास्ते से खूंटे न हटाने के लिए गांव के निजामू, अशीर अहमद, आरिफ, निसार आदि ने भी खूंटे न हटाने के लिए मौजीलाल का सहयोग करने लगे, तो ट्रक चालक ने डायल 112 पर सूचना दी, सूचना पर पहुंची डायल 112 की टीम ने रास्ते से खूंटे हटवाकर ट्रक को निकलवा दिया, किसान पक्ष के रोहित, राकेश आदि ने ट्रक के निकलने के बाद उत्साहित होकर भारत माता की जय का नारा लगा दिया, तभी मौजीलाल पक्ष के निजामू, अशीर अहमद, आरिफ, निसार आदि लोग किसान पक्ष के रोहित राकेश आदि पर हमलावर हो गए, जिसमे दोनों पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले, जिसका विडियो भी सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ। मामला दो समुदायों के बीच होने के कारण, संवेदनशीलता को देखते हुए सीओ प्रवीण यादव सहित पढुआ इंस्पेक्टर हरिकेश राय सूचना मिलते ही दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच गए और दोनों पक्षों के 11 लोगों को हिरासत में लेकर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए निघासन और पढुआ थाने की पुलिस फोर्स के एक बटालियन पीएसी तैनात कर दिया।

# चौपहिया वाहन से हुए एक्सीडेंट में युवक घायल

## घायल युवक की हालत सही न होने पर जिला अस्पताल से किया लखनऊ रेफर

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज।**




थाना क्षेत्र के भीखमपुर चौराहे पर चौपहिया वाहन से हुए एक्सीडेंट में युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची मितौली पुलिस ने जिस वाहन से बाइक सवार घायल हुआ था उसी वाहन से इलाज के लिए सीएचसी मितौली भेज दिया गया। घायल युवक की हालत सही न होने के कारण मितौली सी एच सी अधीक्षक ने जिला अस्पताल से लखनऊ रेफर किया गया।

ज्ञात हो थाना मितौली के रेवाना गांव निवासी प्रभात वर्मा 30 वर्ष पुत्र अंबुज वर्मा अपने घर से गोला के लिए बाइक से जा रहा था।

भीखमपुर चौराहे पर पहुंचते ही करीब 11 बजे मोहम्मदी की ओर से आ रही नेक्सन एक्सटी गाड़ी की जोरदार टक्कर में गंभीर रूप से घायल हो गया। दो जगह से उसका पैर टूट गया। मितौली एस आई राम मिलन यादव ने जिस कार से टक्कर हुई थी उसी से गम्भीर बाइक चालक को इलाज के लिए मितौली सीएचसी भेज दिया। जहां से लखीमपुर जिला अस्पताल के बाद लखनऊ रेफर कर दिया गया। चौपहिया गाड़ी पुलिस विभाग के रिटायर्ड दरोगा बरेली निवासी नरेन्द्र सिंह की थी। जो कि अपने घर के बच्चों को पुलिस भर्ती परीक्षा का पेपर दिलवाने लखीमपुर जा रहे थे।

# खेलकूद प्रतियोगिता के साथ बड़ी धूमधाम से मनाया गया श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज।**



निघासन इलाके के रकेहटी कस्बे में स्थित प्राचीन ठाकुर द्वारा मंदिर में बड़ी ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का पावन पर्व मनाया गया, श्री कृष्ण जन्म महोत्सव के शुभ अवसर पर श्री कृष्ण लीला का सजीव मंचन किया गया, गोपियों संग कृष्ण लीला, माखन चोरी, कृष्ण सुदामा के मंचन सहित अन्य झांकियां ने श्रोताओं का मन मोह लिया, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के दुसरे दिन खेल कूद कबड्डी आदि की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। खेल कूद प्रतियगिता मे पहुंचे खीरी के पूर्व सांसद/केंद्रीय गृहराज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी ने खेल कूद प्रतियोगिता का फीता काटकर शुभारंभ किया, और खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर हौंसला अफजाई भी की। जिसमें कबड्डी सीनियर वर्ग में दिल्ली की टीम ने पहला स्थान, गायत्री इंटर कॉलेज निघासन ने दूसरा स्थान और जिला पंचायत इंटर कॉलेज निघासन ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कबड्डी सीनियर वर्ग की बालिका टीम में उच्च प्राथमिक विद्यालय दरेरी पहला स्थान, गायत्री इंटर कॉलेज लखीमपुर खीरी दूसरा स्थान, उच्च प्राथमिक विद्यालय लखाही की टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कबड्डी जूनियर वर्ग बालिका टीम के प्राथमिक विद्यालय लखाही पहले स्थान पर रही तो वहीं उच्च प्राथमिक विद्यालय दरेरी दूसरा स्थान पर रही, कबड्डी जूनियर वर्ग की बालकों की टीम में उच्च प्राथमिक विद्यालय दरेरी पहले स्थान पर, गायत्री इंटर कॉलेज निघासन दूसरे स्थान पर रही तीसरा स्थान दिल्ली की टीम रही।

पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रही सभी टीमों को पुरस्कार वितरण के साथ साथ मेडल व प्रमाण पत्र भी वितरित किया गया। इस मौके अरविंद सिंह संजय, छैलबिहारी पांडे, राममनोहर गुप्ता, विजय कुमार मिश्रा, दिग्विजय गुप्ता, नागेंद्र सिंह सेंगर, कनकपाल सिंह राणा, सहित इलाके के खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# जीप चालक ने महिला को मारी टक्कर, घायल



**पलियाकलां-खीरी।** पलिया में स्टेशन चौराहे के पास एक तेज रफ्तार जीप चालक ने महिला को टक्कर मार दी और फरार होने लगा। इसी बीच तेज रफ्तार जीप पीडब्ल्यूडी गेट के सामने सड़क पर पड़ी बजरी के ढेर में जा घुसी। पुलिस ने जीप चालक को हिरासत में ले लिया। बताया जाता है कि जीप चालक ने किसी प्रकार के नशे का सेवन कर रखा था। फिलहाल महिला खतरे से बाहर होनी बताई जा रही है। बताया जाता है कि जीप चालक की ओर से समझौते का प्रयास किया जा रहा था।

# खबरें एक नजर में

## अधिशाषी अधिकारी सुरेन्द्र ने किया कार्यभार ग्रहण



**गोला गोकर्णनाथ,लखीमपुर।** लंबे समय से नगर पालिका परिषद में रिक्त पड़े अधिशाषी अधिकारी के पद पर गुरुवार को नवागत अधिशाषी अधिकारी सुरेन्द्र कुमार ने कार्यभार ग्रहण किया। पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने नवागत अधिकारी को कार्यभार प्रदान कर शुभकामनाएं दी।

## दुष्कर्म के मामले में हुआ सात वर्ष का कारावास

**लखीमपुर खीरी।** नाबालिक किशोरी के साथ दुष्कर्म के मामले में 10 वर्ष बाद आरोपी को 7 वर्ष के कठोर कारावास व 15 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई गई है। अधिवक्ता विशेष लोक अभियोजक पास्को बृजेश कुमार पांडे द्वारा बताया गया कि शुक्रवार को विशेष न्यायालय पास्को कोर्ट में विशेष न्यायाधीश पास्को कोर्ट राहुल सिंह प्रथम द्वारा 10 वर्ष पूर्व अपराध संख्या 406/2013 धारा 376, 506 आईपीसी व 3/4 पास्को एक्ट के अंतर्गत थाना फूलबेहड़ में अभियुक्त रोहित के खिलाफ क्षेत्र की 15 वर्षीय किशोरी के साथ दुष्कर्म के मामले में मुकदमा दर्ज हुआ था। पुलिस ने मामले में आरोप पत्र दाखिल किया था, जिसके बाद न्यायालय द्वारा 10 साल चली कार्रवाई के फल स्वरुप दोस्त सिद्ध होने पर अभियुक्त रोहित को 7 वर्ष का कठोर कारावास हुआ 15000 रुपए के जुमाने की सजा सुनाई गई है।

## टिकरी मुस्तकिल गौशाला का डीडीओ-सीबीओ बीडियो ने किया निरीक्षण, दिये निर्देश



**कुठौंद, जालौन समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी द्वारा जनपद में गौशालाओं की व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश के साथ ही गौशालाओं में बंद गौवंशों की उचित तरीके से देखभाल करने, नियमित चारा खिलाने की मंशा को धरातल पर उतारने की मंशा से शुक्रवार को विकासखंड कुठौंद की ग्राम पंचायत टिकरी मुस्तकिल गौशाला का किया निरीक्षण जिसमें निरीक्षण करने आए डीडीओ महेंद्रनाथ चौबे, निर्मल कुमार सीबीओ, बीडीओ गजेंद्र प्रताप सिंह ने संयुक्त रूप से निरीक्षण करते हुये ग्राम प्रधान व गौशाला केयरटेकर को निर्देशित किया कि गौशाला संचालन में किसी भी तरह की लापरवाही न बरती जाये।

अधिकारियों द्वारा टिकरी मुस्तकिल गौशाला निरीक्षण के दौरान गौवंशों के लिये टीन सेट लगवाए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई। साथ ही ग्राम प्रधान इंदल सिंह से भूसा घर की क्षमता बढ़ाने के लिए भी कहा। गौशाला की साफ सफाई इत्यादि को देखकर निरीक्षण करने आयी अधिकारियों की टीम संतुष्ट नजर आयी। ग्राम पंचायत से शिकायतकर्ता की शिकायत पर आए जनपद से आला अधिकारियों ने शिकायतकर्ता से भी रूबरू होकर उससे ग्राम पंचायत में हो रहे विकास कार्यों के संबंध में जानकारी प्राप्त की शिकायतकर्ता ने कहा आगे की शिकायतों का भी आदान-प्रदान किया जायेगा।

# युवा आपदा मित्र परियोजना के तहत प्रशिक्षण के लिए आमंत्रण

**गोला गोकर्णनाथ,लखीमपुर समृद्धि न्यूज।**

- आवेदन की अंतिम तिथि 01 सितंबर
- युवा आपदा मित्र परियोजना के अंतर्गत मिल रहा प्रशिक्षण पूर्णत: रहेगा नि:शुल्क

नेहरु युवा केंद्र, लखीमपुर के जिला युवा अधिकारी मयंक भदौरिया ने बताया।

कि राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा आपदा तैयारी एवं प्रतिक्रिया को प्रभावी बनाए जाने के उद्देश्य से प्रदेश के 25 सर्वाधिक आपदा, संवेदनशील जनपदों में युवा आपदा मित्र स्कीम के अंतर्गत एनसीसी, एनएसएस, नेहरु युवा केंद्र संगठन एवं भारत स्काउट एंड गाइड के स्वयंसेवकों को प्रशिक्षण के लिए आवेदन आमंत्रित है।

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा निर्धारित अर्हताओ के संदर्भ में जानकारी प्रदान करते हुए मयंक भदौरिया ने बताया। कि आवेदक संबंधित जनपद का निवासी हो। आवेदक की आयु 18 से 40 वर्ष के मध्य हो। आवेदक एनसीसी, एनएसएस, नेहरु युवा केंद्र संगठन, भारत स्काउट एंड गाइड के संगठनों से संबद्ध हो। तथा आवेदक की शैक्षिक योग्यता न्यूनतम कक्षा सात पास होनी चाहिए। साथ ही शारीरिक, मानसिक व भावनात्मक रुप से स्वस्थ होने चाहिए। उक्त परियोजना के तहत उत्तर प्रदेश के कुल 25 जनपदों (अमरोहा, बागपत, बहराइच, बलरामपुर, बरेली, प्रयागराज, बुलंदशहर, देवरिया, गाजियाबाद, गाजीपुर, कुशीनगर, लखीमपुर खीरी, लखनऊ, महराजगंज, महोबा, मेरठ, मुरादाबाद, रामपुर, सहारनपुर, संतकबीरनगर, शामली, श्रावस्ती, सिद्धार्थनगर, सोनभद्र, वाराणसी) से कुल 29,772 युवा स्वयंसेवकों को आपदा तैयारी एवं प्रतिक्रिया के क्षेत्र में प्रशिक्षित किया जाएगा।

वही जनपद लखीमपुर खीरी से एनसीसी के 500, एनएसएस के 250, नेहरू युवा केन्द्र संगठन से 250 एवं भारत स्काउट एंड गाइड से 40 स्वयंसेवकों को युवा आपदा मित्र परियोजना के अंतर्गत प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। यह प्रशिक्षण पूर्णतः निःशुल्क रहेगा।

# पति ने पत्नी व सास से की हाथापाई

**जालौन (उरई)।** पत्नी व सास के साथ गाली, गलौज व हाथापाई किए जाने की शिकायत पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर की है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला तोपखाना निवासी रूबीना ने पुलिस को बताया कि उनके पति आमीन आए दिन परिवार में घरेलू बातों को लेकर लड़ाई झगड़ा करते हैं। जिससे परिवार का माहौल खराब हो रहा है। इसकी जानकारी जब उसने मां रजिया को दी तो वह उन्हें समझाने के लिए घर पर आई थी। घर पर आई मां को देखकर उन्होंने फिर से झगड़ा शुरू कर दिया। समझाने के बाद भी नहीं माना बल्कि गाली, गलौज करने लगे। मना करने पर उन्होंने मारपीट शुरू कर दी। जिसमें दोनों को चोट आई हैं।

# उर्दू अनुवादक के चक्कर में रुकी भूमाफियाओं पर कार्यवाही

**उचौलिया खीरी, समृद्धि न्यूज।**

- राजस्व विभाग की मिली भगत से भूमाफियाओं ने उचौलिया, मोहनपुर, रामपुर ग्रन्ट में किया गया बड़ा हेर फेर

उचौलिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत मोहनपुर में उर्दू अनुवादक के चक्कर में भू माफिया पर कार्यवाही रुकी हुई है। संबंधित लेखपाल ध्रुव ने बताया है कि उक्त जमीन का बंदोबस्त उर्दू में होने के कारण हिंदी अनुवाद के लिए लखीमपुर भेजा गया था।

लेकिन जिले में उर्दू अनुवादक न होने के चलते जमीन गाटा संख्या 252 और 786 पर कार्रवाई रुकी हुई है। ज्ञात हो कि कुछ वर्ष पूर्व राजस्व विभाग की मिली भगत से भूमाफियाओं द्वारा उचौलिया, मोहनपुर, रामपुर ग्रन्ट में बड़ा हेर फेर किया गया है। ग्रामीणों के मुताबिक भू माफियाओं द्वारा सैकड़ो बीघा ग्राम समाज की जमीन, दर्जनों पट्टे पर राजस्व विभाग की मिली भगत से हेराफेरी करके अपने नाम दर्ज कराया गया।

जिसकी शिकायत समय-समय पर उच्च अधिकारियों से भी की गई लेकिन कोई भी कार्यवाही नहीं हुई। गांव के कुछ लोग जल्द ही भूमाफियाओं पर कार्रवाई के लिए जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देगें।

# बीडीओ ने पंचायत भवन मोतीपुर का किया निरीक्षण



**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज।**

शुक्रवार को बीडीओ जयेश कुमार सिंह ने ग्राम पंचायत मोतीपुर के पंचायत भवन का निरीक्षण किया। खंड विकास अधिकारी जयेश कुमार सिंह ने संबंधित पंचायत के पंचायत सहायक व सचिव को सभी अभिलेखों को अद्यतन रखने हेतु निर्देशित किया। पंचायत भवन पर नियमित उपस्थित हो इसके लिए पंचायत सहायक को निर्देशित किया।इस दौरान ग्राम प्रधान प्रतिनिधि कुलदीप वर्मा केडी ग्राम विकास अधिकारी पवन द्विवेदी, पंचायत सहायक सुलोचना वर्मा मौजूद रही।

# किसान मेले व कृष्ण प्रदर्शनी का हुआ शुभारंभ

## मुख्य व विशिष्ट अतिथियों का माल्यार्पण व अंग वस्त्र देकर किया सम्मानित

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज।**



विकास खंड मितौली सभागार में कृषि सूचना तंत्र का सुदृढीकरण, कृषि जागरूकता कार्यक्रम कृषि विभाग जनपद लखीमपुर खीरी के द्वारा कृषि विभाग के अंतर्गत विकास खंड मितौली स्तरीय किसान मेला एवं कृष्ण प्रदर्शनी का शुभारंभ भाजपा कस्ता विधायक सौरभ सिंह सोनू ने फीता काटकर किया। खंड विकास अधिकारी मितौली अमित सिंह परिहार ने परिसर में लगी प्रदर्शनियों का अवलोकन किया, कस्ता विधायक सौरभ सिंह सोनू ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर तथा दीप प्रज्वलित कर प्रदर्शनी के कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। खंड विकास अधिकारी अमित सिंह परिहार ने मुख्य व विशिष्ट अतिथियों का माल्यार्पण व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि कस्ता विधायक सौरभ सिंह सोनू ने कृषकों को संबोधित करते हुए कहा कि योगी-मोदी- डबल इंजन की सरकार ने अपने बजट का नब्बे प्रतिशत किसानो के लिए निर्धारित किया है किसान सम्मान निधि, महिलाओं को गैस सिलेंडर, नारी सशक्तिकरण, लखपती दीदी, ऐसी हजारों योजनायें चलाकर व कृषको, महिलाओं को स्वावलम्बी बनाने का कार्य किया है। खंड विकास अधिकारी अमित सिंह परिहार ने कृषि विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी, भूमि संरक्षण निरीक्षक अमित कुमार सिंह,बीटीएम हर्जेश सिंह , एस एम एस मोहम्मदी संजय कुमार ने एकीकृत नासी जीव प्रबंधन के साथ फसल में लगने वाले कीट रोग से बचाव हेतु प्रयोग करें तथा वर्मी कंपोस्ट, जैविक खेती और सोलर पंप पर 50 प्रतिशत अनुदान, रेशम विभाग, पशुधन विभाग, की जानकारी दी, ग्राम पंचायत मुल्तानपुर ग्रंट की अनीता देवी ने कंपोस्ट खाद, खानपुर ग्रंट झाला की देवकी देवी ने गन्ने की नर्सरी के संबंध में जानकारी दी। एडियो एजी नैमिष यादव ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया इस अवसर पर गौरव सिंह उर्फ मोनू, राजकुमार सिंह, सर्वेश सिंह ,समसाद अली, अजवापुर शुगर फैक्ट्री से दिनेश वर्मा, खन्ना सिंह, मुनेश सिंह सहित कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारी तथा क्षेत्रीय किसान मौजूद रहे। सूचना के अभाव में किसानों की संख्या बहुत ही कम रही।

# मजरा दाराबोझी में बाघ ने बछड़े व कुत्ते को बनाया निवाला



**तिकुनिया खीरी, समृद्धि न्यूज।**

निघासन खीरी के ग्राम पंचायत बनवीरपुर के मजरा दाराबोझी में बाघ का आतंक कायम है। बाघ ने बछड़े और कुत्ते को निवाला बना दिया।

दारा बोझी राजपाल सिंह ने बताया रात को 11:00 बजे कुत्तों का भौंकने का आवाज आई तब तक बाघ ने उसके गाय के बछड़े को निवाला बना लिया। कुत्तों ने बाघिन पर हमला बोला। बाघ गाय के बछड़े को लेकर गन्ने के खेत की ओर भागा। बाघ ने एक कुत्ते को भी निवाला बनाया। ग्रामीणों के शोर मचाने पर बाघ गाय के बछड़े को छोड़कर भागा। राजपाल सिंह ने बताया चारों तरफ घरों में दहशत का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान आकाश मित्तल को सूचना दिया। मौके पर पहुंचे ग्राम प्रधान और मीडिया के लोग तुरंत वन दरोगा रामनरेश अपने कर्मचारियों गुलामुद्दीन के साथ मौके पर पहुंचे।

गन्ने के खेत से गाय के बछड़े को निकाल कर खेत में उसका अंतिम संस्कार करवाया। वन दरोगा रामनरेश ने बताया सभी लोग एक साथ रहे और शोर और पटाखे दगाये और बताया ऊपर के अधिकारियों से बात कर के आगे की कार्रवाई की जाएगी। सभी लोग सावधानी बरते, मौके पर पहुंचे सपा नेता ओंकार सिंह ने सभी ग्रामीणों को सावधान रहने को कहा। ओंकार सिंह ने कहा सभी अपने बच्चों का ध्यान रखें और रात के अंधेरे में अकेले न जाएं।

# हथेरी में क्षतिग्रस्त किये गये देवस्थान की प्रधान ने करायी मरम्मत

**जालौन,उरई समृद्धि न्यूज।**

- प्रधान प्रतिनिधि की तहरीर पर अज्ञात लोगों पर मुकदमा दर्ज

गांव के बाहर बने शिवलिंग व शनिदेव के स्थान पर अराजक तत्वों ने तोड़फोड़ कर माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया था। प्रधान प्रतिनिधि की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

वहीं, प्रधान प्रतिनिधि ने देवस्थान की मरम्मत करा दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हथेरी में गांव के बाहर सरकारी विद्यालय के पास एक चबूतरे पर शिवलिंग की स्थापना की गई। साथ ही में शनिदेव की भी प्रतिमा स्थापित है। गुरूवार की सुबह इस जगह पर जब ग्रामीण पहुंचे तो किसी अराजक तत्व ने शनिदेव की प्रतिमा व शिवलिंग को क्षतिग्रस्त कर दिया था। वहां पत्थर पड़े हुए थे। घटना की सूचना मिलने पर कोतवाली प्रभारी वीरेंद्र पटेल ने गांव में जाकर मामले की जानकारी ली थी। बाद में प्रधान प्रतिनिधि संजय सिंह की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर ली है। वहीं, प्रधान प्रतिनिधि ने देवस्थान की मरम्मत कराई है। जिसके बाद से गांव में शांति का माहौल है।

# पानी का मोटर चोरी, नहीं थम रहीं चोरी की घटना

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।**



चौकी क्षेत्र में आए दिन चोरियां हो रही हैं चारों ओर दहशत का माहौल है पुलिस प्रशासन का खौफ अपराधियों में समाप्त हो चुका है इसी के चलते पिपरा खुर्द गांव में किसान के खेत में लगा पानी का मोटर बुधवार रात चोरों ने चोरी कर लिया। पीड़ित ने लिखित तहरीर पुलिस में दी है पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

बिजुआ चौकी क्षेत्र के गांव पिपरा खुर्द निवासी किसान राजीव शुक्ला उर्फ गिरिजा सरन पुत्र राजेश शुक्ला के खेत मे लगा पानी का मोटर पर बुधवार देर रात चोर खोल ले गए। सुबह जब किसान राजीव शुक्ला खेत को पहुंचे तो देखा कि खेत मे लगा मोटर गायब था। किसान राजीव ने बताया कि दो दिन पहले मोटर चलाया था और फिर बन्द करके मोटर वाले कमरे में ताला लगाकर बन्द किया था। बृहस्पतिवार सुबह धान में पानी लगाने के लिए पाइप लाइन बिछाई जब मोटर चालू करने गए तो देखा कि कमरे का ताला टूटा हुआ था और मोटर गायब था। पास पड़ोस के लोगों से पता किया तो कोई पता नहीं लग पाया है। पीड़ित ने पुलिस को लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।पुलिस जांच में जुट गई है। लगातार हो रही चोरियों से क्षेत्र में दहशत का माहौल बना है।आज तक किसान जानवरो से किसान परेशान थे जब किसानों को जानवरों से निजात मिली तो चोरों की दहशत ने लोगो की नींद उड़ा रखी है।

समृद्धि न्यूज़
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
समृद्ध समाज का आधार
लखनऊ, शनिवार, 31 अगस्त 2024



# बिजली की सुचारू आपूर्ति में आ रहे व्यवधानों को चार महीने में दूर करें अफसर : एके शर्मा

▸ ऊर्जा मंत्री ने की विद्युत व्यवस्था की समीक्षा

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण अनवरत विद्युत आपूर्ति मिले, आगामी गर्मी में विद्युत आपूर्ति में व्यवधान उत्पन्न न हो, लोगों को बार-बार की ट्रिपिंग से मुक्ति मिले, इसके लिए विद्युत व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण पर तत्परता से कार्य किया जाए।

निर्माणाधीन उपकेंद्रों के निर्माण कार्यों को समय से पूरा किया जाए। विद्युत की सुचारू आपूर्ति में आ रहे व्यवधानों को आगामी 04 महीने में दुरुस्त करें। प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए।ऊर्जा मंत्री ने शुक्रवार को नोएडा, ग्रेटर नोएडा, जेवर एवं दादरी सहित गौतमबुद्धनगर जिले की विद्युत व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण, विद्युत आपूर्ति, चल रहे विकास कार्यों की प्रगति आदि की नोएडा में समीक्षा की। उपभोक्ताओं को विद्युत कटौती का अनावश्यक सामना न करना पड़े, विद्युत कार्यों के लिए शटडाउन एक निश्चित समय पर लिया जाए और लोगों को पूर्व में ही इसकी जानकारी भी दी जाय। उपभोक्ताओं को समस्याओं के समाधान के लिए किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो, उपभोक्ताओं की संतुष्टि ही हमारे कार्यों का पैमाना है। लोगों को समय से विद्युत कनेक्शन दिया जाए और विद्युत बिल समय से उपलब्ध कराया जाए।

# अस्पताल में अब बिना पहचान पत्र के नहीं रुक सकेंगे लोग

▸ उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने जारी किए निर्देश

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** कोलकाता में महिला चिकित्सक के साथ अमानवीय घटना को लेकर यूपी के स्वास्थ्य महकमे में भी महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी हुए हैं। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के तहत उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने भी अस्पताल प्रबंधन को निर्देश दिए हैं।

डिप्टी सीएम का कहना है कि अस्पताल के स्टाफ की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। निर्देशों के तहत उन्होंने कहा कि चिकित्सालयों में अमूमन ऐसे लोगों को देखा जाता है, जिनका कोई भी रोगी अस्पताल में भर्ती नहीं है, वे सिर्फ रात्रि विश्राम के लिए अस्पतालों में रुक जाते हैं। ऐसे लोगों के विरुद्ध कार्यवाही की जाए। वार्ड, आईसीयू, रेस्टिंग रूम, इमरजेंसी वार्ड, आईपीडी विभाग में रात्रि प्रवेश के लिए तीमारदारों को प्रवेश पत्र निर्गित किए जाएं। उन्होंने बताया कि रात्रि ड्यूटी में महिला चिकित्सकों, स्टाफ नर्सों को रोगियों को देखने के लिए अन्य ब्लॉक एवं वार्ड में जाना पड़ता है। उनके आने-जाने के लिए सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ की जाए। चिकित्सालय परिसर, आवासीय क्षेत्र, हॉस्टल में रात्रि में समुचित प्रकाश व्यवस्था की जाए ताकि अंधेरे का फायदा उठा कर कोई असमाजिक तत्व अंदर न आ सके। रात्रि के समय चिकित्सालय परिसर में सुरक्षा हेतु सुरक्षा अधिकारियों द्वारा औचक निरीक्षण किया जाए। रात्रि में अस्पताल परिसर में सोने वाले तीमारदारों से भी समय-समय पर पूछताछ की जाए।

### कराएं संस्थागत एफआईआर

उन्होंने कहा कि यदि अस्पताल परिसर में डॉक्टर अथवा चिकित्सा कर्मचारियों के साथ हिंसा होती है तो अस्पताल के इंचार्ज या उनका द्वारा अधिकृत व्यक्ति द्वारा एफआईआर कराई जाएगी। इसे संस्थागत एफआईआर कहा जाएगा। इसकी रिपोर्टिंग का कार्य अस्पताल द्वारा किया जाएगा न कि प्रभावित व्यक्ति द्वारा।

### आंतरिक यौन उत्पीड़न समिति का होगा गठन

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी कानूनी प्रावधानों के अंतर्गत चिकित्सालय में महिला चिकित्सकों व महिला कर्मियों के लिए आंतरिक यौन उत्पीड़न समिति का गठन किया जाए। चिकित्सालय परिसर में स्थापित सीसी टीवी कैमरों की समय-समय पर चेकिंग की जाए। कैमरों की संख्या पर्याप्त एवं सभी क्रियाशील होने चाहिए। अस्पताल में ठेका एवं आउटसोर्सिंग स्टाफ का पुलिस सत्यापन अवश्य कराया जाए।

### कंट्रोल रूम को करें क्रियाशील

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने निर्देश दिए हैं कि चिकित्सालय परिसर में 24 घंटे सुरक्षा हेतु कंट्रोल रूम को क्रियाशील किया जाए। कंट्रोल रूम में आवश्यक सुरक्षाकर्मी तैनात रहें। अस्पताल परिसर की सुरक्षा बढ़ाने के लिए सेवानिवृत्त सेना के जवानों की भर्ती की जाए। चिकित्सालय के नजदीकि पुलिस थाने के लिए समन्वय तथा नियमित रूप से संवाद स्थापित किया जाए।

## खबरें एक नजर में

### पुलिस भर्ती परीक्षा में पैर की पट्टी उतारकर जांच

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा का आज चौथा दिन है। कुल 81 सेंटर पर परीक्षा हो रही है। सुबह 8 बजे से पहली पाली के लिए प्रवेश शुरू हो गया है। 9.30 बजे तक एंट्री दी गई। परीक्षा 10 बजे से शुरू हो गई है। यह दोपहर 12 बजे खत्म हो गई। अभ्यर्थियों को थ्री-लेयर चेकिंग के बाद ही प्रवेश दिया जा रहा है। परीक्षा कक्ष में सिर्फ 2 पेन और प्रवेश पत्र लेकर ही एंट्री दी जा सकती है। इसके अलावा सारा सामान बाहर ही रखवा दिया जा रहा है। मेन गेट पर जूते, चश्मे, हाथ का बैंड सब चेक हो रहा है। छात्राओं के जूड़े, ज्वेलरी भी चेक किए जा रहे हैं। हेयर पिन पर बाहर रखवाने के बाद ही प्रवेश दिया जा रहा है। इसके साथ ही सीसीटीवी और ड्रोन से निगरानी की जा रही है। परीक्षा कक्ष में जाने से पहले बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन और डॉक्यूमेंट वेरीफिकेशन कराया जा रहा है। पुलिस-प्रशासन की सख्ती का ही नतीजा है कि अब तक सॉल्वर गैंग से जुड़े या नकल करते हुए लखनऊ में एक भी अभ्यर्थी नहीं पकड़ा गया। शनिवार को फर्जी भर्ती पेपर बेचकर ठगी करने वाले युवक को गिरफ्तार किया था।

### उप्र : दो शाम सजेगी पंडित लच्छू महाराज के नाम

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ में 31 अगस्त और एक सितंबर की शाम को कथक आचार्य पंडित लच्छू जी महाराज के नाम पर सजाने की उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी एवं कथक केंद्र ने तैयारी की है। पंडित लच्छू महाराज के नाम पर सुशोभित होने जा रहे दो शाम के आयोजन का नमन नाम दिया गया है। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह के निर्देश पर कथक को लेकर विशेष रूप से संस्कृति विभाग कार्य कर रहा है। लखनऊ के संगीत नाटक अकादमी में संत गाडगे जी महाराज प्रेक्षागृह के भीतर संस्कृति विभाग की देखरेख में कथक केंद्र लखनऊ के बाल कलाकारों द्वारा निरंतर कथक अभ्यास हो रहा है। कथक पर निरंतर कार्य करने वाली रजनी वर्मा, मंजू मलकानी 31 अगस्त की शाम को अपनी प्रस्तुति देंगी। इसके बाद नई दिल्ली से आने वाली कथक कलाकार गौरी और विद्या पुर शाम की महफिल लुटती हुई दिखाई देंगी। वाराणसी के कलाकार रूद्र शंकर मिश्रा, नई दिल्ली के कृष्ण मोहन महाराज, लखनऊ के राममोहन भी मंच पर प्रस्तुति करते हुए दिखेंगे। पंडित लच्छू महाराज के याद में दूसरे दिन की शाम की शुरुआत कोलकाता से मालविका मित्रा, वाराणसी से ओमप्रकाश मिश्रा, नई दिल्ली से दीपक मिश्रा की प्रस्तुति के साथ होगी। इसी अवसर पर लखनऊ के अनुज मिश्रा, स्मृति, श्रुति और कुमकुम की भी प्रस्तुति देखने को मिलेगी। नमन कार्यक्रम में शहर के जाने-माने संगीतकार, गीतकार और कथक से जुड़े हुए तमाम गणमान्य लोगों को आमंत्रित किया गया है।

### आधी आबादी के बिना समाज और राष्ट्र हित सम्भव नहीं : परिणीता

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश कार्यालय में महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष परिणीता सिंह ने भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। महिला पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने बड़े उत्साह के साथ उनका जोरदार स्वागत किया। स्वागत समारोह में नारी शक्ति में जोश भरते हुए महिला प्रदेश अध्यक्ष परिणीता सिंह ने कहा कि पार्टी के विस्तार में महिलाओं का योगदान अत्यंत आवश्यक है। आधी आबादी के बिना समाज व राष्ट्रहित सम्भव नहीं है। हम लोगों को मिलकर परस्पर सहयोग की भावना से राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयन्त सिंह के हाथों को मजबूत करते हुए भारत रत्न चौधरी चरण सिंह के सपनों का भारत बनाना होगा। स्वागत समारोह में प्रदेश महासचिव रमावती तिवारी एवं प्रीति श्रीवास्तव, मंजू शुक्ला, आयशा खान, अनीता यादव, मंजू राय, अनुराधा सिंह, कुसुम लता, कल्पना पाण्डेय, लक्ष्मी मिश्रा, विभा छाबडा, माया देवी, गीता रावत, सीमा ठाकुर, लीला श्रीवास्तव, सरिता, कुसुम यादव, रजनी वर्मा, ममता गुप्ता, आरती जायसवाल, प्रीति कश्यप तथा पार्टी कार्यालय पर उपस्थित पदाधिकारियों ने उनको शुभकामनाएं दी।

### अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री ने की केरल के राज्यपाल से भेंट

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** केरल के राज्यपाल आरिफमोहम्मद खान से उत्तर प्रदेश सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी ने आज केरल राजभवन में शिष्टाचार भेट की। उन्होंने राज्यपाल को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अल्पसंख्यक समाज के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया। भेंट के दौरान अल्पसंख्यक समाज के विकास संबंधित विभिन्न विषयों पर व्यापक चर्चा हुई, पिछड़े पसमांदा समाज के सामाजिक, आर्थिक व शैक्षिक उत्थान संबंधित विषय पर वक्फसंशोधन अधिनियम 2024 से संबंधित मुद्दे, मदरसा शिक्षा को आधुनिक शिक्षा से और बेहतर तरीके से जोड़ने के मुद्दों तथा मुस्लिम महिलाओं को आर्थिक सशक्त कर समाज के मुख्यधारा से जोड़ने जैसे मुद्दों पर राज्यपाल का मार्गदर्शन दानिश आजाद अंसारी ने लिया। राज्यपाल आरिफमोहम्मद खान ने यूपी सरकार के द्वारा अल्पसंख्यक समाज के उत्थान के लिए किए जा रहे कार्यों के प्रशंसा की, साथ ही मुस्लिम युवाओं और महिलाओं को शिक्षित और सशक्त बनाने के लिए बल दिया।

### पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह फिरोजाबाद व मैनपुरी दौरे पर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह आज 30 अगस्त के अपराह्न से 01 सितम्बर तक फिरोजाबाद एवं मैनपुरी के भ्रमण पर रहेंगे। 31 अगस्त को ट्रांजिट हॉस्टल पीडब्लूडी पुलिस लाइन, मैनपुरी के सामने सुबह 09 बजे से अपराह्न 01 बजे तक जनसुनवाई करेंगे। 01 सितम्बर, को कैम्प कार्यालय सिरसागंज फिरोजाबाद में सुबह 09:30 बजे से अपराह्न 01तक जनसमस्याओं की सुनवाई कर उनके निस्तारण के लिए निर्देशित करेंगे। पर्यटन मंत्री 02 सितम्बर को दोपहर तक लखनऊ पहुंचेगे।

# अगर आप 10 कदम चलेंगे तो सरकार 100 कदम चलने को तैयार : सीएम

समृद्धि न्यूज




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को यहां लोग भवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान 32 औद्योगिक इकाइयों को 1,300 करोड़ की प्रोत्साहन राशि का वितरण किया। साथ ही 4,500 करोड़ के निवेश हेतु 10 औद्योगिक इकाइयों को लेटर ऑफ कम्फर्ट वितरित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन में कहा कि उत्तर प्रदेश पर विश्वास करने के लिए आप सभी उद्यमियों का आभार। ये आयोजन सिर्फ इंसेंटिव वितरण का ही नहीं, बल्कि शासन के कमिटमेंट के प्रति आपका विश्वास और सुदृढ़ हो इसके लिये भी है। आपके पूंजी के सुरक्षा के विश्वास के प्रति हमारे कमिटमेंट का भी है। यह सच है कि 2017 के पहले उत्तर प्रदेश में ऐसा माहौल नहीं था।

उत्तर प्रदेश के लिए कोई भी उद्यमी निवेश नहीं करना चाहता था। सरकारों की सोच ही नहीं थी। उत्तर प्रदेश भारत का ग्रोथ इंजन बने ऐसा कोई लक्ष्य भी नहीं था। इसके लिए सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग, किसानों, नौजवानों, महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार होता था। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं के सामने पहचान का संकट था। इंफ्रास्ट्रक्चर, कानून व्यवस्था सब लचर थी। महीनों दंगे-कर्फ्यू होते रहते थे। पर्व-त्योहार व्यापारी के लिए सीजन होता है, जबकि इसी में कर्फ्यू रहते थे। योगी ने कहा कि हमारी सरकार को 7 वर्ष से ज्यादा हो चुके हैं। प्रधानमंत्री मोदी के निर्देशन में हमने इज ऑफ लिविंग के कार्य किये। हमने निवेश के लिए स्टेकहोल्डर्स के सुझाव लिये। समय-समय पर इसपर कार्य किये। प्रदेश भर में फेलो भी तैनात किए। मुख्यमंत्री कार्यालय, मुख्य सचिव कार्यालय इसकी मॉनिटरिंग करता है। उत्तर प्रदेश में पहले कोई निवेशक आना ही नहीं चाहता था।

### जूनियर हाकी नेशनल चैंपियनशिप का सीएम करेंगे उद्घाटन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ में पहली बार हाकी इंडिया के तत्वावधान में जूनियर मेंस इंटर जोन नेशनल चैम्पियनशिप का आयोजन होने जा रहा है। एक सितम्बर से शुरू हो रहे इस चैपियनशिप का उद्घाटन शाम को छह बजे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथा उद्घाटन करेंगे। इस चैंपियनशिप में विभिन्न राज्यों को छह जोन में बांटा गया है और छह टीमें भाग लेंगी। सात सितम्बर तक पद्मश्री मो. शाहिद सिंथेटिक हाकी स्टेडियम में होने वाली प्रतियोगिता का दर्शकों के लिए कोई शुल्क नहीं रखा गया है। प्रदेश की राजधानी में प्रथम बार आयोजित हो रही 14वीं हाकी इंडिया कांग्रेस की बैठक की पूर्व संध्या पर शनिवार को मुख्यमंत्री अपने आवास पर देश के विभिन्न प्रदेशों से आये हुए प्रतिनिधियों का सम्मान करेंगे।

### आज यूपी निवेशकों के लिए बना ड्रीम्ड डेस्टिनेशन

आज उत्तर प्रदेश इन्वेस्टर के लिए ड्रीम्ड डेस्टिनेशन है। उत्तर प्रदेश अब भारत के विकास का बैरियर नहीं, विकास का ग्रोथ इंजन बन गया है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि हमने वन ट्रिलियन इकोनॉमी की ओर कदम बढ़ाया तो हमारे सहयोगी कहते थे कि इसके लिए 10,15 लाख करोड़ ग्राउंड ब्रेकिंग करवाने चाहिए, आज इनवेस्टर समिट में 40 लाख करोड़ के निवेश हो चुके हैं। योगी ने कहा कि उद्यम कोई भी हो हमारे इंस्टीट्यूशन को जरूर जोड़ना चाहिए। युवा जब अपने इंटर्नशिप के लिए आपके प्रोजेक्ट से जुड़ेंगे तो आपका सहयोग तो होगा ही, उसके अनुभव में भी इजाफा होगा। वो युवा जब दस जगह जाएगा तो आपके द्वारा लिए गए अनुभव को ही बांटेगा। इससे एक रास्ता बनेगा, इंस्टीट्यूशन और इंडस्ट्री दोनों एक साथ नई कड़ी बनेंगे।

# जनता के बीच रहते हैं बीजेपी कार्यकर्ता : भूपेन्द्र चौधरी

▸ सदस्यता अभियान के जरिए हर वर्ग के बीच पहुंच लक्ष्य

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी विभाग एवं प्रकोष्ठों की सदस्यता अभियान प्रदेश कार्यशाला शुक्रवार को भाजपा प्रदेश मुख्यालय में संपन्न हुई। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित संगठन है। भाजपा के कार्यकर्ता लगातार विभिन्न संगठनात्मक कार्यक्रमों व अभियानों के माध्यम से जनता के बीच रहते है। सदस्यता अभियान के माध्यम से व्यापक जनसंपर्क करते हुए जनमानस को भाजपा परिवार से जोड़ने का काम करना है।

2014 में सदस्यता अभियान से भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनैतिक दल बना और यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व मेंकार्यकर्ताओं के परिश्रम से संभव हुआ। हम फिर एक बार सदस्यता अभियान के माध्यम से हर व्यक्ति व हर वर्ग तक पहुंचकर लोगों को भाजपा से जोड़ने का काम करेगें। कार्यशाला में प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह, प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ल, संजय राय, प्रदेश मंत्री शिव भूषण सिंह उपस्थित रहे। संचालन विभाग एवं प्रकोष्ठों के प्रदेश प्रभारी ओम प्रकाश श्रीवास्तव ने किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि सदस्यता अभियान को सर्वस्पर्शी, सर्वग्राही एवं सर्व समावेशी बनाने के लिए केन्द्र के साथ ही प्रदेश, जिला व मंडल स्तर पर आयोजित कार्यशालाओं में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। 31 अगस्त को प्रदेश के बूथों पर बैठकें आयोजित कर सदस्यता अभियान की योजना व रचना को बूथ समितियों के साथ ही बूथ पर रहने वाले पार्टी के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं के बीच साझा किया जाएगा। श्री चौधरी ने कहा कि प्रत्येक विभाग व प्रकोष्ठ को सम्बंधित वर्ग के बीच पहुंचकर उनको भाजपा सदस्य के रूप में जोड़ने का काम करना है।

# श्रद्धालुओं की बुनियादी सुविधाओं पर खर्च होंगे 75 करोड़ : जयवीर सिंह

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** नाथ नगरी बरेली में श्रद्धालुओं के लिए आवश्यक सुविधाओं के विकास के लिए पर्यटन विभाग के द्वारा 75 करोड़ रुपए की लागत से विभिन्न कार्य कराए जाएंगे। इसमें बुनियादी सुविधाएं शामिल होंगी। इस कार्य के लिए चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में 25 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की गयी है। पर्यटन विभाग का प्रयास है कि यहां आने वाले श्रद्धालु विशिष्ट अनुभव लेकर लौटें।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि यूपी पर्यटन के क्षेत्र में तेजी से विकास करने वाला राज्य है। बीते वर्ष 48 करोड़ से अधिक पर्यटकों ने यहां के विश्व प्रसिद्ध धार्मिक-आध्यात्मिक, ईको सहित अन्य स्थलों का भ्रमण किया था। पर्यटकों के लिए पर्यटन के अन्य आयाम धार्मिक-आध्यात्मिक, रूरल, एग्री, वाटर स्पोर्ट आदि पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। राज्य सरकार पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए प्रदेश में अत्याधुनिक अवस्थापना सुविधायें सृजित कर रही है। पर्यटन विभाग नाथ कॉरिडोर में 75 करोड़ रुपए से मढ़ीनाथ, तपेश्वर नाथ, पशुपति नाथ, अलखनाथ, धोपेश्वर नाथ, त्रिवटी नाथ, वनखंडी नाथ मंदिर व तुलसी मठ के परिसर में पर्यटक सुविधाएं मल्टीपर्पज हॉल, पेयजल सुविधा, बेंचेज, फसाड लाइटिंग, शौचालय सहित अन्य कार्य कराए जाएंगे। कांवड़ आश्रय स्थलों पर विश्रामालय, शौचालय और पेयजल सुविधा विकसित की जाएगी। नाथ मंदिरों के प्रमुख मार्गो पर साइनेज, होर्डिंग आदि लगाई जाएगी। पर्यटन मंत्री ने बताया कि बरेली, नाथ नगरी के नाम से जानी जाती है। यहां हर दिशा में भगवान भोलेनाथ के मंदिर हैं। मान्यता है कि ये शिवलिंग स्वयंभू प्रकट हुए हैं। सावन के महीने में मंदिरों में लाखों श्रद्धालु जलाभिषेक के लिए पहुंचते हैं। मढ़ीनाथ, तपेश्वर नाथ, पशुपति नाथ, अलखनाथ, धोपेश्वर नाथ, त्रिवटी नाथ, वनखंडी नाथ मंदिर आदि मंदिरों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं।

### भाजपा के राज में मिलों तथा कारखानों में बंद ताले उद्योग के क्षेत्र पर गहरा कुठाराघात : प्रमोद

**लखनऊ ।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा है कि भाजपा के राज में मिलों तथा कारखानों में बंद ताले यूपी में उद्योग के क्षेत्र पर गहरा कुठाराघात है। उन्होनें कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार के समय जो भी मिलें और कारखानों का शिलान्यास एवं उदघाटन हुआ था। बकौल प्रमोद तिवारी इन सभी मिलों व कारखानों में गैरकांग्रेसी भाजपा सरकार के चलते आज ताले लग गये हैं। कानपुर में लालइमली मिल को शुरू करने की भी भाजपा सरकार की घोषणा को उन्होनें जुमलेबाजी करार दिया। विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने हिमांचल प्रदेश में दैवीय आपदा के बावजूद केन्द्र सरकार द्वारा मदद न किये जाने को भेदभावपूर्ण कहा। उन्होनें कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार हिमांचल प्रदेश में आर्थिक संकट को इसलिए नजरअंदाज कर रही है कि वहां कांग्रेस की सरकार निर्वाचित हुई है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि इससे भाजपा का विपक्ष शासित राज्यों के प्रति मदद के क्षेत्र में भी घटियापन ही प्रदर्शित हो रहा है। कोलकाता में प्रशिक्षु डाक्टर के साथ रेप तथा हत्या के मामले में राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने भाजपा को आड़े हाथों लिया है।

# गरीबी से जूझ रहे लोगों का मजाक है कांग्रेस की भारत डोजो यात्रा : मायावती

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने ''भारत डोजो यात्रा'' को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए शुक्रवार को कहा है कि यह गरीबी से जूझ रहे लोगों के साथ एक ''मजाक'' है और खेलों का राजनीतिकरण हानिकारक है।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को अपने यूट्यूब चौनल पर एक वीडियो साझा किया जो इस साल की शुरुआत में निकाली गई 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के समय का है। वीडियो में वह कई बच्चों के साथ मार्शल आर्ट की बारीकियां साझा करते नजर आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही 'भारत डोजो यात्रा' शुरू होने जा रही है। मायावती ने इसको लेकर कांग्रेस पर सीधा निशाना साधते हुए 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''पेट भरे लोगों के लिए डोजो और अन्य खेलकूद के महत्व से किसी को इनकार नहीं, लेकिन गरीबी, बेरोजगारी, महंगाई और पिछड़ेपन आदि से त्रस्त जीवन से जूझ रहे उन करोड़ों परिवारों का क्या जो पेट पालने के लिए दिन रात कमर तोड़ मेहनत को मजबूर हैं। क्या भारत डोजो यात्रा उनका उपहास नहीं?'''डोजो' आमतौर पर मार्शल आर्ट के लिए एक प्रशिक्षण कक्ष या स्कूल को कहा जाता है। मायावती ने लिखा, ''केंद्र और राज्य सरकारें देश के करोड़ों गरीब और मेहनतकश लोगों को सही एवं सम्मानपूर्वक रोजी-रोजी की व्यवस्था कर पाने में अपनी विफलता पर पर्दा डालने के लिए उनसे भूखे पेट भजन कराते रहना चाहती हैं।

### मोहनलालगंज में पुलिस की कार्रवाई पर सपा ने उठाए सवाल, एसीपी को सौंपा ज्ञापन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मोहनलालगंज पुलिस की कार्रवाई पर सपा नेताओं ने सवाल उठाया है। आरोप है कि भाजपा के इशारे पर सपा कार्यकर्ताओं के खिलाफ बदले की भावना से गुण्डा एक्ट की फर्जी कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई से पीड़ित परिवारों को मानसिक और आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सपा जिलाध्यक्ष जय सिंह जयंत के नेतृत्व में सपा नेताओं ने पुलिस उपायुक्त कार्यालय पर पहुंचकर पीड़ित परिवारों के लिए न्याय की मांग की। शुक्रवार को सपा जिलाध्यक्ष जय सिंह जयंत के नेतृत्व में सपा नेताओं ने सहायक पुलिस उपायुक्त, सर्किल मोहनलालगंज, रजनीश वर्मा के कार्यालय पर पहुंचकर एक लिखित पत्र सौंपा। इस पत्र के माध्यम से उन्होंने पीड़ित परिवारों के लिए न्याय की मांग की। इस मौके पर पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर, मोहनलालगंज विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्ष उमाशंकर वर्मा, बार एसोसिएशन के महामंत्री रामलखन यादव, राष्ट्रीय सचिव अधिवक्ता सभा श्रवण कुमार यादव, सहित अन्य वरिष्ठ सपा नेता भी उपस्थित थे। सपा जिलाध्यक्ष जय सिंह जयंत ने आरोप लगाया कि हाल ही में मोहनलालगंज पुलिस ने सुजीत यादव (ग्राम पदमिन खेडा), प्रदीप यादव (शंकर बक्श खेडा), और इमरान खान (सिसेण्डी) के खिलाफ फर्जी कार्रवाई की है। इसके अलावा, अरुण यादव, जो कि जिला पंचायत सदस्य हैं, उन्हें गुंडा एक्ट के तहत जिलाबदर कर दिया गया है। जबकि इन व्यक्तियों का कोई आपराधिक इतिहास नहीं है, और अरुण यादव को पहले भी फर्जी मुकदमे में फंसाकर गैंगस्टर की कार्रवाई के तहत जेल भेजा गया था।

### लखनऊ नगर निगम सदन शुरू होते ही पार्षदों ने किया हंगामा



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** नगर निगम में शुक्रवार को सदन शुरू होते ही हंगामा खड़ा हो गया। बीजेपी और कांग्रेस पार्षद आपस में तीखी बहस करने लगे। सबसे पहले कांग्रेस पार्षदों ने नाराजगी व्यक्त की। इस दौरान सपा के पार्षद भी हंगामा करने लगे। पार्षदों के नाराजगी की वजह रामकी कंपनी और जीआईएस सर्वे में जवाब न मिलना बताया जा रहा है। हंगामा बढ़ता देख महापौर सुषमा खर्कवाल और नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह सदन छोड़ कर चले गए। वहीं सदन के बाहर पहुंचे किसान यूनियन ने विकास कार्य न होने का आरोप लगा कर नारेबाजी की। किसान यूनियन की तरफसे कहा जा रहा था कि फैजुल्लागंज की पार्षद रश्मि सिंह विकास कार्यों पर ध्यान नहीं देती हैं। अधिकारी भी व्हाट्सएप ग्रुप में फर्जी मैसेज भेज रहे हैं। जबकि सड़कों में पानी भरा हुआ है।

परेशानी | यूपी राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष ने बीएचईएल पर करारा हमला बोलते हुए कहा

# परियोजना में पांच साल की देरी, 10 सौ करोड़ की हानि

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** सबसे पहले प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं का पक्ष रखते हुए उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने बी0एच0ई0एल पर करारा हमला बोलते हुए कहा कि इस परियोजना को समयबद्ध तरीके से तैयार करने के लिए 2007 में रुपया 5358 करोड़ का अनुबंध किया। लेकिन इस परियोजना को सबसे अधिक समय लगभग 9 साल में तैयार किया। जिसकी कुल कैपिटल कॉस्ट जो 7027 करोड़ और बाद में अतिरिक्त खर्च की वजह से 7799 करोड में तैयार हुई। इसके कारण न तो प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं को सस्ती बिजली मिली वरना18 सौ करोड़ की राजस्व हानि हुई। बीएचईएल की वजह से उत्तर प्रदेश के उपभोक्ताओं को सस्ती बिजली नहीं मिल पाई।

परियोजना को देर में तैयार करने की वजह से प्रत्येक वर्ष 550 मिलियन यूनिट जेनरेशन का लॉस उत्तर प्रदेश में हुआ। लगभग 30 करोड प्रत्येक माह नुकसान हुआ ऐसे में परियोजना 5 वर्ष देर से बनी तो 60 महीने में कुल नुकसान लगभग 1800 करोड का हुआ। परियोजना में लगभग 1000 करोड़ का अतिरिक्त कैपिटल कॉस्ट लगा। ऐसे में इसकी भरपाई केंद्र सरकार को कराना चाहिए। इस पूरी परियोजना को तैयार करने में 70 प्रतिशत रूरल इलेक्ट्रिफिकेशन कॉरपोरेशन (आर0ई0सी) से लोन लिया गया था। 30 प्रतिशत उत्तर प्रदेश सरकार की अंश पूंजी थी।

क्योंकि केंद्र सरकार के अधीन बीएचईएल है। ऐसे में जो प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं को नुकसान झेलना पडा उसकी भरपाई के लिए केंद्र सरकार की नैतिक जिम्मेदारी है। इसके लिए प्रदेश के उपभोक्ताओं को न्याय दिलाए उसके लिए केंद्र सरकार को आगे आना होगा। अब उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम जो आरईसी को लोन की आदएगी कर रहा है उसमें छूट दिलाए। जिससे उसका लाभ प्रदेश के उपभोक्ताओं को मिल सके। क्योंकि उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम के पास इसकी भरपाई करने के लिए कोई दूसरा रास्ता नहीं है।

उसके द्वारा केवल बीएचईएल की 152 करोड़ की बैंक गारंटी जप्त की गई थी। उससे उपभोक्ताओं को नाम मात्र लाभ हो पाएगा। समय से यदि आप परियोजना तैयार होती तो देश की पहली ऐसी परियोजना होती जो सबसे सस्ती बिजली पैदा करती। उपभोक्ता परिषद उत्तर प्रदेश राज विद्युत उत्पादन निगम की इस परियोजना पर जो कल निर्माण के दौरान ब्याज आईडीसी खर्च लगभग रुपया 666 करोड़ है उसे खारिज करने की मांग करता है। इसके अलावा जो कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी के मध्य में 21 करोड का खर्च है उसे भी खारिज किया जाए। क्योंकि इस पर पहले ही विद्युत नियामक आयोग अपना बेंचमार्क बना चुका है। उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष अरविंद कुमार व सदस्यसंजय कुमार सिंह ने अंतत एक बार फिर पावर कॉरपोरेशन व उत्पादन निगम को अपनी एक जॉइंट रिपोर्ट विद्युत नियामक आयोग के सामने दाखिल करने का निर्देश जारी करते हुए कहा 3 अक्टूबर को इस मामले पर पुन सुनवाई की जाएगी।

### जनपद गोण्डा में कजरी तीज के उत्सव के लिए जिला प्रशासन ने की चाक चौबंद व्यवस्था

# कावड़ियों की सहूलियत के लिए जिला प्रशासन ने जारी किया आडियो संदेश

- सरयू घाट तक जाने वाली सड़क के निर्माण के साथ साफ-सफाई का निर्देश
- कावड़ियों के रूट पर पड़ने वाली सभी मांस, मुर्गा, मछली और अंडे की दुकानें रहेंगी बंद

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी नेहा शर्मा की पहल पर जिला प्रशासन द्वारा तैयार कजरी तीज के पावन अवसर पर की गई तमाम व्यवस्थाओं की जागरूकता के संबंध में गुरुवार को एक ऑडियो संदेश जारी किया गया है। इसमें, उत्सव के दौरान कावड़ियों व श्रद्धालुओं द्वारा बरती जाने वाली सावधानियों से लेकर किसी भी आपात स्थिति में प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली सभी सुविधाओं के बारे में जानकारी दी गई है। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने कहा कि जिला प्रशासन गोण्डा कजरी तीज के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं को सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु प्रतिबद्ध है।

इसी के साथ ही, जिलाधिकारी नेहा शर्मा के निर्देशों के क्रम में, जिला प्रशासन गोण्डा ने कजरी तीज के पावन अवसर पर शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए हैं। श्रद्धालुओं की सहूलियत के लिए सड़क निर्माण से लेकर साफ-सफाई तक सुनिश्चित की जा रही है। जनपद में भारी वाहनों के प्रवेश को प्रतिबंधित कर दिया गया है, साथ ही डाइवर्जन के लिए रूट भी निर्धारित कर दिए गए हैं। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने उपजिलाधिकारी करनैलगंज को सरयू घाट पर प्रकाशयुक्त चौड़े मार्ग की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। गोण्डा-लखनऊ हाईवे से सरयू घाट तक जाने वाली सड़क को लोक निर्माण विभाग या जिला पंचायत द्वारा मोटरेबल कराने के निर्देश दिए गए हैं। घाट की सफाई की निरंतर व्यवस्था अभी से शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी तरह, जिला पंचायत राज अधिकारी को सरयू घाट, पृथ्वीनाथ मंदिर प्रांगण और इसके आसपास की सफाई सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए हैं। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने बताया कि श्रद्धालुओं के मंदिर पहुंचने के मार्ग को भी साफ और स्वच्छ बनाया जाएगा। नगर पालिका परिषद गोण्डा, नगर पालिका परिषद करनैलगंज और नगर पंचायत खरगुपुर को दुःखहरण नाथ मंदिर, सरयू घाट और पृथ्वीनाथ मंदिर पर पीने के योग्य पानी की अतिरिक्त व्यवस्था कराने के निर्देश दिए गए हैं। इन तीनों स्थानों पर जीवन रक्षक औषधियों और एम्बुलेंस के साथ कुशल डॉक्टरों की मेडिकल टीम मौजूद रहेगी। दुःखहरण नाथ मंदिर पर सकुशल जलाभिषेक कराने के लिए मजबूत बैरीकेडिंग की व्यवस्था की जाएगी। वहीं, सरयू घाट पर श्रद्धालुओं को नदी के गहरे जल में स्नान करने और जल भरने से रोकने के लिए नेटयुक्त वाटर बैरीकेड्स लगाए जाएंगे।




**एक दिन पहले बंद हो जाएंगी ये दुकानें**

जलाभिषेक के लिए आने वाले कावड़ियों के रूट पर पड़ने वाली सभी मांस, मुर्गा, मछली, मदिरा और अंडे की सभी दुकानें 04 सितम्बर शाम 05 बजे से 07 सितम्बर सुबह 10 बजे तक बंद रहेंगी।

**यातायात को डायवर्ट करने का लिया फैसला**

जनपद मुख्यालय पर पहुंचने वाले यातायात को डायवर्ट करने का फैसला लिया गया है। यह डायवर्जन 04 सितम्बर दोपहर 12 बजे से 07 सितम्बर सुबह 08 बजे तक प्रभावी रहेगा।

## शिक्षा क्षेत्र में अवैध स्कूलों की बाढ़

- बच्चों की शिक्षा और सुरक्षा पर गहरा संकट

**करनैलगंज/गोण्डा ,समृद्धि न्यूज**

स्थानीय तहसील के अन्तर्गत करनैलगंज शिक्षा क्षेत्र में अवैध और मानकों के विपरीत संचालित हो रहे स्कूलों की संख्या तेजी से बढ़ रही है, जिससे न केवल बच्चों की शिक्षा की गुणवत्ता पर असर पड़ रहा है,बल्कि उनकी सुरक्षा भी खतरे में पड़ गई है। यह स्कूल प्रशासन की अनदेखी के कारण बिना किसी मानकों के चल रहे हैं, जिससे कई चिंताएं उभर रही हैं। वहीं योगी सरकार के दिशा निर्देशों की शिक्षा विभाग के जिम्मेदार अधिकारी जानबूझकर अनदेखी कर रहे हैं। करनैलगंज में ऐसे कई स्कूल चल रहे हैं जो न तो योग्य शिक्षकों से सुसज्जित हैं और न ही उनमें उचित बुनियादी ढांचा है। बिना मान्यता और आवश्यक मानकों के चलने वाले इन स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता के मुद्दे गंभीर होते जा रहे हैं। इन स्कूलों की इमारतें और बाउंड्रीवाल नहीं होने के कारण बच्चों की सुरक्षा पर बड़ा खतरा मंडरा रहा है। ऐसे स्कूलों में दुर्घटनाओं का खतरा अधिक होता है, जिससे बच्चों की जान को भी खतरा हो सकता है। बता दें कि स्थिति की गंभीरता के बावजूद शिक्षा विभाग और संबंधित अधिकारियों की ओर से निगरानी या कार्रवाई में लापरवाही बरती जा रही है। जबकि यूपी में बिना मान्यता के स्कूल संचालन पर एक लाख तक के जुर्माने का प्राविधान भी है। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों की अनदेखी के चलते यह स्कूल बेरोकटोक चल रहे हैं, जिससे बच्चों की शिक्षा और सुरक्षा दोनों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। ऐसे में समस्या के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को तुरंत सख्त कदम उठाने की जरूरत है और इन अवैध और मानक विहीन स्कूलों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सुरक्षित वातावरण मिल सके।



### आज डिजिटल युग में भी प्रिंट मीडिया का है बहुत बड़ा योगदान : वर्षा सिंह

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** एक दैनिक समाचार पत्र के स्थापना दिवस को बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ टाउन हॉल गोंडा में मनाया गया। इस अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें शहर के गणमान्य व्यक्तियों, वरिष्ठ पत्रकारों और अखबार के कर्मचारियों ने भाग लिया। समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुई। मुख्य अतिथि एलबीएस की उपाध्यक्ष वर्षा सिंह ने अपने संबोधन में अखबार के योगदान की सराहना की और इसे समाज की आवाज बताया। उन्होंने बदलता स्वरूप की निष्पक्ष पत्रकारिता और समाज को जागरूक बनाने के प्रयासों की प्रशंसा की। कार्यक्रम में अखबार के पुराने और नए कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित भी किया गया।

# 2125 लीटर अल्कोहल बरामद, एक गिरफ्तार

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

आबकारी आयुक्त द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में जिलाधिकारी महोदया के कुशल नेतृत्व में जनपद गोंडा में अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 29 अगस्त को मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना कोतवाली नगर अंतर्गत गोंडा बहराइच रोड पर स्थित विभोर ग्राम में बने एक कमरे से 50 -50 लीटर की 43 गैलन से कुल 2125 लीटर एथेनॉल बरामद किया गया। उस कमरे के मकान मालिक द्वारा बताया गया कि उक्त कमरा उन्होंने सुभाष सिंह नामक व्यक्ति को किराए पर दे रखा है।

तत्पश्चात सुरागरशी कर विभिन्न स्रोतों से उसका पता लगाकर सुभाष सिंह पुत्र रामबुझर्थ सिंह( निवासी बस्ती ) वर्तमान निवासी -जगदीशपुर (थाना कोतवाली नगर) को गिरफ्तार किया गया। उसके द्वारा पूछताछ में बताया गया कि वह अलग अलग एथेनॉल के टैंकरों से एथेनॉल प्राप्त करके संचित करता है।



इसी प्रकार वह डीजल के अलग अलग टैंकरों से डीजल संचित करता है। एथेनॉल और डीजल को मिक्सिंग करके अपने ग्राहकों को विक्रय कर देता है। इस एथेनॉल की तीव्रता 99.45त्न 1/1 पाई गई। चूंकि एथेनॉल मानव जीवन के लिए घातक है एवम इसके सेवन से जन हानि की संभावना है। अतः इसके नमूने निकालने के पश्चात प्रयोगशाला में परिक्षण कराया जाएगा।

प्रकरण की गंभीरता के दृष्टिगत अभियुक्त के विरुद्ध थाना कोतवाली नगर में आबकारी अधिनियम की धाराओं के साथ साथ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं में कार्यवाही की जा रही है।

## डीसीएम की टक्कर से युवक की मौत

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़**

जिले के नगर कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत गोंडा-लखनऊ राजमार्ग एससीपीएम चौकी के सामने शुक्रवार की भोर में एक डीसीएम और बाइक की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल हो गया। जिसे एससीपीएम चौकी प्रभारी बलराम सिंह ने इलाज के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया जहां उसकी मौत हो गई। मिली जानकारी के मुताबिक बाराबंकी जनपद के थाना देवा क्षेत्र के मचौटी करौंदा निवासी 22 वर्षीय सुभाष कुमार पुत्र दयाराम पुलिस भर्ती की परीक्षा देने बाइक से गोण्डा जनपद शहीदे आजम सरदार भगत सिंह इंटर कालेज आ रहा था। जिस की शुक्रवार की भोर में गोण्डा-लखनऊ मार्ग के एससीपीएम चौकी के सामने एक डीसीएम से टक्कर हो गई। जिसे उपचार के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। मृतक युवक के पिता दयाराम ने बताया कि उस के दो पुत्र थे जिसमें सुभाष बड़ा था और छोटा पुत्र चन्द्रशेखर है जो पीसीएस की तैयारी इलाहाबाद में कर रहा है। मृतक सुभाष कुमार पिछले दो वर्षों से पुलिस भर्ती की परीक्षा की तैयारी कर रहा था। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार पाठक ने बताया कि दुर्घटना में युवक की मौत की सूचना मिली है, परिजनों को सूचित किया गया है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।



### फांसी का फंदा डालकर विवाहिता ने की अपनी जीवन लीला समाप्त

**पयागपुर, बहराइच समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र पयागपुर के ग्राम धौली में गुरुवार देर रात को एक विवाहिता ने कमरे के अंदर साड़ी से फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।घटना की सूचना मृतका रजनी देवी के पति सूर्य प्रकाश मिश्रा की तरफ से स्थानीय पुलिस पयागपुर को दिया ।सूचना पर मौके पर पहुंचकर पुलिस ने पंचायत नामा भर कर शव को पीएम के लिए बहराइच भेजा दिया है।प्रभारी निरीक्षक पयागपुर करुणाकर पांडेय ने बताया कि मृतका के शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है पीएम रिपोर्ट आने के बाद आत्महत्या का कारण स्पष्ट हो सकेगा। मृतका का मायका थाना क्षेत्र विशेश्वरगंज के ग्राम हरैया में। दो वर्ष पूर्व मृतका की शादी हुई थी। मृतका अपने पीछे एक एक आठ महीने का बच्चा बेसहारा छोड़ गई।

## खबरें एक नजर में

### निपुण विद्यालय बनाएं शिक्षक : दिनेश कुमार



- पयागपुर में जनपद के अकादमिक टीम की बैठक आयोजित

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान पयागपुर के बैठक सभागार में जनपद के अकादमिक टीम की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता डाइट पयागपुर के प्राचार्य दिनेश कुमार ने की। डायट प्राचार्य ने कहा कि अक्टूबर माह तक हर हाल में निपुण विद्यालय बनाने का निर्देश दिया बैठक को संबोधित करते हुए दिनेश कुमार ने कहा की सभी शिक्षक आज से ही जुट जाएं जिससे निश्चित समय के अंदर निपुण जिला घोषित किया जा सके। जिसमें सभी शिक्षकों के सहयोग की आवश्यकता है।समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए डायट प्राचार्य ने कहा कि निपुण विद्यालय बनाने के लिए समय के अंदर पाठय पुस्तक वितरण,गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, शत प्रतिशत सहयोगत्मक पर्यवेक्षण,निपुण लक्ष्य तथा दीक्षा एप का प्रयोग हए हाल मे किया जाय। समीक्षा बैठक का संचालन एसआरजी सुधीर मेहरोत्रा एवं मनोज दीक्षित ने किया।समीक्षा बैठक मे खंड शिक्षा अधिकारी अजीत सिंह, राधेश्याम वर्मा,डाली मिश्रा, अरुण कुमार, एआरपी राजेश कुमार मिश्रा,विजय आशीष, कल्पना, रंजना पीटर,प्रीति श्रीवास्तव, डाइट मेटर रमेश कुमार,ममता यादव, दशरथ यादव, इश्तियाक अहमद,गोविंद किशोर, कार्यालय लिपिक सलीम अहमद अंसारी संदीप लक्ष्मीकांत अरविन्द, बृजेन्द्र आदि लोग मौजूद रहे।

### जिला चिकित्सालय में सुनिश्चित की जाए पर्याप्त सुरक्षा : आयुक्त

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** आयुक्त देवीपाटन मंडल ने मण्डल के समस्त जनपद गोंडा बहराइच बलरामपुर व श्रावस्ती के जिलाधिकारियों को निर्देश दिए है कि जिला चिकित्सालय पर सतर्क दृष्टि रखते हुए आवश्यक पुलिस बल तैनात कर सुरक्षा व शांति व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। दरअसल उन्होंने मुख्य सचिव द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से दिए गए निर्देशों के क्रम में मंडल के सभी जिलाधिकारी को यह निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही उन्होंने आयोजित हो रही पुलिस परीक्षा को निर्विघ्न, शांतिपूर्ण व सकुशल संपन्न कराने के भी निर्देश दिए है।

# अज्ञात बदमाशों ने बीसी संचालक को किया लहूलुहान

- 3.15 लाख की लूट कर फरार हुए बदमाश

**जरवलरोड, बहराइच समृद्धि न्यूज।**

गुरुवार की रात असलहों से लैश अज्ञात बदमाशों ने घर जा रहे बीसी संचालक व एलआईसी एजेंट पर हमला कर सवा तीन लाख लूट लिया और बाइक से फरार हो गए। लूट का विरोध करने पर बदमाशो ने लोहे की रॉड व असलहे के बट से सिर पर वार करके बीसी संचालक को लहूलुहान कर दिया। यही नहीं बदमाशो ने असलहे से फायर का प्रयास किया लेकिन कारतूस बाहर गिर गई।

जरवल रोड थाना क्षेत्र अंतर्गत आदमपुर गांव निवासी रहमत अली पुत्र इब्राहिम झुकिया चौराहे पर पंजाब नेशनल बैंक की बीसी चलाते है और वह एलआईसी एजेंट भी है। गुरुवार की रात करीब आठ बजे बीसी बंद कर झुकिया चौराहे से घर जा रहा था। तभी झुकिया व आदमपुर ईदगाह के बीच असलहे से लैश बाइक सवार अज्ञात बदमाशों ने बीसी संचालक का पीछा कर हमला बोल दिया और बैग में रखा सवा तीन लाख कैश छीनने लगे। लूट का विरोध करने पर बदमाशो ने लोहे की रॉड व असलहे के बट से सिर पर वार करके बीसी संचालक लहूलुहान कर दिया। बैग बचाने के लिए बीसी संचालक ने कैश भरे बैग को बगल गन्ने के खेत में फेक दिया जिससे नाराज बदमाशो ने असलहे से फायर कर दिया लेकिन फायर मिस हो गया और कारतूस बाहर गिर गई। सूचना पर तत्काल जरवलरोड थाना प्रभारी बृजराज प्रसाद घाघरा घाट चौकी प्रभारी आदित्य कुमार पूरी फोर्स के साथ घटना स्थल पहुंचे और इलाके की घेराबंदी कर ली लेकिन बदमाश फरार हो गए।

थाना प्रभारी बृजराज प्रसाद ने बीसी संचालक रहमत अली को तत्काल अपने वाहन से निकटतम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुस्तफाबाद ले जाकर भर्ती कराया जहां उसका इलाज जारी है। जरवलरोड थाना प्रभारी बृजराज प्रसाद ने बताया कि बीसी संचालक के सिर पर गंभीर चोटे है। छानबीन की जा रही है। सीसीटीवी कैमरों में कुछ संदिग्ध दिखे है। जल्द ही घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।



**एसपी ने किया घटनास्थल का निरीक्षण**

पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला ने घटना स्थल का निरीक्षण किया।जिसके के बाद प्रभारी निरीक्षक से घटनास्थल की पूरी जानकारी ली। मौके पर बीसी संचालक से भी घटना की विस्तृत जानकारी ली। पीड़ित को जल्द खुलासे का आश्वासन दिया। एसपी ने एसओजी समेत अन्य टीमों को घटना के खुलासे के लिए लगाया गया।

## यात्रियों को लेकर जा रही बस पुल पर लटकी, 30 यात्रियों की सांस अटकी

- नदी में गिरने से बची बस, हादसा टला

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

नानपारा से सवारियों को लेकर राजी चौराहा जा रही डबल डेकर बस सरयू नदी के पुल पर लटक गई। इससे 30 यात्रियों की सांस अटकी रही। हालांकि बस पलटने से बच गई। जिसमें बड़ा हादसा होने से बच गया। जिले के नानपारा से गुरुवार को यात्रियों को लेकर बस राजीचौराहा के लिए रवाना हुई। बस खैरीघाट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रखौना के पास सरयू नहर पर बने पुल पर गई। इसी दौरान बस का चालक नियंत्रण खो बैठा। बस सरयू नदी पर बने पुल पर ही लटक गई। इससे बस में सवार 30 यात्रियों की सांस अटक गई। हालांकि किसी तरह बस के चालक और परिचालक ने सवारियों को बाहर निकाला। इसके बाद जेसीबी के द्वारा बस को निकालने का प्रयास हुआ। क्षेत्र निवासी उग्रेसन सिंह चौहान और मनोज बाजपेई ने बताया कि पुल की रेलिंग टूटी हुई है। जिसके चलते हादसा हुआ है। कई बार शिकायत के बाद भी अभी तक इसका निर्माण नहीं कराया गया है।



## मटका फोड़ने के दौरान, तीन घायल

- श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर कार्यक्रम में हुआ हादसा

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

शहर के धनकुट्टीपुरा मोहल्ले में गुरुवार रात को मटका फोड़ने के दौरान पिरामिड के आकार खड़े लोगों का बैलेंस बिगड़ गया और सभी भरभरा कर गिर गए। इस हादसे में तीन लोग घायल हो गए। सभी को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कोतवाली नगर इलाके के मोहल्ला धनकुट्टीपुरा में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर कार्यक्रम आयोजित हुआ था। कन्हैया अष्टमी को लेकर गुरुवार को मटका फोड़ने के दौरान अचानक बैलेंस बिगड़ने से कई लोग भर भर कर गिर गए। जिसमें मटके का टूटा हुआ हिस्सा सिर पर पड़ने से धनकुट्टीपुरा मोहल्ला निवासी 22 वर्षीय राजमल गंभीर रूप से घायल हो गया।राजमल के सिर पर मटका लगने के कारण राजमल का सिर व कान फट गया। हादसे में राजमल समेत तीन लोग घायल हुए हैं। सभी घायलों को इलाज के लिए बहराइच के मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। राजमल के सिर और कान में तकरीबन 13 टांके लगे हैं। बाकी घायलों को भी से चोटे आई हैं, हालांकि सभी की हालत खतरे से बाहर है।



# सिंभावली पावर प्रा.लि. ने आशाओं को वितरित किए 50 हिमोग्लोबिन मीटर

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

पयागपुर क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खुटेहना परिसर में शुक्रवार को आयोजित एक कार्यक्रम में सिंभावली पावर प्राइवेट लिमिटेड यूनिट चिलवरिया ने आशा स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को 50 हिमोग्लोबिन मीटर किट प्रदान किए। इस पहल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि नियमित टीकाकरण सत्रों के दौरान गर्भवती महिलाओं और किशोरी बालिकाओं में हीमोग्लोबिन की जांच आसानी से की जा सके, ताकि एनीमिया का शीघ्र पता चल सके और आवश्यक उपचार उपलब्ध कराया जा सके। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि और जिला पंचायत सदस्य पयागपुर, समय प्रसाद मिश्र ने हीमोग्लोबिन मीटर का वितरण किया। इस मौके पर सीएचसी पयागपुर के अधीक्षक, डॉ. थानेदार, ने कहा कि हमारा केंद्र एनीमिया मुक्त भारत के लक्ष्य की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। हीमोग्लोबिन की कमी, जिसे आमतौर पर एनीमिया कहा जाता है, विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं और किशोरियों के लिए गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं पैदा कर सकती है। इससे थकान, कमजोरी, और गंभीर मामलों में जटिलताएं हो सकती हैं। उन्होंने कहा राष्ट्रीय पारिवारिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण 2019-21 के अनुसार प्रदेश में 50त्न से अधिक महिलाएं एनीमिया से पीड़ित हैं, और हमारे जनपद में भी यह आंकड़ा 48.8 है जो चिंताजनक है। इस अवसर पर राजेश कुमार, जीएम सिंभावली ग्रुप, ने स्वास्थ्य केंद्र पर सिंभावली ग्रुप के सीएसआर फंड से कराए गए कार्यों पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पूर्व में क्षेत्र के आयुष्मान आरोग्य मंदिर अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खुटेहना व आयुष्मान आरोग्य मंदिर उप स्वास्थ्य केंद्र खुटेहना में कंपनी ने अपने सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत नया बोरवेल, पानी की टंकी की मरम्मत, स्वच्छ पेयजल के लिए इंडस्ट्रियल आरओ प्लांट और वाटर कूलर की स्थापना, सभी टायलेट का नवीनीकरण, और लेबर रूम की टाइल्स की रिपेयरिंग जैसे कार्य किए हैं। इसके अलावा, सेंटर के अंदर सीमेंटेड ईंट से रास्ते का निर्माण, पेंटिंग और रंगाई-पुताई, और बिजली के कार्य भी शामिल हैं।ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि समय प्रसाद मिश्र ने कहा कि सिंभावली ग्रुप द्वारा कराए गए कार्यों ने केंद्र की बुनियादी सुविधाओं को काफी हद तक बेहतर बनाया है और यहां आने वाले मरीजों और स्वास्थ्य कर्मियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान की हैं। उन्होंने संस्था के प्रयासों की सराहना की और आगे भी सहयोग की अपील की। कार्यक्रम में एनीमिया मुक्त भारत पर भी चर्चा की गई। संचालन अनुपम शुक्ला, ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक ने किया गया। इस अवसर पर डॉ. राजीव सिंह, प्रभारी चिकित्साधिकारी खुटेहना, शशि कपूर मिश्र, मानव संसाधन प्रमुख; रंजीत यादव, मन्नू तिवारी, पवन कुमार, स्वास्थ्य पर्यवेक्षक आशीष राय, सीएचओ शिवपूजन यादव, अंकित पाठक, एम.ए. अंसारी, रीता यादव, अंशू तिवारी, वंदना शर्मा, प्रतिभा देवी सहित दर्जनों आशाएं उपस्थित रहीं।




## सूरत से अपने घर वापस जा रहे बिहार के यात्री की ट्रेन में बिगड़ी हालत, मौत

**जरवलरोड, बहराइच समृद्धि न्यूज़।**

सूरत गुजरात से अपने घर ट्रेन से बिहार जा रहे 29 वर्षीय युवक की ट्रेन में हालत बिगड़ी गांव के साथी लोग घाघरा घाट स्टेशन पर उतार कर एम्बुलेंस के जरिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।

सूचना पर जरवलरोड पुलिस ने पहुंचकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए बहराइच भेज दिया। बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के मकदूमपुर निवासी 29 वर्षीय दिलीप चौहान पुत्र बुद्धू चौहान गुजरात में मजदूरी कर परिवार पालन पोषण कर रहा था। शुक्रवार को वह अवध एक्सप्रेस बांद्रा से कमाई कर सूरत से अपने घर चचेरे भाई करन, सुभाष व गांव के साथियों जयशंकर, बृजेश के साथ वापस अपने घर बिहार जा रहा था। ट्रेन में हालत बिगड़ने पर साथियों ने उसे जरवलरोड थाना क्षेत्र अंतर्गत घाघरा घाट रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से उतारा और एंबुलेंस के जरिए सामुदायिक स्वास्थ्य मुस्तफाबाद लेकर गये, जहां चिकित्सक ने मृत्यु घोषित कर दिया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम बहराइच के लिए भेज दिया है।



- गुजरात में मजदूरी कर परिवार का कर रहा था पालन पोषण

# नवागन्तुक एबीएसए ने कसे प्रधानाध्यापकों के नट बोल्ट

- 19 पैरा मीटर का काम पूरा न करने वाले प्रधानाध्यापक होंगे दंडित

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

शुक्रवार को ब्लाक संसाधन केंद्र तेजवापुर के ब्लाक सभागार में नवागन्तुक खण्ड शिक्षा अधिकारी तेजवापुर पुष्पेन्द्र कुमार जैन ने प्रधानाध्यापको प्रभारी प्रधानाध्यापको की एक दिवसीय बैठक का आयोजन कर विद्यालय में अवस्थित 19 पैरा मीटर की विधिवत समीक्षा की।कुछ विद्यालयों में 19 पैरा मीटर में जैसे इज्जतघर/शौचालय तक रनिंग वाटर की व्यवस्था प्रत्येक दशा में एक सप्ताह में सुचारू रूप से सही करवा लिया जाय।एक सप्ताह के बाद सघन निरीक्षण किया जाएगा,अपूर्ण पाए जाने पर प्रधानाध्यापक को दण्डित किया जाएगा।उपरोक्त बैठक को उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष आनंद कुमार पाठक और जिला मंत्री विजय कुमार उपाध्याय ने कुछ शिक्षक समस्याओं के प्रति बीईओ का ध्यान आकृष्ट कराया जिस पर त्वरित गति से शिक्षक समस्याओं का निदान किया जाएगा। अंत मे खण्ड शिक्षा अधिकारी श्री जैन ने बैठक में उपस्थित सभी जन समूह के मध्य यह बात कही की कोई भी शिक्षक अथवा शिक्षा विभाग का कर्मचारी हमसे बहुत ही आसानी के साथ वेझिझक मिल कर अपनी समस्या का समाधान करवा सकता है। बैठक में सन्दर्भदाता नंद कुमार शुक्ल, सगीर अहमद,अनूप मिश्रा, हलीम अहमद, ने भी अपने अपने विषय से संबंधित बातों को प्रधानाध्यापको के बीच मे रखा। इस अवसर पर अध्यक्ष तेजवापुर भुवनेश्वर पाठक, अनिल सिंह,जय सुख लाल मिश्र, राजेश पांडेय, चंद्र शेखर नागवंशी, प्रदीप त्रिवेदी, मृत्युंजय शुक्ल, प्रदीप वर्मा, प्रदीप अवस्थी, गुलफिशा मुख्तार, रेशमा बानो, मीडिया प्रभारी सुरेश कुमार यादव सहित सैकड़ों प्रधान शिक्षक उपस्थित रहे।



## पंचतत्व में विलीन हुआ बहराइच का लाल

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले के गुरुगुट्टा गांव निवासी अग्निवीर जवान पश्चिम बंगाल में ड्यूटी के दौरान शहीद हो गया। गुरुवार शाम को उसकी शव घर पहुंचा तो कोहराम मच गया। लगभग 20 हजार की भीड़ ने जवान को श्रद्धांजलि देते हुए दिलीप अमर रहे के नारे लगाए। कोतवाली नानपारा अंतर्गत गुरगुट्टा गांव निवासी दिलीप कुमार निषाद (23) सेना में अग्निवीर जवान था। पश्चिम बंगाल के पाना गढ़ में ड्यूटी के दौरान वह बुधवार को शहीद गया था। भाई विनोद कुमार के साथ पिता और चाचा शव लेकर गुरुवार शाम को पांच बजे गांव पहुंचे। अंतिम संस्कार से पहले जवान का पार्थिव शरीर को अंतिम सलामी देने के लिए रखा गया। सेना की टुकड़ी ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। जवान के शहीद होने की सूचना पर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री डॉक्टर संजय निषाद, विधायक राम निवास वर्मा, विधायक सरोज सोनकर, जिलाध्यक्ष बृजेश पांडेय समेत अन्य लोग पहुंचे। सभी ने शहीद जवान को श्रद्धांजलि दी। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि गांव में जवान के नाम शहीद स्मारक पार्क, लिंक रोड का निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा स्मृति द्वार भी बनवाया जायेगा। इसके अलावा सरकार की ओर से लाभ दिलाया जायेगा। इसके बाद रात आठ बजे अंतिम संस्कार कर दी गई। 20 हजार की भीड़ में जब तक सूरज चांद रहेगा, दिलीप का नाम रहेगा समेत अन्य गगनभेदी जयकारे लगते रहे।



# एनटीपीसी रेल हादसे की जांच के लिए पांच सदस्यीय टीम गठित

ऊंचाहार रायबरेली समृद्धि न्यूज़।

एनटीपीसी में हुए रेल हादसे की जांच के लिए टीम का गठन किया गया है। एनटीपीसी उत्तरी क्षेत्र के लखनऊ मुख्यालय के वरिष्ठ अभियंता के नेतृत्व में प्रबंधन ने पांच सदस्यीय टीम गठित की है। जांच टीम ने हादसे के समय मौजूद रहे लोगों व इससे जुड़े कर्मचारियों के बयान दर्ज कराए हैं, जिन्हें जल्द ही परियोजना के दिल्ली मुख्यालय भेजा जाएगा। सोमवार की रात एनटीपीसी में शंटिंग के दौरान दो रेल इंजन आमने सामने से टकरा गए थे। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों इंजन पटरी से उतर गए। साथ ही चार लोग घायल भी हो गए




▸ कर्मचारियों के दर्ज हुए बयान

थे, जिनका एनटीपीसी में उपचार कराया गया था, जिसके बाद लखनऊ रेलवे से आए दुर्घटना राहत यान समेत स्थानीय रेलवे की टीम ने करीब 36 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद दोनों इंजनों को वापस पटरी पर खड़ा किया। साथ ही खराब हुई रेलपटरियों की भी मरम्मत की।

जानकारी के मुताबिक, एनटीपीसी में कोयला लेकर आने वाली मालगाड़ियों को केवल एनटीपीसी बाउंड्री तक पहुंचाने की जिम्मेदारी भारतीय रेल की होती है। इसके बाद रेलवे का इंजन मालगाड़ी छोड़कर वापस हो जाता है, यहां से एनटीपीसी का निजी इंजन मालगाड़ी को अंदर ले जाता है और कोयले की अनलोडिंग कर गाड़ी को वापस बाउंड्री तक लाता है। इसके लिए एनटीपीसी के पास चार डीजल इंजन हैं, जिनके लिए रेलवे के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को संविदा पर रखा जाता है।

सूत्रों के मुताबिक, हादसे की जांच के लिए एनटीपीसी उत्तरी क्षेत्र से पांच सदस्यीय टीम बनाई गई है, जिसमें उत्तरी क्षेत्र मुख्यालय लखनऊ के वरिष्ठ अभियंता अनुज निगम, अतिरिक्त महाप्रबंधक आलेख सिन्हा, अतिरिक्त महाप्रबंधक सुरक्षा संतोष कुमार, अतिरिक्त महाप्रबंधक राख निस्तारण प्रीति सिन्हा व अतिरिक्त महाप्रबंधक सीएचपी अनुराग शामिल है। टीम ने दुर्घटना स्थल की जांच करने के साथ हादसे से जुड़े कर्मचारियों और जिम्मेदार लोगों के बयान दर्ज किए है।

यह टीम अपनी जांच रिपोर्ट एनटीपीसी के दिल्ली मुख्यालय भेजेगी। हालांकि दुर्घटना के दिन से ही एनटीपीसी प्रशासन मामले को दबाने का प्रयास करती रही।

## पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर सक्रिय दिखे डीएम-एसपी



रायबरेली समृद्धि न्यूज़। उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी परीक्षा सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल के साथ विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षा केन्द्रों के सीसीटीवी कैमरो, इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों व सुरक्षा व्यवस्था को देखा। जिलाधिकारी ने परीक्षा व्यवस्थापकों को निर्देश दिया कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न फैलने पाए। इस बात का ध्यान रखा जाए कि परीक्षा सकुशल और शांतिपूर्ण संपन्न हो। परीक्षार्थियों के लिए पेयजल की व्यवस्था रहे। इस दौरान विद्यालय के कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारी सम्मानित

रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।



जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार को डिजिटल क्राप सर्वे की बैठक की गई। बैठक में उप कृषि निदेशक विनोद कुमार ने बताया है कि किसानों की खरीफ फसलों की पड़ताल ई-खसरा के माध्यम से डिजिटल क्राप सर्वे के जरिये की जा रही है, जिसमें जनपद रायबरेली में कुल 1110186 गाटों के सापेक्ष लगभग 2 लाख गाटों का सर्वेक्षण पूरा हो गया है।

इस कार्य में कृषि विभाग के प्राविधिक सहायक ग्रुप-सी, ए0टी0एम0, बी0टी0एम0, राजस्व विभाग के लेखपाल तथा पंचायती राज विभाग के पंचायत सहायक सर्वे का कार्य कर रहे हैं। ई-खसरा पड़ताल का कार्य 20 अगस्त से 30 सितम्बर 2024 तक चलेगा। उन्होंने बताया कि 20 से 26 अगस्त 2024 के मध्य प्रथम सप्ताह में जनपद के कुछ कर्मचारियों ने बहुत अच्छा कार्य किया गया। ऐसे एक हजार से अधिक सर्वे करने वाले 8 कर्मचारियों यथा- विवेक कुमार कृषि विभाग तहसील महराजगंज 1464, राम बरन ए0टी0एम0 कृषि विभाग तहसील सदर 1354, बिन्दुसार सिंह लेखपाल राजस्व विभाग तहसील सदर 1331, राज कुमार मिश्रा बी0टी0एम0 कृषि विभाग तहसील सलोन 1317, अनिल कुमार कृषि विभाग तहसील सदर 1204, शैलेन्द्र प्रताप सिंह कृषि विभाग तहसील सदर 1155 एवं अभिषेक मौर्या कृषि विभाग तहसील सदर-1019 को जिलाधिकारी ने उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इसी प्रकार प्रदेश स्तर से भी रैंक जारी की जाती है जिसमें 20 सर्वेयर की सूची प्रतिदिन जारी होती है, जिसमें 27 अगस्त की जारी सूची में तहसील सदर के लेखपाल अमित सिंह को उक्त सूची में स्थान मिलने पर जिलाधिकारी द्वारा उन्हें भी सम्मानित किया गया।

## खबरें एक नजर में

### राधा कृष्ण का स्वरूप रखने वाले बच्चों को डॉ. एमडी पासी ने किया सम्मानित



महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज। स्वदेश सरस्वती शिशु मंदिर में छात्र-छात्राओं को भारतीय जनता पार्टी के प्रांतीय परिषद सदस्य एवं पूर्व प्रत्याशी विधानसभा बछरावां डॉ मातादीन पासी द्वारा कृष्ण जन्माष्टमी पर राधा कृष्ण के स्वरूपों को रखने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कृष्ण जन्मोत्सव कार्यक्रम में प्रस्तुत की गई झांकियां के प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया जिसमें अरसा और आरजू द्वारा गीत छोटी-छोटी मैया छोटे-छोटे ग्वाल राधा का स्वरूप अनन्या मिश्रा तन्वी नैना उर्वशी द्वारा रखा गया एवं श्री कृष्ण का स्वरूप आराध्या साहू हिमाद्रि सृष्टि द्वारा रखा गया। तथा उत्कृष्ट प्रतिभागियों के लिए अश्वनी उर्फ सार्थक एवं उत्कर्ष पांडे को डॉक्टर मातादीन डॉ मनोज कुमार सिंह इलेक्ट्रो होम्योपैथिक कविराज शिवकुमार सिंह शारदा शरण पांडे द्वारा छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया ।इस मौके पर प्रधानाचार्य संजय कुमार पाठक कुमार दिनेश अवस्थी अशोक यादव अध्यापिका ममता राम सरिता अनुराधा अभिभावक ब्रजलाल लोधी सामाजिक कार्यकर्ता विष्णु स्वरुप शर्मा सहित विद्यालय के छात्र-छात्राएं एवं स्टाफ मौजूद रहा।

### लखनऊ-यशवंतपुर सुपरफास्ट में उठी धुएं की धुंध, टला हादसा

बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज। लखनऊ से यशवंतपुर जा रही सुपरफास्ट ट्रेन के एस ई-1 कोच के पहिए के ब्रेक शू रगड़ने लगे, जिससे धुएं जैसा धुंध दिखने पर गार्ड ने आनन-फानन बछरावां स्टेशन पर ट्रेन रुकवाई। घटना की जानकारी होने पर ट्रेन में बैठे यात्रियों में अफरा तफरी मच गई। कुछ देर के लिए सभी यात्री उतर कर स्टेशन पर आ गए। स्थिति सामान्य होने पर यात्री बोगियों में वापस गए। ट्रेन के चालक द्वारा पहिए में पानी डालकर ब्रेक शू को बाहर किया। इस दौरान लगभग 25 मिनट तक ट्रेन बछरावां स्टेशन पर खड़ी रही। रायबरेली स्टेशन पहुंचने पर बैगन एवं कैरिज विभाग की टीम ने खराब ब्रेक शू को बदलकर ट्रेन को आगे की ओर रवाना किया। बछरावां स्टेशन के कार्यवाहक अधीक्षक अनूप कुमार ने बताया कि लखनऊ से यशवंतपुर सुपरफास्ट ट्रेन के पहिए में ब्रेक शू रगड़ करने से खराबी आई थी। यात्रियों को समझा बुझाकर शांत करवा दिया गया था। वैगन एवं कैरिज इंचार्ज अरविंद यादव ने बताया कि टीम लगाकर ट्रेन के ब्रेक शू बदलवा दिया गया है, और ट्रेन रवाना कर दी गई।


### समाचार पत्र वितरक की सड़क दुर्घटना में मौत

बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज। रसूलपुर गांव के रहने वाले सुनित कुमार पुत्र अगनु उम्र लगभग 50 वर्ष शुक्रवार सुबह लगभग चार बजे समाचार पत्र वितरण के लिए कस्बे के मुख्य चौराहे पर आ रहा था। तभी लखनऊ प्रयागराज हाईवे पर जीजीआईसी स्कूल के पास रोड पार करते समय अज्ञात डीसीएम ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। एंबुलेंस की सहायता से उसे इलाज के लिए सीएचसी लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए उसे ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया है। ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया है। वही मौके का फायदा उठाकर डीसीएम चालक मय वाहन फरार हो गया है। थानाध्यक्ष ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। तहरीर मिलने पर केस दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जाएगी।


### सर्पदंश से मासूम की मौत

बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज। दुर्गन टोला मोहल्ले की रहने वाली छह वर्षीय मासूम इकरा पुत्री मुख्तियार अहमद गुरुवार रात अपने बेड पर सो रही थी। तभी विषैले सर्प ने उसे डंस लिया। जिससे उसकी नींद खुल गई। उसने सर्पदंश की जानकारी पिता को दी। और बताया कि उसे चक्कर आ रहा है। यह देख परिजनों ने उसे इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत बिगड़ती देख उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। जहां पहुंचने से पहले ही रास्ते में उसने दम तोड़ दिया है।

### पांच वर्षों से लगातार हो रही चोरियों पर चौकी इंचार्ज रवि पवार ने लगाया विराम



महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज। पिछले 5 वर्षों से प्राथमिक विद्यालय चंदापुर चोरों के निशाने पर था और कोतवाली पुलिस की हीला हवाली के कारण घटनाओं का खुलासा नहीं हो रहा था वही चंदापुर चौकी इंचार्ज रवि पवार ने अबकी बार हुई चोरी को चुनौती के रूप में लिया और 2 दिन में ही चोरी का खुलासा कर सामान सहित चोरों को गिरफ्तार किया। प्रधानाध्यापक सुरेंद्र कुमार द्वारा थाना महराजगंज जनपद रायबरेली को लिखित तहरीर दी गई थी जिसमें बताया गया था कि 26. 8 .2024 की रात में प्राथमिक विद्यालय चंदापुर में घुसकर प्रधानाध्यापक कक्ष की दीवार तोड़कर काफी मात्रा में सामान चोरों द्वारा चुरा लिया गया वहीं चौकी क्षेत्र चंदापुर होने के कारण चौकी इउ रवि पवार ने अपनी कार्य क्षमता का परिचय देते हुए एशराज पुत्र रामप्यारे लव कुश पुत्र छेदीलाल निवासी ग्राम पुरे नया मंज़रे चंदापुर थाना महराजगंज को चोरी के समान सहित गिरफ्तार कर लिया। और लगातार विद्यालय को निशाना बनाने वाले चोरों को भी सबक मिल गया कि अगर कोई अधिकारी अपनी पर आ जाए तो घटना खोलने में उसको बहुत ज्यादा समय नहीं लगता।



### जान जोखिम में डालकर पुल पर से कूद रहे बच्चे

महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज। इस समय बारिश की वजह से नदी नाले उफान पर चल रहे हैं इसके बावजूद भी लोग जान जोखिम में डालकर नहाते हुए नजर आ रहे हैं ।और बचाव के कोई उपकरण भी नहीं रखते पहरावां गांव के पास एक नैय्या है जो इस समय पूरी तरह से ऊफान पर है वही अगल-बगल के गांव के बच्चे दिनभर नैय्या नाल में छलांग लगाते रहते हैं जिससे कभी भी कोई दुर्घटना घट सकती है। क्योंकि इससे पहले भी अनेकों व्यक्तियों की मौत नैय्या नाला में डूबने से हो चुकी है उसके बावजूद भी लोग सीख लेते नजर नहीं आ रहे हैं और अपनी जान जोखिम में डाल रहे हैं।

## रिटायर फौजी संभालेंगे सरकारी अस्पतालों की सुरक्षा व्यवस्था

रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में हुई डॉक्टर के साथ हुई घटना और आए दिन सरकारी अस्पतालों में हो रही अप्रिय घटनाओं को लेकर कड़ा कदम उठाया गया है।

अब सरकारी अस्पतालों की सुरक्षा में रिटायर फौजियों की ड्यूटी लगाए जाने की स्वास्थ्य विभाग में प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसके लिए बुधवार को सीएमओ और सैनिक कल्याण बोर्ड के एडीएम (ऑपरेशन) ने अनुबंध पत्र पर हस्ताक्षर किए। इसमें आगामी 15 सितंबर तक सीएमओ को 71 रिटायर जवाब मिलने की उम्मीद है। जिला अस्पताल और ग्रामीण क्षेत्रों के सामुदायिक स्वास्थ्य




केन्द्रों पर आए दिन अप्रिय घटनाएं हो रही हैं। सुरक्षा के बंदोबस्त न होने के कारण चिकित्सकों व अन्य स्टाफ स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में ट्रेनी महिला डॉक्टर की क्रूर हत्या के बाद कई दिनों तक देशभर में बवाल मचा रहा। इसमें अस्पतालों में डॉक्टरों व स्टाफ की सुरक्षा को देखते हुए रिटायर सैनिकों को सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी देने के आदेश दिए गए हैं। इसकी अनुमति मिलने के बाद बुधवार को सीएमओ डॉ वीरेन्द्र सिंह ने सैनिक कल्याण अधिकारियों के साथ बैठक करके आगे की रुपरेखा तैयार की गई है। सीएमओ डॉ वीरेन्द्र सिंह ने बताया कि कोलकाता की घटना को लेकर सरकारी अस्पतालों में सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए जाने की तैयारियां चल रही है। इसमें रिटायर फौजियों को अब सरकारी अस्पतालों की सुरक्षा व्यवस्था की बागडोर सौंपी जाएगी। इसके लिए जल्द ही सभी तैयारियां पूरी की जाएगी।

## चार सितम्बर को रोजगार मेला का आयोजन

रायबरेली, समृद्धि न्यूज। जिला सेवायोजन कार्यालय रायबरेली के तत्वाधान में 04 सितम्बर 2024 को रोजगार मेले का आयोजन बाबू भीष्म सिंह महाविद्यालय, गोझरी गुरुबक्शगंज रायबरेली में किया जाना प्रस्तावित है मेले में वर्धमान यार्न्स एण्ड थ्रेड्स लिमिटेड लुधियाना (पंजाब) द्वारा ट्रेनी ऑपरेटर पद के लिए हाईस्कूल, इण्टर योग्यता के अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने के लिए विभागीय पोर्टल https://rojgaarsangam. up.gov. in/ पर नियोजकों व अभ्यर्थियों द्वारा पंजीकरण करवाना अनिवार्य है पंजीकरण में किसी प्रकार की असुविधा होने पर जिला सेवायोजन कार्यालय, रायबरेली में संपर्क किया जा सकता है।

## जनपद में कोई भी गैर पंजीकृत नर्सिंग होम न हो संचालित : डीएम

▸ रात्रि में चिकित्सक एवं नर्सिंग स्टाफ की उपस्थिति सुनिश्चित किए जाने का डीएम ने दिया निर्देश



बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।

डीएम पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।

बैठक में डीएम में जनपद में संचालित स्वास्थ्य योजनाओं जननी सुरक्षा योजना, संस्थागत प्रसव, नियमित टीकाकरण, आयुष्मान भारत, स्टॉप डायरिया अभियान, क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम, 102 व 108 एम्बुलेंस की पहुंच की स्थिति, राष्ट्रीय अंधता नियंत्रण कार्यक्रम, वीएचएसएनडी सेशन आदि की गहनता से समीक्षा की गई। उन्होंने कहा जनपद में अवैध रूप से गैर पंजीकृत नर्सिंग होम किसी भी दशा में संचालित ना हो, यह पर प्रत्येक दशा में सभी प्रभारी चिकित्साधिकारी सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में बेहतर सुविधा उपलब्ध कराते हुए बेड ऑक्युपेंसी बढ़ाए जाने एवं रात्रि में स्वास्थ्य केंद्रों पर चिकित्सक एवं नर्सिंग स्टाफ उपस्थित रहे यह सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया।

राष्ट्रीय अंधता कार्यक्रम के अंतर्गत सभी विद्यालयों में रोस्टर वाइज छात्र -छात्रों का नेत्र परीक्षण किए जाने एवं नेत्र परीक्षण की रिपोर्ट पर आवश्यकता निशुल्क चश्मा उपलब्ध कराए जाने का निर्देश दिया।

इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी संजीव कुमार मौर्य, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सभी अपर सीएमओ, सीएमएस, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक जिला कार्यक्रम अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी / कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## कार ने बाइक को मारी टक्कर, युवक की मौत

बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज। लखनऊ प्रयागराज हाईवे पर शुक्रवार दोपहर बल्दीखेड़ा गांव के पास एक अज्ञात कार ने बाइक को टक्कर मार दी । हादसे में बाइक सवार अरुण कुमार पुत्र गुरुशरण उम्र लगभग 42 वर्ष निवासी पिंडोली मवैया गंभीर रूप से घायल होकर बेसुध हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची एनएचएआई की एंबुलेंस ने उसे इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया। जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया है। परिजनों ने बताया कि वह किसी काम से बछरावां आ रहे थे। इसी दरमियान अज्ञात कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी है। जिससे उनकी मौत हो गई है। वही कार सवार मय वाहन फरार हो गया है। थानाध्यक्ष ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। तहरीर मिलने पर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## मौजूदा सरकार से किसान हैं परेशान : किशोरी लाल शर्मा

अमावा रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

राजीव गांधी किसान युवा मंच का हुआ आयोजन मुख्य अतिथि के तौर पर पधारे अमेठी सांसद किशोरी लाल शर्मा कांग्रेस पार्टी द्वारा राजीव गांधी किसान युवा मंच का आयोजन अमावा ब्लाक के अमावा कस्बे के कोट में किया गया जहां मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे किशोरी लाल शर्मा ने मौजूदा भारतीय जनता पार्टी सरकार पर जमकर हमला बोला

उन्होंने कहा कि इस समय किसान महंगाई से परेशान है दलहनी फसलें नष्ट होती चली जा रही हैं तथा आवारा पशुओं से भी इस समय किसान बहुत परेशान है मौजूदा सरकार केवल उद्योगपतियों की सरकार बनकर रह गई है तथा किसानों की समस्या के बारे में



मौजूदा सरकार बिल्कुल ध्यान नहीं देती हमारे नेता राहुल गांधी किसानों की हर समस्या को उठाते रहते हैं ।और किसानों के सुख-दुख में शामिल होते रहते हैं। इस मौके पर किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष रमाकांत सिंह कांग्रेस प्रत्याशी ऊंचाहार अतुल सिंह किसान महासचिव रामकुमार सिंह जिला प्रभारी अजीत सिंह ब्लॉक अध्यक्ष अमावा अशरफ खान राजेंद्र सिंह प्रधान दुसौती सहित सैकड़ो की संख्या में कांग्रेसी मौजूद रहे।

## आर्य नगर के क्षतिग्रस्त मार्ग की मरम्मत कार्य में तत्परता

उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।

▸ आदर्श नगर पालिका परिषद उतरौला अध्यक्ष प्रतिनिधि अनूप गुप्ता ने की त्वरित कार्रवाई



आदर्श नगर पालिका परिषद उतरौला के वार्ड नं0-4, आर्य नगर में घोसियाना मोहल्ले के मुख्य मार्ग से काशी राम आवास कालोनी को जोड़ने वाला मार्ग, जो दिन-रात सैकड़ों लोगों और वाहनों का प्रमुख मार्ग है, हाल ही में बारिश के कारण बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था। इस मार्ग पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए थे, जिनमें कई लोग और वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो चुके थे। इसी क्रम में एक इ-रिक्शा चालक भी अपने वाहन और सामान समेत इस गड्ढे में गिर गया, जिससे क्षेत्रवासियों में चिंता बढ़ गई थी।

इत्तफाक से, घटना के समय स्थानीय निवासी महेंद्र प्रताप सिंह वहां से गुजर रहे थे और उन्होंने इस दुर्घटना की तस्वीरें आदर्श नगर पालिका परिषद उतरौला चेयरमैन प्रतिनिधि अनूप गुप्ता को भेज दीं। यह सूचना मिलते ही आदर्श नगर पालिका परिषद उतरौला के चेयरमैन प्रतिनिधि अनूप गुप्ता ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अपने कर्मचारियों को तुरंत गड्ढे भरने के निर्देश दिए। हालाँकि, इस समस्या की जानकारी उन्हें पहले ही दी जा चुकी थी और मलबा डालने की योजना थी, लेकिन मलबे के इंतजार के बजाय, उन्होंने तुरंत खड़ंजा (ईंट) डलवाने का निर्णय लिया। उनकी इस त्वरित और प्रभावी कार्रवाई से मोहल्ले के वासी

इस मार्ग के लिए नाली निकासी निर्माण का कार्य भी जल्द ही प्रारंभ होने वाला है, क्योंकि इस पर टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आदर्श नगर पालिका परिषद उतरौला अध्यक्ष प्रतिनिधि की तत्परता और संवेदनशीलता के चलते इस समस्या से शीघ्र ही मुक्ति मिल जाएगी।

मोहल्ले के निवासियों नवीन कुमार श्रीवास्तव, अमित गुप्ता, अरविंद कसौधन, राधेश्याम, कल्पनाथ कन्नौजिया, संतोष, गुड्डू गुप्ता आदि ने अनूप गुप्ता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी तत्पर कार्रवाई से न केवल मार्ग सुरक्षित हो गया है, बल्कि आने-जाने में होने वाली असुविधा से भी छुटकारा मिला है। इस प्रकार की सकारात्मक प्रतिक्रिया और त्वरित समस्या समाधान ने आदर्श नगर पालिका परिषद उतरौला चेयरमैन प्रतिनिधि अनूप गुप्ता की छवि को और भी मजबूत किया है, और क्षेत्र में उनकी प्रशंसा की जा रही है।

आर्य नगर के इस महत्वपूर्ण मार्ग की मरम्मत ने यह साबित कर दिया है कि जब जनता के प्रतिनिधि संवेदनशील और तत्पर होते हैं, तो समस्याओं का समाधान शीघ्र ही किया जा सकता है। आदर्श नगर पालिका परिषद उतरौला चेयरमैन प्रतिनिधि अनूप गुप्ता की इस त्वरित कार्रवाई से नगरवासियों में विश्वास और सहयोग की भावना और मजबूत हुई है।

## मंकी पॉक्स बीमारी को लेकर सीएचसी अधीक्षकों को सतर्क रहने के निर्देश



बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।

विदेश में तेजी से फैल रहे मंकी पॉक्स बीमारी को लेकर जनपद बलरामपुर में स्वास्थ्य विभाग सतर्क हो गया है। विभाग ने एडवाइजरी जारी कर जिले के सीएचसी-पीएचसी प्रभारियों को02 बेड का वार्ड आरक्षित कर अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं।

**विदेश से आने वालों पर नजर**

आशा कार्यकर्ताओं को क्षेत्र में विदेश से आने वालों के साथ ही किसी में इसके लक्षण दिखने पर तत्काल सूचना देने के लिए कहा गया है। हालांकि मंकी पॉक्स का अभी कोई मामला सामने नहीं आया है। शासन से मिले निर्देश के बाद स्वास्थ्य विभाग व्यवस्था बना रहा है। एहतियातन जिला संयुक्त चिकित्सालय में एक मंकी पॉक्स हेतु 10 बेड का पृथक से वार्ड बनाने का निर्देश दिया गया है। वार्ड में खिड़कियों पर जाली तथा बेड पर मच्छरदानी लगाने हेतु निर्देश दिया गया है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने बताया कि यदि किसी व्यक्ति को शरीर पर दाग, जलन और बुखार आने पर तुरंत चिकित्सक से सलाह लेने को कहा है।

### मंकी पॉक्स का लक्षण

सीएमओ ने बताया कि मंकी पॉक्स का लक्षण बुखार, ठंड लगना, त्वचा पर लाल चकत्ते, तेज सिर व पीठ में दर्द, मांसपेसियों में दर्द, लसीका ग्रंथि में सूजन आदि है।मंकी पॉक्स जानवरों के काटने और खरोंच से , जंगली जानवर का मांस खाने से, जानवरों के शारीरिक द्रव्यों या घाव के पदार्थ के संपर्क में आने से फैलता है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि मंकी पॉक्स के प्रसार को रोकने हेतु संक्रमित व्यक्ति के संपर्क न करें , मरीज के बिस्तर पर न बैठे। मंकी पॉक्स से जुड़ा कोई मामला जनपद बलरामपुर में नहीं है।सीएमओ ने बताया कि डब्ल्यूएचओ की गाइडलाइन के अनुसार सतर्कता बरती जा रही है। मंकी पॉक्स को लेकर जनपदवासी अपने

### आसपास रखें साफ- सफाई

संक्रमित व्यक्ति के कपड़ों को छूने से बचें।उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह अलर्ट है। एहतियाती कदम उठाएं जा रहे हैं। सभी सीएचसी व पीएचसी अधीक्षकों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं।

## रोजगार प्रशिक्षण प्राप्त कर 90 महिलाएं बनेगी आत्मनिर्भर

बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।



तहसील तुलसीपुर अंतर्गत बलरामपुर चौराहे के निकट ग्राम रमवापुर में हुनर फैशन डिजाइनिंग व ट्रेनिंग सेंटर का शुभारंभ इंजीनियर मोहम्मद अयूब व ग्राम प्रधान डॉक्टर मोहम्मद उमर खान तथा समाज सेविका प्रवीन हुसैन ने किया।

इंजीनियर मोहम्मद अयूब ने बताया कि ग्राम प्रधान डॉक्टर उमर खान के सहयोग से आज रमवापुर में सिलाई व कढ़ाई निःशुल्क ट्रेनिंग सेंटर की शुरुआत हुई है। यह ट्रेनिंग सेंटर गांव के गरीब व कमजोर परिवारों के लिए है। जब 6 माह का प्रशिक्षण प्राप्त कर गांव की 90 महिलाएं व बेटियां अपने मायके व ससुराल के 90 परिवारों की सेवा कर भरण पोषण करेंगी। जिसके लिए गांव की पूनम और रश्मि दो बहूओं ने निःशुल्क प्रशिक्षण देने की जिम्मेदारी ली है। ट्रेनिंग सेंटर में मोहम्मद अयूब ने स्वयं एवं समाज से सहयोग लेकर केंद्र में सिलाई मशीन व अन्य मशीनों की पर्याप्त व्यवस्था के साथ अपने निजी आवास को इस कार्य में लगाया है। प्रशिक्षण प्राप्त कर रही नाज़मा, अलफिया, मुस्कान, मोहिनी गौतम, ज्योति निषाद, जागृत कश्यप, रेनू, अंजू, ताहिरा सहित दर्जनों महिलाओं व बच्चियों ने कहा कि हमारा गांव व क्षेत्र बहुत ही पिछड़ा हुआ है। प्रशिक्षण प्राप्त कर हम अपने घर की आर्थिक स्थिति को सही कर परिवार को आर्थिक रूप से सशक्त बनाएंगे। इंजीनियर अयूब के किए गए प्रयासों की सराहना क्षेत्र में हो रही है।

## ब्लड कम्पोनेंट सेपरेशन यूनिट का शुआरम्भ

बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।



जिला मुख्यालय स्थित संयुक्त चिकित्सालय के ब्लड बैंक में आज ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन यूनिट का शुभारंभ विधायक सदर पलटू राम, विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ला, जिलाधिकारी पवन अग्रवाल, मुख्य चिकित्साधिकारी मुकेश रस्तोगी एवं जनपद के ब्लडमैन आलोक अग्रवाल के द्वारा किया गया। साथ ही यूथ हॉस्टल्स की इकाई तुलसीपुर एवं निफा इकाई बलरामपुर द्वारा संयुक्त रूप से एक रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया गया।

उद्घाटन के अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि इस यूनिट के प्रारंभ हो जाने से अब मरीज़ों के उपचार में रक्त को अलग अलग करके उसके कंपोनेंट को दिया जा सकेगा और इनको ज्यादा समय तक सुरक्षित रखा जा सकेगा। साथ ही लोगों को बाहर से लाने के लिए जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। ब्लडमैन आलोक अग्रवाल ने कहा कि बहुत लंबे समय से इस यूनिट को स्थापित करने की मांग लगातार उनके व अन्य रक्तदानियों के द्वारा की जा रही थी, जो अथक प्रयासों के बाद आज पूर्ण हो सकी। ब्लड बैंक की डॉ आकांक्षा शुक्ला ने बताया कि इस यूनिट के प्रारंभ होने से अब रक्त के अवयवों को अलग अलग करके मरीज़ की जरूरत के अनुसार उन्हें उपलब्ध कराया जा सकेगा और इससे अब ज्यादा मरीज़ों को इसकी उपलब्धता आसानी से कराई जा सकेगी। इस अवसर पर रक्तदान शिविर में प्रातः से 8 यूनिट रक्तदान हो गया था जो सायं 5 बजे तक चलना है। रक्तदान करने वालों में ACMO डॉ अजय कुमार शुक्ला, कुमार पीयूष (17वाँ रक्तदान), प्रतीक अग्रवाल सहित अन्य रक्तदानी शामिल रहे। सभी को विधायक एवं जिलाधिकारी द्वारा प्रमाणपत्र एवं पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर निफा के बलरामपुर जिलाध्यक्ष पंकज उपाध्याय, ब्लड बैंक के सी पी श्रीवास्तव, अशोक पांडेय, अंजली सिंह, सोनम तिवारी, हिमांशु तिवारी सहित समस्त स्टाफ़, तमाम रक्तदानी व मीडिया के पत्रकार बन्धुओं सहित आम जनमानस की उपस्थिति रही।

# अब असंगठित क्षेत्र के मुलाजिमों को भी मिले पेंशन व सामाजिक सुरक्षा

**आर.के. सिन्हा**

सरकार ने हाल ही में एकीकृत पेंशन योजना यानी यूनीफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) को लागू करने की अंततः घोषणा कर दी। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उस अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है, जो देशभर में सेवानिवृत्त सरकारी कर्मियों के हितों की रक्षा करती है। नई पेंशन योजना 1 अप्रैल 2025 से लागू होगी। इससे कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के बाद निश्चित पेंशन मिलेगी। इसकी रकम सेवानिवृत्ति से पहले के 12 महीने के औसत मूल वेतन का 50 फीसदी होगी। 25 वर्ष तक की सेवा पर ही यह रकम मिल सकेगी। 25 वर्ष से कम और 10 साल से ज्यादा की सेवा पर उसके अनुपात में भी पेंशन मिलेगी। किसी भी कर्मचारी के निधन से पहले पेंशन की कुल रकम का 60 फीसदी हिस्सा परिवार को मिलेगा।

दरअसल नई पेंशन योजना लागू होने से सरकारी बाबुओं को बहुत बड़ी दीर्घकालिक आर्थिक स्थिरता मिलेगी। केंद्र सरकार के कर्मचारियों की नई पेंशन योजना (एनपीएस) में सुधार की लंबे समय से मांग की जा रही थी। प्रधानमंत्री मोदी ने अप्रैल 2023 में टीवी सोमनाथन के नेतृत्व में इस पर एक समिति का गठन भी किया था। जेसीएम (संयुक्त सलाहकार तंत्र) सहित व्यापक परामर्श और चर्चा के बाद समिति ने एकीकृत पेंशन योजना की सिफारिश की थी। भारत में, वृद्धावस्था में वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पेंशन सबसे महत्वपूर्ण साधन है। यह न केवल कर्मचारियों को काम करने के बाद जीवन स्तर बनाए रखने में मदद करता है, बल्कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों को बाकी जीवन परिवार और समाज, यहाँ तक कि अपने बच्चों की नजरों में सम्मानपूर्वक बिताने का जरिया देता है। जब कर्मचारी सेवानिवृत्त होते हैं तो उनकी आमदनी का स्रोत अचानक खत्म हो जाता है। पेंशन, भले ही सेवा के दौरान प्राप्त होने वाली आय से आधी हो, एक नियमित आय तो प्रदान करता ही है, जो उन्हें आवश्यक खर्च जैसे भोजन, स्वास्थ्य सेवा और आवास के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराता है। इससे वित्तीय अनिश्चितता के खतरे को बहुत हद तक कम किया जा सकता है। अटल बिहारी वाजपेयी सरकार ने 2004 में राष्ट्रीय पेंशन योजना (एनपीएस) शुरू की थी। उसमें कर्मचारियों और सरकार दोनों ने कर्मचारी के मूल वेतन और महंगाई भत्ते (डीए) का 10 प्रतिशत योगदान सेवानिवृत्ति निधि में दान किया। इस फंड को बाजार-जुड़े साधनों के मिश्रण में निवेश किया गया था और रिटर्न में प्राप्त आय से पेंशन राशि का निर्धारण किया।

# राज्यपाल न बनें सत्तारुढ़ पार्टी के एजेंट



**विपक्ष का आरोप है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासन में सभी लोकतांत्रिक संस्थाओं का पतन हो गया है, जिसमें राज्यों के राज्यपाल और केंद्र शासित प्रदेशों के उपराज्यपाल भी शामिल हैं। उपराज्यपाल वीके सक्सेना द्वारा इस्तेमाल किया गया लोकतांत्रिक सम्बंध टूट गया वाक्यांश सिर्फ इस बात की याद दिलाता है कि कैसे सवैधानिक रूप से प्रदान किया गया संघीय ढांचा टूट गया है न केवल दिल्ली में बल्कि मोदी शासन के पिछले 10 वर्षों में सभी विपक्षी शासित राज्यों में। चूंकि राज्यपाल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के राजनीतिक एजेंट के रूप में काम कर रहे हैं, जबकि उन्हें राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सवैधानिक प्रमुख के रूप में व्यवहार करना चाहिए था, इसलिए उपराज्यपाल वीके सक्सेना जिस आत्मनिरीक्षण और सुधार की बात करते हैं, वह सिर्फविपक्षी राजनीतिक दलों और उनकी चुनी हुई सरकारों तक ही सीमित नहीं है।**

**डॉ. ज्ञान पाठक**

दिल्ली के मुख्यमंत्री और उपराज्यपाल के बीच लोकतांत्रिक तालमेल पिछले दस वर्षों में टूट गया है, उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने 28 अगस्त को इंडियन एक्सप्रेस में प्रकाशित अपने विचार लेख में स्वीकार किया है। वास्तव में दिल्ली ही नहीं, यह उन सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मौजूद तथ्य की अभिव्यक्ति मात्र है, जहां विपक्षी राजनीतिक दल या गठबंधन शासन करते हैं, और जहां राज्यपालों या उपराज्यपालों एवं मुख्यमंत्रियों के बीच सम्बंध भारत के संविधान की परिकल्पना के अनुरूप लोकतांत्रिक नहीं रह गये हैं। उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने लिखा, कहीं न कहीं, यह लोकतांत्रिक सम्बंध टूट गया है। आज, निर्वाचित सरकार हर दूसरी प्रशासनिक एजेंसी के प्रति सकारात्मक रूप से शत्रुतापूर्ण है। उन्होंने अपनी ही सरकार के बारे में आगे कहा, मुख्यमंत्री न्यायिक हिरासत में हैं। नागरिक बंधक हैं। शासन व्यवस्था में गिरावट आ रही है, क्योंकि मंत्री प्रेस कॉन्फ्रेंस में व्यस्त हैं, जबकि असली आम आदमी (शाब्दिक रूप से आम लोग, लेकिन आम आदमी पार्टी के संदर्भ में इस्तेमाल किया गया है, जो निर्वाचित सरकार का नेतृत्व करते हैं)गुमसुम होकर दुख पा रहे हैं। आत्मनिरीक्षण और सुधार का सही समय आ गया है। यह वास्तव में आत्मनिरीक्षण और सुधार का सही समय है, जो पिछले 10 वर्षों में विकसित हुआ है, जिसके लिए एलजी वीके सक्सेना दिल्ली की निर्वाचित सरकार को दोषी ठहराते हैं। यह आरोप केवल आंशिक रूप से ही सही हो सकता है, क्योंकि वह स्वयं संशोधित एनसीटी दिल्ली अधिनियम 2021 के तहत दिल्ली के प्रशासक हैं, जिनके पास पूर्ण शक्ति है, और दिल्ली में सरकार का मतलब एलजी है, निर्वाचित मुख्यमंत्री नहीं। उनके पास अधिकारियों पर वास्तविक शक्ति है, और यदि उनके अधिकारी ठीक से काम नहीं करते हैं, तो उन्हें पूरी तरह से निर्वाचित सरकार पर दोष मढ़ने के बजाय शालीनता से दोष अपने ऊपर भी लेना चाहिए। जब एलजी वीके सक्सेना कहते हैं कि आत्मनिरीक्षण और सुधार के लिए यह सही समय है तो इसका मतलब यह है कि वे खुद को और केंद्र में बैठे उन लोगों को छोड़कर बोल रहे हैं, जिन्होंने उन्हें उपराज्यपाल के पद पर नियुक्त करके दिल्ली का प्रशासक बनाया है।

वे 10 साल पहले की अवधि के बारे में बात करते हैं और आम आदमी पार्टी (आप) के शासन को दिल्ली में गिरावट का कारण बताते हैं। किसी को अब अटकल लगाने की जरूरत नहीं क्योंकि उनका यह कथन स्पष्ट रूप से राजनीतिक है। लेफ्टिनेंट गवर्नर ने खुद को संवैधानिक प्रमुख से घटाकर पीएम नरेंद्र मोदी और भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र की सत्ताधारी सरकार का एजेंट बना लिया है, जो पिछले 10 सालों से देश पर शासन कर रही है। यह ठीक वही अवधि है, जिसके दौरान दिल्ली में गिरावट आई, जिसे उन्होंने लोकतांत्रिक सम्बंध के टूटनेश् के रूप में संक्षेप में प्रस्तुत किया है, परन्तु आम आदमी पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार पर दोष मढ़ते हुए। एलजी ने लोकतांत्रिक सम्बंध के टूटने के लिए विपक्ष को जिम्मेदार ठहराया है, जो विपक्षी राजनीतिक दलों के आरोपों के बिल्कुल विपरीत है। विपक्ष का आरोप है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासन में सभी लोकतांत्रिक संस्थाओं का पतन हो गया है, जिसमें राज्यों के राज्यपाल और केंद्र शासित प्रदेशों के उपराज्यपाल भी शामिल हैं। उपराज्यपाल वीके सक्सेना द्वारा इस्तेमाल किया गया लोकतांत्रिक सम्बंध टूट गया वाक्यांश सिर्फइस बात की याद दिलाता है कि कैसे संवैधानिक रूप से प्रदान किया गया संघीय ढांचा टूट गया है न केवल दिल्ली में बल्कि मोदी शासन के पिछले 10 वर्षों में सभी विपक्षी शासित राज्यों में। चूंकि राज्यपाल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के राजनीतिक एजेंट के रूप में काम कर रहे हैं, जबकि उन्हें राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के संवैधानिक प्रमुख के रूप में व्यवहार करना चाहिए था, इसलिए उपराज्यपाल वीके सक्सेना जिस आत्मनिरीक्षण और सुधार की बात करते हैं, वह सिर्फ विपक्षी राजनीतिक दलों और उनकी चुनी हुई सरकारों तक ही सीमित नहीं है। सभी उपराज्यपालों, राज्यपालों और केंद्र में सत्तारूढ़ प्रतिष्ठान को आत्मनिरीक्षण करना चाहिए और खुद को सुधारना चाहिए। उपराज्यपाल द्वारा संवैधानिक पद के पीछे से भाजपा की ओर से राजनीति करना, खासकर ऐसे समय में जब दिल्ली में जल्द ही चुनाव होने वाले हैं, एक चिंताजनक घटनाक्रम है। 27 अगस्त को भी पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने भाजपा की ओर से राजनीति की। गौरतलब है कि कोलकाता में डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या के मुद्दे पर भाजपा मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनकी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के खिलाफ आंदोलन चला रही है। राज्यपाल बोस ने कहा कि राज्य सरकार शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों को दबा नहीं सकती। प्रदर्शनकारियों पर कार्रवाई के बारे में बोस ने कहा, श्यह जानलेवा खेल बंद करो। उन्होंने यहां तक कहा कि प्रदर्शनकारियों पर पुलिस की कार्रवाई ने श्राष्ट्रीय ध्वज, राष्ट्रीय भावनाओं और राष्ट्र का अपमान किया है, और कहा, श्कोलकाता की सड़कों पर हमने जो देखा वह सबसे खराब स्थिति थी, जिसकी लोकतांत्रिक रूप से चुनी हुई सरकार से उम्मीद नहीं थी। इससे पश्चिम बंगाल में भाजपा की ओर से राजनीति की बू आती है। वैसे राज्य में राज्यपाल और राज्य में निर्वाचित टीएमसी सरकार के बीच लंबे समय से खींचतान चल रही है। यह एक सर्वविदित तथ्य है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विपक्ष शासित राज्यों में शत्रुतापूर्ण राज्यपालों का उपयोग करने की रणनीति पर काम कर रहे हैं। सभी विपक्ष शासित राज्यों ने पहले ही अपने राज्यपालों के उनके प्रति शत्रुतापूर्ण और बाधा डालने वाले व्यवहार के बारे में शिकायत की है। दिल्ली, तमिलनाडु और केरल के मामले में तो मामला भारत के सर्वोच्च न्यायालय तक भी गया, जिसने राज्यपालों के खिलाफ बहुत प्रतिकूल टिप्पणी की। पिछले साल नवंबर में, भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने तमिलनाडु के राज्यपाल द्वारा चुनी हुई सरकार के समक्ष बाधा डालने वाले व्यवहार का उल्लेख किया था, तथा इसे गंभीर चिंता का विषयश् कहा था। तमिलनाडु सरकार ने शिकायत की थी कि राज्यपाल राज्य विधानसभा द्वारा पारित 12 विधेयकों पर बैठे हैं, जिनमें से कुछ 2020 के हैं। पिछले साल तेलंगाना, पंजाब और केरल ने भी सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था और आरोप लगाया था कि राज्यपाल विधायी और कार्यपालिका के कार्यों में बाधा डाल रहे हैं। पिछले साल अक्टूबर में ही सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल के राज्यपाल को राज्य विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की नियुक्ति करने से रोक दिया था।

## विचार

# आंध्र का संदेश- वेदपाठियों का भी सम्मान जरूरी

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**



**ऐसे में यदि अपने देवता (ईश्वर) के सामने कुछ समर्पित करना ही है तो वह देह का ही भाग हो सकता है, क्योंकि मनुष्य अपनी देह से ही सबसे अधिक प्रेम करता है, इसलिए इस मान्यता के आधार पर समर्पण कर देने का प्रण भारत के मंदिरों में प्राय- मुंडन संस्कार के प्रचलन के रूप में देखने को मिलता है। यहां मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू के इस निर्णय से मंदिरों में नाई कर्म में लगे हुए तमाम लोगों के परिवारों को यह आश्वासन दे दिया है।**

देशभर में वर्ष 2024 में लोकसभा चुनाव के समय से पक्ष और विपक्ष सर्वत्र संविधान की रक्षा की बात बहुत हो रही है। सबसे ज्यादा जोर धर्म निरपेक्षता या पंथ निरपेक्षता पर है। लेकिन क्या सभी सरकारें संविधान में इस महत्वपूर्ण शब्द पंथनिरपेक्षता का वास्तव में आदर करती हैं या उनके लिए वोटबैंक की राजनीति में तुष्टिकरण ही महत्वपूर्ण है? वास्तव में यह सभी सरकारों के लिए सोचनीय विषय हो सकता है। किंतु हाल ही में आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा लिया गया निर्णय राजनीति में कार्य करने वाले सत्तासीन सभी लोगों को यह सोचने पर जरूर विवश कर रहा है कि क्या वे भारत के बहुसंख्यक हिंदू समाज की भावनाओं का हृदय से सम्मान करते हैं, जिनके वोट बैंक के आधार पर ही वे सत्ता का सुख भोगते हैं।


निश्चित ही इस संदर्भ में मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू का यह निर्णय आज सर्वत्र चर्चा का विषय बन गया है,? जिसमें कि उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि बहुसंख्यक हिन्दू समाज का सम्मान आवश्यक है। इसलिए राज्य के मंदिरों में केवल हिंदुओं को ही काम पर रखा जाएगा, क्योंकि यह देवता के प्रति भक्त के समर्पण का विषय है। हृदय की गहराईयों में समाहित उस श्रद्धा एवं पवित्रता से जुड़ा विषय है, जिसमें कि एक भक्त अपने भगवान को अपना सर्वस्व यथायोग्य स्थिति में समर्पण करने के लिए तैयार है। निश्चित ही इस पूरी प्रक्रिया में पवित्रता का महत्व है और उस पवित्रता को प्राय वही पहले अनुभव करेगा जो बचपन से ही उसमें रसा-बसा होगा। इसलिए उनका ये लिया गया निर्णय आज सर्वत्र सराहा जा रहा है। इसके साथ ही नई नीति के अंतर्गत, मंदिर के पुजारियों, जिन्हें अर्चक के नाम से भी जाना जाता है, उनका मासिक वेतन 15,000 रुपये किया गया है। वहीं, मंदिरों में काम करने वाले नाई कर्म करने वालों का भी न्यूनतम वेतन 25,000 रुपये मासिक हो गया हैवस्तुत जैसा कि हम सभी जानते हैं कि भारत के मंदिरों में मुंडन करवाने का विशेष महत्व है। ये महत्व इस भावना पर आधारित है कि सिर के बाल यानी जो प्रत्येक मनुष्य के शरीर के लिए सबसे अधिक सौंदर्य के प्रतीकों में से एक हैं, उसका अपने देवता के सामने पूर्णत- समर्पण कर देना चाहिए, क्योंकि बाल जन्म से शरीर के साथ ही आते हैं, जबकि अन्य पदार्थ प्रकृति से बाद में प्राप्त होते हैं। ऐसे में यदि अपने देवता (ईश्वर) के सामने कुछ समर्पित करना ही है तो वह देह का ही भाग हो सकता है, क्योंकि मनुष्य अपनी देह से ही सबसे अधिक प्रेम करता है, इसलिए इस मान्यता के आधार पर समर्पण कर देने का प्रण भारत के मंदिरों में प्राय- मुंडन संस्कार के प्रचलन के रूप में देखने को मिलता है। यहां मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू के इस निर्णय से मंदिरों में नाई कर्म में लगे हुए तमाम लोगों के परिवारों को यह आश्वासन दे दिया है कि अब कम से कम आर्थिक तंगी का सामना उन्हें नहीं करना होगा। उनका यह निर्णय भी हृदय को छू गया, जब तय किया गया कि विश्व की सबसे प्राचीनतम वेद विद्या की पढ़ाई करने वाले बेरोजगार युवाओं को 3,000 रुपये मासिक भत्ता दिया जाएगा। कहना होगा कि वेद की विद्या दुनिया भर के लिए भारत की धरोहर है। वेद के जितने मंत्र हैं और जितनी उसकी शाखाएं शेष हैं, उन सभी को इस निर्णय से बल मिलेगा। पतंजलि ने ऋग्वेद की 21, यजुर्वेद की 100, सामवेद की 1000 तथा अथर्ववेद की 9 शाखाएँ बताई हैं, किंतु वर्तमान में अधिकांश अप्राप्य है। इस संदर्भ में प्राप्त सभी शोध निष्कर्षों से सामने आया है कि प्राचीन समय में वेदों की 1131 शाखाएं थीं, किंतु विधर्मियों के हुए लगातार के आक्रमण के फलस्वरूप अपने असतित्व को बचाए रखने की हिन्दू सनातन चुनौती के बीच अब वेदों की केवल 12 शाखाएं ही शेष है, जिसमें ऋग्वेद की 2, यजुर्वेद की 6, सामवेद की 2 और अथर्ववेद की 2 शाखाएं हैं। राज्य सरकार धूप दीप नैवेद्यम योजना के माध्यम से छोटे मंदिरों के लिए वित्तीय सहायता भी बढ़ाने का निर्णय लिया है। यह सहायता राशि 5,000 रुपये से बढ़ाकर 10,000 रुपये प्रति माह कर दी गई है। इसके अलावा, 20 करोड़ रुपये से अधिक राजस्व वाले मंदिरों के लिए मंदिर ट्रस्ट बोर्ड में दो अतिरिक्त बोर्ड सदस्य जोड़े जा रहे हैं, सबसे अच्छी बात यह है कि इन नए पदों में एक ब्राह्मण और एक नाई को शामिल किया गया है। इतना ही नहीं नायडू ने इस बात पर जोर दिया कि हिंदू मंदिरों में गैर-हिंदुओं को कोई रोजगार नहीं दिया जाना चाहिए। इसके भी मायने को हमें समझना होगा। जो लोग थूक लगा कर दूसरों को चीजें परोसते हैं या अपनी मान्यता के अनुसार ईश्वर को वाईन का जो लोग भोग लगाते हैं, उन पर मंदिर के संदर्भ में विश्वास करना नहीं चाहिए। इसकी कोई गारंटी नहीं कि जिसका भाव ही देवता के प्रति समर्पण का नहीं है, वह वह पूरी पवित्रता का ध्यान रखेगा। अत- हिन्दुओं के मंदिर में सामान बेचने वाले भी हिन्दू ही होना चाहिए। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री का कहना है कि आंध्र प्रदेश के हर मंदिर में आध्यात्मिकता प्रस्फुटित होनी चाहिए। आध्यात्मिक कार्यक्रम इस तरह से आयोजित किए जाने चाहिए कि श्रद्धालु मंदिर में वापस आएँ और उन्हें ये ना लगे कि उनसे पैसे ऐंठे जा रहे हैं। यह भी जरूरी है कि मंदिर और उनके आसपास के इलाकों को बेहद साफ-सुथरा रखा जाए।

# पहल के पहलू

निस्संदेह, लैंगिक समानता और शिक्षा व रोजगार में पर्याप्त अवसर की दृष्टि से हिमाचल सरकार द्वारा लड़कियों की शादी की कानूनी उम्र 18 से बढ़ाकर 21 वर्ष करना एक प्रगतिशील कदम है। लेकिन साथ ही हिमाचल सरकार द्वारा बाल विवाह निषेध (हिमाचल प्रदेश संशोधन) विधेयक 2024 के इस कदम ने एक नई बहस को भी जन्म दिया है।

वहीं कांग्रेस पार्टी के भीतर भी कुछ असंतोष के सुर उभरते दिखे हैं। बहस इस मुद्दे से जुड़ी राष्ट्रीय चर्चाओं को लेकर भी है कि इससे पहले लाया गया केंद्र सरकार का बाल विवाह निषेध संशोधन विधेयक अभी भी एक संसदीय पैनल के समक्ष समीक्षाधीन है। ऐसे में हिमाचल प्रदेश का कानून केंद्रीय पैनल के निष्कर्षों से पहले सामने आने के निहितार्थों पर प्रश्न पैदा करता है। दरअसल, जिस पैनल को केंद्रीय विधेयक की समीक्षा का कार्य सौंपा गया है, वह अभी लड़कियों की शादी की उम्र 21 साल तक बढ़ाने से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श कर रहा है। उम्मीद है कि इसकी रिपोर्ट में सांस्कृतिक संवेदनशीलता, सामाजिक-आर्थिक कारकों और महिलाओं के अधिकारों तथा व्यक्तिगत स्वतंत्रता पर संभावित प्रभाव सहित विभिन्न चिंताओं को संबोधित किया जायेगा। इस मामले में हिमाचल सरकार की स्वतंत्र पहल का निर्णय जहां एक प्रगतिशील कदम है तो वहीं इसे जल्दबाजी में उठाया गया कदम भी कहा जा रहा है। निस्संदेह, हिमाचल सरकार का यह सक्रिय रुख लैंगिक समानता और युवा महिलाओं के सशक्तीकरण के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को ही उजागर करता है। वहीं दूसरी ओर महिलाओं की शादी की उम्र को पुरुषों के बराबर लाकर, सही मायनों में कानून का उद्देश्य उन्हें शादी के दबावों से मुक्त करना भी है। जिससे उन्हें शिक्षा और व्यक्तिगत विकास के लिये समान अवसर मिल सकें। निस्संदेह, ऐसे प्रयास स्त्री सशक्तीकरण की दिशा में एक सार्थक पहल कही जा सकती है। जो कालांतर समाज में लैंगिक समानता का मार्ग प्रशस्त करके उन्हें स्वावलंबी बनाने में मददगार हो सकती है। यही वक्त की मांग भी है। लेकिन वहीं दूसरी ओर खुद कांग्रेस पार्टी में सरकार के निर्णय को लेकर सवाल उठाये जा रहे हैं। कहा गया कि वे सुखविंदर सुक्खू सरकार के कदम से आश्चर्यचकित हैं, क्योंकि कांग्रेस पार्टी ने ही केंद्र में नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा लाए गए इसी तरह के विधेयक का विरोध किया था। जिसकी वजह इसका मुस्लिम समाज पर पड़ने वाला प्रभाव भी था। कांग्रेस ने खासकर मुस्लिम पर्सनल लॉ के संबंध में चिंता भी जतायी थी। वहीं दूसरी ओर हिमाचल भाजपा ने सुक्खू सरकार के कदम पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि तकनीकी रूप से इस कानून को लेकर हमारी पार्टी ने पहल की थी। वहीं कानून के जानकार कह रहे हैं कि इस तरह के कानून पर यदि संसदीय पैनल की रिपोर्ट एक अलग दृष्टिकोण या अतिरिक्त सुरक्षा उपायों का सुझाव देती है तो यह कदम कानूनी और सामाजिक विसंगतियां उत्पन्न करने का जोखिम भी पैदा कर सकता है। कालांतर राष्ट्रीय कानून, एक बार अधिनियमित होने के बाद राज्य कानूनों का स्थान लेगा। जिससे संभावित रूप से भ्रम पैदा हो सकता है। फलतः कालांतर संशोधन की आवश्यकता होगी। निस्संदेह, हिमाचल सरकार के कानून का समय उस व्यापक परामर्श प्रक्रिया को कमजोर करता है,जिस दिशा में संसदीय पैनल सक्रिय है। दरअसल, पैनल इस मुद्दे से जुड़े विविध दृष्टिकोणों को संतुलित करना चाहता है। साथ ही यह भी सुनिश्चित करना चाहता है कि कानून का स्वरूप व प्रभाव विविधता के भारतीय परिवेश में समावेशी हो।

जिसका संदेश जाए कि यह एक सुविचारित फैसला है। वहीं दूसरी ओर कह सकते हैं कि हिमाचल सरकार का कानून एक साहसिक कदम है। वहीं यह राष्ट्रीय स्तर पर एक व्यापक व सुसंगत दृष्टिकोण के महत्व को रेखांकित करता है। जो भारत के विविधता के सामाजिक परिदृश्य में इस तरह के महत्वपूर्ण बदलावों को लागू करने की जटिलताओं की ओर ध्यान भी आकृष्ट करता है। निस्संदेह,यह कदम लड़कियों के लिये शिक्षा व कैरियर में आगे बढ़ने के नये अवसर भी सृजित करेगा।



# राशिफल

**मेषः-** योजनाओं के फ्लीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। मस्त-मौला मन ब्यर्थ के कायरे में समय जाया कर महत्वपूर्ण कायरे के प्रति लापरवाह होगा। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में किया गया परिश्रम तीव्र होगा।

**वृषभः-** नयी घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। नये कायरें के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। जरूरी कायरे की समय से पूर्ति करें।

**मिथुनः-** नये क्षेत्रों मे प्रयास से लाभ संभव। समस्याओं के समाधान से उत्साह में वृद्धि होगी। नये संबंधों के सहयोग से आर्थिक कठिनाइयां दूर होंगी। जीवन साथी के स्वास्य के प्रति सतर्कता बरतें।

**कर्कः-** सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन में निराशा पैदा करेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

**सिंहः-** कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। आवेश में लिये गये निर्णय से पश्चाताप संभव। घर में किसी मेहमान के आगमन से व्यय संभव।

**कन्याः-** मन को सकारात्मक दिशा की ओर केंद्रित करें। भाग्य से प्राप्त अच्छी बुरी सभी स्थितियों के साथ समझौतावादी बने। अपने सुख-दुख छोड़ परिजनों के सुख के बारे में सोचें। आलस्य कतई न करें।

**तुलाः-** पुरानी गलतियों से सीख लेते हुए वर्तमान को सुधारें। अच्छे कायरें से परिजनों के दिल में जगह बनायें। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न बरनें। जीवन साथी के स्वास्य के प्रति सचेत रहें।

**वृश्चिकः-** भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी।

**धनुः-** मूल्यवान समय को व्यर्थ के कायरें में न जाया करें। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ संभव। संवेदनशील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकते हैं। जरूरी कायरे की पूर्ति समय से करें।

**मकरः-** सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा। रोजगार में लाभ के नये अवसर मिलेंगे। पिता के स्वास्य के प्रति सचेत रहें। किसी मेहमान के आगमन से घर में खुशहाल वातावरण रहेगा।

**कुंभः-** किसी की अस्वस्थता से परिवार में कष्टप्रद माहौल होगा। महत्वपूर्ण कार्यवश घर से दूर जाना पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कायरें के प्रति आलस्य न करें। रोजगार में आ रही समस्याओं से निराश न हों।

**मीनः-** प्रतिभाओं के बावजूद हीन भाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें। जीवन साथी के स्वास्य के प्रति सचेत रहें।

# राज्य सभा के बहुमत से क्या फर्क पड़ेगा

**अरविन्द मोहन**



**राज्य सभा में बहुमत होना जरूरी होता है उसमें नरेंद्र मोदी और उनकी भाजपा के एजेंडे वाले काफी काम पहले अटके भी हैं। सबसे पहला झटका तो भूमि अधिग्रहण कानून और श्रम कानूनों में बदलाव के समय ही लगा और हारकर केंद्र ने इसे राज्यों के हवाले कर दिया कि वे अपनी-अपनी मर्जी से और अपनी जरूरत के हिसाब से कानून बनाए। कृषि से संबंधित तीन कानून पास भी हुए, और उसमें की न्यूट्रल दलों का समर्थन लिया गया पर उस पर किसान आंदोलन और फिर उत्तर प्रदेश चुनाव की जरूरत ने पानी फेर दिया। बीजद और वाइएसआर कांग्रेस के साथ कई बार तेलंगाना राज्य समिति भी अपने श्न्यूट्रलश् स्टैंड को छोड़कर भाजपा को समर्थन देती रही है। कई और दल भी खास रणनीति से सदन से गायब होकर बिल पास कराने में मदद करते थे। अब तेलंगाना राज्य से भारत देशम बने चंद्रशेखर राव की पार्टी का तो अस्तित्व संकट में है लेकिन बीजद और वाइएसआर कांग्रेस विरोध में आ गए हैं, भले उनकी शक्ति कम हुई हो।**

यह विडंबना ही है कि जब शासन और संसदीय कामकाज में भाजपा और नरेंद्र मोदी के इकबाल को चुनौतियां मिलनी शुरू हुई हैं तब राज्य सभा में भाजपा को पहली बार बहुमत मिलने का दावा किया जाने लगा है। लोक सभा चुनाव में (ज्यादातर) राज्य सभा सदस्यों द्वारा जीत हासिल करने से खाली हुए 12 जगहों के उपचुनाव में भाजपा ने नौ स्थान जीते हैं और एनडीए के साथियों ने दो स्थान जीते हैं। हम जानते हैं कि राज्य सभा सदस्यों का चुनाव विधायक करते हैं और अभी ज्यादातर राज्यों में भाजपा या उसके गठबंधन की सरकार है। 245 सदस्यों वाले सदन में अब भाजपा के 96 सदस्य हो गए हैं और एनडीए के उसके सहयोगी दलों के सदस्यों, दो निर्दलीय और छह मनोनीत सदस्यों को लेकर अब उसके खेमे में 119 सदस्य गिने जा सकते हैं। अभी भी मनोनीत सदस्यों की चार जगहें और जम्मू-कश्मीर के चार स्थान खाली हैं और बैठे-ठाले गणित लगाने वालों का अनुमान है कि भाजपा का खेमा 125 तक पहुंच सकता है और अगर जम्मू-कश्मीर वाली गिनती को फिलहाल छोड़ भी दें तो 241 सदस्यों में भाजपा खेमा आराम से 123 तक पहुंच जाएगा। आजकल मनोनीत का मतलब भी शासक दल का सदस्य ही हो गया है। भाजपा के लिए यह स्थिति 2014 के बाद पहली बार बनी है। अब यह कहने का कोई मतलब नहीं है कि मोदी का प्रताप गिरने की शुरुआत होने पर इस स्थिति के आने का भी बहुत मतलब है। लेकिन जिस विधायी कामकाज के लिए राज्य सभा में बहुमत होना जरूरी होता है उसमें नरेंद्र मोदी और उनकी भाजपा के एजेंडे वाले काफी काम पहले अटके भी हैं। सबसे पहला झटका तो भूमि अधिग्रहण कानून और श्रम कानूनों में बदलाव के समय ही लगा और हारकर केंद्र ने इसे राज्यों के हवाले कर दिया कि वे अपनी-अपनी मर्जी से और अपनी जरूरत के हिसाब से कानून बनाए। कृषि से संबंधित तीन कानून पास भी हुए, और उसमें की श्न्यूट्रलश् दलों का समर्थन लिया गया पर उस पर किसान आंदोलन और फिर उत्तर प्रदेश चुनाव की जरूरत ने पानी फेर दिया। बीजद और वाइएसआर कांग्रेस के साथ कई बार तेलंगाना राज्य समिति भी अपने श्न्यूट्रलश् स्टैंड को छोड़कर भाजपा को समर्थन देती रही है। कई और दल भी खास रणनीति से सदन से गायब होकर बिल पास कराने में मदद करते थे। अब तेलंगाना राज्य से भारत देशम बने चंद्रशेखर राव की पार्टी का तो अस्तित्व संकट में है लेकिन बीजद और वाइएसआर कांग्रेस विरोध में आ गए हैं, भले उनकी शक्ति कम हुई हो।

दूसरी ओर कई बार धोखा खाने के बाद नामी वकील अभिषेक मनु सिंघवी तेलंगाना से राज्य सभा में पहुंचे है। कांग्रेस को वैसे तो यह एकमात्र सीट मिली है लेकिन इसने राज्य सभा में कांग्रेस के सदस्यों की संख्या 27 तक पहुंचा दी है। इससे उनका राजनैतिक पुनर्वास तो हुआ ही है कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे सदन में विपक्ष के नेता पद पर निश्चिंत हो गए हैं। अभी तक कांग्रेस के 26 सदस्य ही थे और विपक्ष का नेता बनने के लिए 25 सीटों की जरूरत होती है। जिस रफ्तार से भाजपा दल बदल और तोड़-फोड़ करती रही है उसमें खड़गे जी की कुर्सी छीनना बहुत मुश्किल न था। पिछली लोक सभा में जिस तरह राहुल गांधी और महुआ मोइत्रा की सदस्यता छीनी गई और डेढ़ सौ से ज्यादा सांसदों को निलंबित किया गया उसमें यह खतरा रोज मंडरा रहा था।

लेकिन यह मात्र संयोग नहीं है कि जिस दिन भाजपा को राज्य सभा में मोदी-युग का सबसे बड़ा आंकड़ा हासिल हुआ उससे दो दिन पहले एनडीए में और सरकार में साझीदार लोक जनशक्ति पार्टी के नेता चिराग पासवान ने जातिगत जनगणना की मांग कर दी। इस बात की चर्चा एकमात्र सांसद वाले दल के नेता जीतन राम मांझी जैसे लोग भी हल्के-फुल्के ढंग से उठाते रहे थे लेकिन चिराग के कहने का तत्काल बड़ा असर हुआ। कांग्रेस के नेता राहुल गांधी द्वारा इस सवाल को राजनीति के केंद्र में ला देने के बाद भी अभी तक भाजपा इसके पक्ष में नहीं दिखती है।

वह इसे राहुल के पिच पर खेलना मानती है। लेकिन चिराग जैसे सहयोगियों और महाराष्ट्र (जहां जल्दी ही चुनाव होने वाले हैं) के अपने की नेताओं की मांग को नजरअंदाज करना मुश्किल होगा। पार्टी ने ऐसे ही दबाव में (जिसमें मुख्य दबाव राहुल का था तो एनडीए के साथियों की तरफसे भी बयानबाजी शुरू हुई) बड़े सरकारी पदों पर सीधी भर्ती का अपना विज्ञापन वापस लेना पड़ा। अब सरकारी पक्ष जो कहे लेकिन इसका राजनैतिक श्रेय राहुल और इंडिया गठबंधन के नेता ही ले रहे हैं।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# गजब-जांच में पूरे जिले में कोई मिलावट नहीं

## हैदराबाद की निजी लैब ने लगभग सभी खाद्य पदार्थों के सर्विलांस सैंपल किये पास

▸ सरकारी लैब से हर माह साठ फीसदी सैंपल होते हैं फेल, जांच में प्रश्नचिंह लगाते हुये विभाग ने शासन को लिखा कड़ा पत्र, शासनादेश के मुताबिक निजी लैब से सैंपल की कराई गई थी जांच

**विनोद शुक्ला, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

हमीरपुर। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा तीन माह पहले जिले के कारोबारियों के यहां से लिये गये लगभग दो सौ खाद्य सर्विलांस नमूने लगभग सभी पास आये हुये है। ये नमूने शासन के निर्देशानुसार हैदराबाद की एक प्रायवेट प्रयोगशाला से जांच कराये गये थे। जबकि शासकीय लैब में हर माह जांच के दौरान करीब साठ फीसदी सैम्पल फेल प्राप्त होते है। जांच मे प्रश्न चिंह लग गया है लिहाजा खाद्य सुरक्षा विभाग ने विभागीय उच्चाधिकारियों को कड़ा पत्र लिखा है।

जानकारी के मुताबिक शासन ने पिछले दिनों अप्रैल, मई, जून में जिले से दूध,पनीर,मिटाई लड्डू के दो सौ सर्विलांस नमूने भरवा कर हैदराबाद की व्यूरो बिल्टास इंडिया टेक्सटाइल्स सेनिक्स प्रायवेट लि. प्रायवेट लैब में जांच के लिये भेजे थे,शासन की मंशा थी कि सर्विलांस नमूने भरने के बाद यह जानकारी हो जायेगी कि जिले में कहा पर ज्यादा मिलावटी खाद्य सामग्री की विक्री हो रही है। उसी के आधार पर सैंपल भर कर जांच करायी जायेगी और व्यापरियों को जागरुक किया जायेगा। शासन ने इन सर्विलांस नमूनों में कारोबारियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज न कराने के आदेश दिये थे इस प्रकार जिले से दो सौ के लक्ष्य के अनुरुप 196 सैंपल भरे गये थे जिसमे प्रायवेट लैब से 193 सैंपल पास हो गये है।

केवल तीन नमूने फेल आये है, लगभग शत प्रतिशत सैंपल पास होने से विभागीय अधिकारी भौचक्के रह गये है। जब कि जिले से दूध पनीर मिठाई, के जो सैंपल भर कर सरकारी लैब में भेजे जाते है उनमे कम से कम साठ फीसदी सैंपल फेल आते है।विभागीय अधिकारियों का कहना है कि प्रायवेट लैब के अनुसार जिले में कोई भी खाद्य पदार्थ की मिलावटी बिक्री नहो हो रही है। जबकि सरकारी लैब के अनुसार जिले में साठ फीसदी मिलावटी खाद्य पदार्थ की विक्री हो रही है। दोनो के लैबों के जांचो में बेहद अंतर पाये जाने से सभी लोग आश्चर्य चकित है। हालाकि सहायक आयुक्त खाद्य दिवतीय डा. गौरीशंकर ने इस मामले की जानकारी शासन के अलावा सभी बिभागीय उच्चाधिकारियों को दे दी है ताकि विभाग पर कोई उगली न उठ सके। यह मामला विभाग में चर्चा का विषय बना हुआ है।

सहायक खाद्य आयुक्त डा. गौरीशंकर का कहना है कि इस मामले के लिये उच्चाधिकारियों को पत्र लिख दिया गया है।

### शासन ने फिर दो सौ चार सर्विलांस नमूनों का दिया लक्ष्य, अभियान शुरु

शासन ने फिर जिले से दो सौ चार सर्विलास सैंपल भरने के लक्ष्य निर्धारित कर दिये है। जब कि विभाग में केवल तीन खाद्य सुरक्षा अधिकारी है। विभाग का कहना है कि दो माह पहले दुकानों से सैपल भरे गये थे इसके बाद फिर उन्ही दुकानों में जाने से कारोबारी निरीक्षकों को शक की निगाह से देखने लगता है। अगस्त से लेकर अक्टूबर तक सर्विलांस नमूने लिये जायेगे, लक्ष्य के अनुरुप सैंपल तो भरे जायेगे फिर प्रायवेट लैब से जांच कराये जायेगे। क्या परिणाम आता है समय ही बतायेगा।

# अपर पुलिस महानिदेशक अभियोजन ने एसपी अपर्णा गुप्ता को प्रशस्ति पत्र से किया सम्मानित

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



संयुक्त निदेशक अभियोजन अशोक कुमार शुक्ल द्वारा अपर पुलिस महानिदेशक, अभियोजन दिपेश जुनेजा उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा प्रदत्त प्रशस्ति पत्र को पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता को प्रदान कर सम्मानित किया गया।

अपर पुलिस महानिदेशक, अभियोजन द्वारा पुलिस अधीक्षक महोबा की प्रशंसा करते हुये कहा गया है कि आप द्वारा टॉप 10 व माफिया से सम्बन्धित अपराधों में उत्तर प्रदेश शासन की अपेक्षा के अनुरूप अभियोजन विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए यथासम्भव अधिक से अधिक मामलों में सजा करायी गयी तथा विभिन्न माध्यमों से उसका सम्यक् प्रचार-प्रसार किया गया जिससे समाज में पुलिस विभाग, अभियोजन विभाग तथा उत्तर प्रदेश शासन की छवि उज्ज्वल हुई एवं भयमुक्त समाज के निर्माण में आपके द्वारा सकारात्मक सहयोग प्रदान किया गया। इसी क्रम में उनके द्वारा कहा गया कि आप द्वारा दिनांक 01 जुलाई 2024 से लागू तीन नये आपराधिक कानून का जनसामान्य में प्रचार-प्रसार पूर्ण मनोयोग एवं निष्ठा के साथ किया गया। अभियोजन विभाग से समन्वय स्थापित कर जनपद के पुलिस कर्मियों को नये कानून के समुचित एवं प्रभावी क्रियान्वयन हेतु प्रशिक्षण प्रदान कराया गया, साथ ही नवीन विधि के अन्तर्गत अभियोजन साक्षियों की गवाही हेतु रिमोटप्वाइंट की स्थापना तथा आधुनिक सदर मालखाने के निर्माण के लक्ष्य की प्राप्ति हेतु भूमि चिन्हित कराये जाने के सतत प्रयास किये गये। उक्त कार्य में सहयोग एवं परिश्रम की सराहना करते हुये गौरवमय, उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की गयी।

## खबरें एक नजर में

### कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष बने निर्मल कुमार, सोमेश शर्मा को मिली महामंत्री पद की कमान

**महोबा, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक मृतक आश्रित शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष पद पर निर्मल कुमार को नियुक्त किया गया है । उत्तर प्रदेश प्राथमिक मृतक आश्रित शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष जुबेर अहमद, महासचिव पंकज बाजपेई, वरिष्ठ उपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश सिंह, प्रदेश कोषाध्यक्ष हर्षित अरोड़ा की स्वीकृति व सहमति से महोबा जिले की कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमे निर्मल कुमार को जिलाध्यक्ष, राजकुमारी को उपाध्यक्ष, शिवनारायण सिंह को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सोमेश कुमार शर्मा को जिलामंत्री, देवेंद्र को सचिव, आयुष कुमार को जिला कोषाध्यक्ष व केशव नारायण को जिला मीडिया प्रभारी बनाया गया है । नवनियुक्त जिलाध्यक्ष निर्मल कुमार ने कहा की संगठन ने जो जिम्मेदारी दी है उसको वह पूरी कर्तव्यनिष्ठा व ईमानदारी के साथ अपने दायित्यो व संगठन की विचारधारा के अनुसार सबको साथ लेकर संगठन का कार्य करूंगा ।

### सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से लगाये जा रहे जागरुकता बोर्ड

**महोबा, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता द्वारा जनपद महोबा में यातायात व्यवस्था में सुधार तथा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिये प्रमुख मार्गों/राजमार्गों में दुर्घटना बाहुल्य इलाके का चिन्हीकरण करने व ऐसे स्थानों का चिन्हित करने के उपरान्त उन स्थानों में जागरुकता बोर्ड लगाये जाने के निर्देश प्रभारी निरीक्षक यातायात श्री सुनील कुमार सिंह को दिये गये। प्राप्त निर्देशों के क्रम में यातायात पुलिस टीम द्वारा जनपद महोबा मुख्यालय में अभी तक 06 स्थलों को चिन्हित किया गया है, जो क्रमशः गुगौरा चौकी, किडारी फाटक के पास, साहू पेट्रोल पंप, हमीरपुर चुंगी, बजरंग चौक, लवकुश नगर तिराहा पर साइनेज बोर्ड लगवाए गए हैं साथ ही अन्य स्थलों का चिन्हीकरण किया जा रहा है, जिनमें शीघ्र ही जागरुकता बोर्ड लगाये जायेंगे, जिससे सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण लगाया जा सके। इसी के साथ यातायात पुलिस टीम द्वारा लोगों को कम स्पीड में वाहन चलाने, दो पहिया वाहन में हेलमेट के उपयोग, चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट के उपयोग व अन्य यातायात नियमों का पालन कराये जाने हेतु जागरुक किया जा रहा है, यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध यातायात नियमों के तहत चालान की कार्यवाही की जा रही है।

### अकीदत के साथ निकला सफर का जुलूस

**ज़ैदपुर, बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** कस्बे से निकलने वाला 24 सफर का जूलूस कर्बला से मदीने वापसी का मंजर के हवाले से कदीमी जुलूस अपने रिवायती अंदाज से कर्बला जैदपुर से निकलकर बड़ी बाज़ार, छोटा इमामबाड़ा, पचदरी, गढ़ी जदीद से होता हुआ शिया जामा मस्जिद जैदपुर में पहुंच कर समाप्त हुआ। जुलूस में नौहाख्वान और मातमदार नौहा पढ़ते हुए जुलूस के साथ चल रहे थे। जुलूस में ऊंट पर डंका, अमारी, सवार, जुलजनाह, की जियारत कराई गयी जो कर्बला से निकल कर मस्जिद तक जुलूस के साथ चलते रहे। जुलूस में भारी संख्या में ज़ैदपुर कस्बे के और आस पास के अज़ादारो ने शिरकत की। करबला में जुलूस की पहली मजलिस को मौलाना मुराद रज़ा साहब (पटना बिहार) ने खिताब फ़रमाया और रसूल और उनके अहलेबैत के फज़ाएल और कर्बला मे इमाम हुसैन की शहादत और उनके अहलेबैत पर हुए ज़ुल्म के मसाएब बयान किये। जुलूस में छोटी बाज़ार, गढ़ी जदीद, मस्जिद कर्बला समेत कई जगह पर अज़ादारो के लिए चाय और शरबत की सबील की व्यवस्था रही। मजलिस के बाद अंजुमने गुनच्ए हुसैनिया के आराकीनो ने आये हुए सभी जायरीन का शुक्रिया अदा किया। इस अवसर पर कस्बा इंचार्ज रनवीर सिंह एस आई हलीम बाबू गुफरान खान जयनारायण सहित स्थानीय पुलिस बल मौजूद रहा।

### पुलिस ने वांछित को पकड़कर भेजा जेल

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** विभिन्न मामलों में कोतवाली पुलिस द्वारा वांछित चल रहे आरोपी को कोतवाली पुलिस ने पकड़कर न्यायालय में पेश किया है। चुर्खी थाना क्षेत्र के ग्राम चुर्खी निवासी राकेश कुमार कोतवाली में दर्ज एक मामले में वांछित चल रहा था। काफी समय से वह पुलिस की पकड़ से दूर बना हुआ था। गुरूवार की शाम पुलिस को सूचना मिली कि उक्त वांछित चुंगी नंबर चार के पास कहीं बाहर भागने की फिराक में खड़ा है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने वांछित को पकड़कर न्यायालय में पेश किया है।

# शिशु शिक्षा निकेतन जूनियर हाईस्कूल में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित



**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

भारत सरकार द्वारा निर्गत कार्यक्रम संकल्प HEW के अंतर्गत दिनांक 21 जून से 4 अक्टूबर 2024 तक 100 दिन का विशेष जागरूकता अभियान का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है । जिला प्रोबेशन अधिकारी आर बी वर्मा के निर्देशानुसार आज शिशु शिक्षा निकेतन जूनियर हाईस्कूल आजाद नगर कबरई में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें सखी वन स्टॉप सेंटर महोबा से मनोसामाजिक प्रमर्शदाता पूर्णिमा, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 से सुपरवाइजर प्रियंका सिंह और केस वर्कर रामदयाल द्वारा महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजना के बारे में जानकारी दी गई। बाल सेवा योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, स्पॉन्सरशिप योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया हेल्पलाइन नंबर 112, 181, 1098, 1090 साथ ही वन स्टॉप सेंटर की कार्य प्रणाली के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी देकर जागरूक किया गया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य मनोज कुमार रैकवार और बच्चे एवम अन्य स्टाप उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर याद किए गए मेजर ध्यानचंद

▸ सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में मनाई गई हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज महोबा में भारतीय और विश्व हॉकी के महानतम खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य कमलेश सिंह द्वारा मेजर ध्यानचंद के चित्र पर पुष्पार्चन भी किया गया।

कार्यक्रम में विद्यालय के संगीताचार्य पंडित जगप्रासाद तिवारी ने बताया कि 2012 से प्रत्येक वर्ष देश 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाता है। यह दिन दुनिया के महानतम हॉकी खिलाड़ियों में से एक मेजर ध्यानचंद को श्रद्धांजलि देता है, जिन्हें हॉकी के जादूगर के रूप में भी जाना जाता है। उन्होंने आगे कहा कि भारत सरकार ने देश में खेलसंस्कृति को बढ़ावा देने और खिलाड़ियों की उपलब्धियों का सम्मान करने के लिए 2012 में राष्ट्रीय खेल दिवस की शुरुआत की। इस दिन भारत के राष्ट्रपति खेल-संबंधी पुरस्कार देते हैं, और सरकार इस दिन का उपयोग विभिन्न खेल-संबंधी योजनाओं का शुभारंभ करने के लिए करती है। विद्यालय के प्रधानाचार्य कमलेश सिंह ने इस अवसर पर छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि ध्यानचंद का जन्म ध्यान सिंह के रूप में 29 अगस्त, 1905 को उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में हुआ था।

वह ब्रिटिश इंडिया आर्मी में शामिल हो गए और सेना में सेवा करते हुए हॉकी को अपनाया। वह रात में चाँद की रोशनी में हॉकी का अभ्यास करते थे, इसलिए उनको ध्यान चंद के उपनाम से पुकारा जाने लगा और इसी नाम से वे प्रसिद्ध हो गए। उन्होंने 1928 के एम्स्टर्डम ग्रीष्मकालीन ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व किया, जहाँ भारत ने स्वर्ण पदक जीता। 1928 से 1948 में अपनी सेवानिवृत्ति तक, उन्होंने हॉकी की दुनिया पर राज किया, जिससे उन्हें हॉकी का जादूगर और द मैजिशियन का उपनाम मिला।

इस अवसर पर विद्यालय में छात्रों को कबड्डी, खो -खो जैसे अनेक प्रकार के खेलों की जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में सभी छात्रों ने सहभाग किया। कार्यक्रम में जयनारायण तिवारी, गिरीश सक्सेना, आदित्य मिश्रा, सुनील, रविन्द्र, राजेश पुष्पक, ब्रजलाल, छात्रावास प्रमुख देवेंद्र, परशुराम, स्वतंत्र राजाबाबू ,गौरव पाठक, सौरभ सहित अन्य आचार्य भी उपस्थित रहे।

# आज जनपद के सभी 732 बूथों में चलेगा सदस्यता अभियान : अवधेश गुप्ता

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**




भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता अभियान की मॉनिटरिंग बैठक जिला कार्यालय में संपन्न हुई राष्ट्रीय कार्यशाला के बाद सभी प्रदेशों की कार्यशाला पर सभी प्रदेशों की कार्यशाला के उपरांत पूरे देश भर के जनपदों की सदस्यता अभियान की कार्यशाला संपन्न होने के बाद अब 31 अगस्त को पूरे प्रदेश में प्रत्येक बूथ पर होगी सदस्यता अभियान की बूथ कार्यशाला महोबा जनपद में भी जिला अध्यक्ष अवधेश गुप्ता ने सदस्यता अभियान की जनपद की टीम के साथ बैठकर योजना और खाका तैयार कर लिया है कल 31 तारीख को प्रत्येक बूथ में 732 पदाधिकारियों को लगाया गया है जो हर बूथ पर जाकर बैठक लेंगे एक सितंबर से भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता अभियान शुरू हो जाएगा आज प्रधानमंत्री से लेकर भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्रदेश अध्यक्ष जिला अध्यक्ष सभी की सदस्यता शून्य हो गई है 1 सितंबर से पूरे देश के प्रधानमंत्री और राष्ट्रीय अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता लेकर यह अभियान का शुभारंभ करेंगे महोबा जनपद में सभी तरह की तैयारी कर ली गई है 3 लाख का लक्ष्य लेकर भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता महोबा जनपद का आगे बढ़ेगा और जनपद में तीन लाख सदस्य बनाएगा ।

### झाड़ियों में रोता बिलखता मिला नवजात शिशु

**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** कोतवाली के खेड़ा गांव में शौच क्रिया के लिए जा रहे मजदूर को झाड़ियां में रोता हुआ नवजात शिशु मिला। घायल शिशु को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां चिकित्सक ने नवजात शिशु को जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। कस्बा खेड़ा गांव रामसनेही ने बताया कि वह उसकी पत्नी अनीता मेहनत मजदूरी करती है। उनकी नौ पुत्री आरती कमलेश, जयंती, उर्मिला, प्रियंका, उपासना, मंशा, तुलसा, वैष्णवी हैं। रामसनेही को बेटे की चाहत पूरी नहीं हुई। शुक्रवार वह शौचक्रिया के लिए खेरा पुल की ओर जा रहा था। तभी सड़क किनारे झाड़ियों में उसे रोने की आवाज सुनाई दी। जाकर देखा तो चेहरे की तरफ से नवजात शिशु पड़ा था। उसने स्वजनों को सूचना दी। आनन.फानन में उसे सीएचसी ले गए। जहां इलाज के बाद चिकित्सक जिला अस्पताल भेज दिया है। रामसनेही ने कहा कि वह शिशु को अपनी बेटियों की तरह पालन.पोषण करेगा। सीएचसी अधीक्षक डॉ अखिलेश सिंह ने बताया कि नवजात की हालत सही है। हाथ में दिक्कत आ जाने से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

# प्रधानाचार्य ने मेडल पहनाकर विजेताओं को किया सम्मानित




**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।**

कस्बे के सरस्वती बाल मंदिर इंटर कॉलेज के छात्रों ने महोबा में आयोजित प्रांतीय खेलकूद प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया।

इस दौरान कबड्डी प्रतियोगिता में अंडर 14 टीम के छात्र राजा, शिवम कुमार, अर्पित यादव, ऋषिकांत, अंश आर्य, वीर यादव, नूर अली, कपिल ने प्रथम और अंडर 17 टीम के छात्र अभय सिंह, स्वप्निल यादव, श्रीकांत, भीकम सिंह, निखिल कुमार, राज यादव, कुनाल पाल, प्रिंस, अखिल ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।

इस दौरान विद्यालय के प्रबंधक श्याम सुंदर मुखिया और प्रधानाचार्य हरि नारायण नगाइच ने छात्रों को मेडल पहनकर एवं प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# 50 लाख से अधिक लागत के निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित



**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता में 50 लाख से अधिक की लागत की समस्त परियोजनाओं के निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी कार्य दायी संस्थाओं को निर्देश देते हुए कहा कि 50 लाख से ऊपर के निर्माण कार्य एवं सीएमआईएस पोर्टल से संबंधित सभी निर्माण कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण कराकर हैंडओवर किया जाए तथा जिन कार्य दायी संस्था की प्रगति कार्य रिपोर्ट ठीक नहीं हैं, उन कार्य दायी संस्थाओं को फटकार लगाते हुए कहा कि कार्य को जल्द पूर्ण कराकर हैंडओवर किया जाए। डीआईओएस ने बताया कि कबरई, जैतपुर, चरखारी एवं पनवाड़ी में चार कस्तूरबा विद्यालय का निर्माण कार्य जिले में चल रहा है, जिनका कार्य सभी विद्यालयों में पूर्ण कर लिया गया है।

जिलाधिकारी नें जल निगम अर्बन को खरेला वाटर सप्लाई का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया तथा जिला होम्योपैथिक कार्यालय के निर्माण कार्य की प्रगति कम पाए जाने पर कार्य में तेजी लाने के लिए कार्यदाई संस्था को निर्देशित किया। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी चित्रसेन सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी आशाराम सहित अन्य विभागों के अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### आठ माह तक डरा धमका कर किया यौन शोषण पुलिस ने शुरु की जांच

**मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

किशोरी से लगातार आठ माह से अब तक डरा धमकाकर यौन शोषण करने का मामला प्रकाश में आया है, जबकि पीड़िता ने शुक्रवार को कोतवाली पहुंच घटना की लिखित शिकायत पुलिस से की है। किशोरी ने कोतवाली पुलिस को बताया कि गांव का ही नीरज पुत्र रंजीत 11 जनवरी 2024 को घर में उसे अकेला देखकर जबरन नाजायज तमंचा के बल पर घुस गया और उसके साथ कुकृत्य की घटना को अंजाम दिया और मामले की वीडियो बनाकर जब से अब तक लगातार ब्लैकमेल करते हुए सूनसान जगह पर हमेशा बुलाकर यौन शोषण करता रहा। इसी क्रम में पीड़िता ने बताया कि अभी 25 अगस्त को हमेशा की तरह दिन में जब वह अपने घर के दरवाजे पर बैठी थी तभी नीरज व अनिल यादव पुत्रगण रंजीत उर्फ छम्मीलाल यादव पुत्र रामप्रसाद तथा पुत्री एक राय होकर आ गई और जबरदस्ती मुझे उठाकर अपने घर ले जाकर बारी बारी मेरे साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया और कहीं मामले की शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देकर छोड़ दिया है। मामले में कोतवाली प्रभारी राम आसरे सरोज ने बताया कि लड़की की मां के अनुसार उनकी लड़की व आरोपी नीरज का प्रेम प्रसंग पूर्व से चल रहा था लेकिन अब आरोपी शादी करने से मुकर रहे हैं जिसके बाद उक्त प्रार्थना पत्र दिया है हालांकि प्रभारी ने मामले की जांच पड़ताल करने की बात कही है।

# होटल में आग लगने से हजारों का नुकसान, पुलिस से लिखित शिकायत

**कुरारा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।**

कस्बा के बेरी तिराहा के आगे बीती रात अज्ञात कारण से टीन टप्पर के होटल में लगी आग से होटल में रखा सामान जलकर खाक हो गया। पीड़ित का लाखो रुपए का नुकसान हुआ है। उसने अज्ञात के खिलाफ थाने में तहरीर दी है।

कस्बे के बेरी तिराहा से आगे सड़क किनारे क्षेत्र शंकरपुर पारा गांव निवासी विनय कुमार गुप्ता टीन टट्टर लगाकर होटल किए था। वह समोसाए मिठाईए चाय आदि बिक्री कर अपना व परिवार का भरण पोषण करता है। उसने बताया कि देर शाम अपना होटल बंद कर गांव चला गया था। रात में किसी ने मेरी दुकान में आग लगा दी।

आग की लपटे उठती देख बेरी तिराहा में ड्यूटी पर तैनात पुलिस ने तथा मोहल्ले के लोगो ने दमकल विभाग को फोन कर आग लग जाने की जानकारी दी। तथा पौने एक बजे हम लोगो को आगजनी की जानकारी हुई। तब हम लोग कुरारा आए तब तक दुकान में लगी आग से सामान धू धू कर जल रहा था। दमकल दस्ते ने मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया। पीड़ित ने बताया कि दुकान सहित सामान जल जाने से एक लाख रुपए का नुकसान हुआ है। पीड़ित ने अज्ञात के खिलाफ थाने में आगजनी की तहरीर देकर कार्यवाही करने की मांग थाना पुलिस से की है।

# निरीक्षण में मिली ढेर सारी कमियां, सुधारने के आदेश

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

विकासखंड क्षेत्र में औचक निरीक्षण करने निकले सहायक खंड विकास अधिकारी (पंचायत) ने आधा दर्जन ग्राम पंचायतो में पहुंचकर निरीक्षण किया जिसमे ढेर सारी कमिया पायी गयी है। एडीओ ;(पंचायत) अमर सिंह ने ग्राम पंचायत सिजवाही में बिना सूचना दिए अनुपस्थित होने पर सफाई कर्मी के खिलाफ विभागीय कार्यवाही करने की सिफारिश की है, वहीं ग्राम पंचायत बिहरका में सफाई कर्मी का एक दिन का वेतन रोक चेतावनी जारी की है। इसी तरह ग्राम पंचायत टिकरी में सहायक खंड विकास अधिकारी ;पंचायत ने चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर विभागीय जानकारी के साथ परिवार रजिस्टर की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि ग्राम बिहरका में निरीक्षण के दौरान पंचायत सहायक उपस्थित तो मिली लेकिन परिवार रजिस्टर पूर्ण नहीं पाया गया और ग्राम पंचायत गऊघाट छानी के परिवार रजिस्टर गलत पाए गए जिस पर पंचायत सचिव वीरेंद्र पाल को एक सप्ताह के अंदर गलती को सुधारने के निर्देश दिए हैं साथ ही ग्राम कपसा के पंचायत भवन में मौके पर पहुंचकर इनवर्टर लगवाए एवं ग्राम पंचायत परछा के पंचायत भवन संचालन न होने की स्थिति में प्रधान तथा दूसरे लोगों का आपसी विवाद सुलझाकर शुक्रवार को पंचायत भवन का संचालन शुरू कराया।

# मरीजों के लिये सीढ़ियां बनी परेशानी का सबब

▸ कायाकल्प तो हुआ मगर रास्ता ज्यों का त्यों

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

जिला अस्पताल में कायाकल्प में करोड़ो रुपये शासन द्वारा खर्च किये गये है,अस्पताल की सुविधा के लिये लाखों रुपये का बजट भी आता है मगर मरीजों को आने जाने के लिये सकरी सीढियों से वृद्ध मरीजों को पैर फिसल जाने से लोग घायल हो जाते है वही भीड़ भाड़ से मरीजों को ओपीडी जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

जानकारी के मुताबिक जिला अस्पताल का हर साल काया कल्प होता है मगर ओपीड़ी जाने वाले रास्ते से जो सीढ़िया है इतनी छोटी है कि लोगों को आने जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। सीढियों की लम्बाई व चौड़ाई बेहद कम है कम स्थान होने पर मरीज काफी देर तक नीचे खड़े रहते है कुछ लोग ऊपर ख ड़े रहते है।

ओपीडी जाने वाले रास्ते का कोई सुधार नही हो रहा है जब कि उच्चाधिकारियों का दौरा आय दिन होता है मगर किसी भी अधिकारी ने इस ओर कोई ध्यान नही दिया है। कई वृद्धमरीज फिसल कर गिर जाते है सीढियों को ठीक न कराने से कमजोर मरीज ओपीडी में जाने से घबराते है इस मामले की जानकारी कई मर्तवा सीएमएस व सीएमओ को दी जा चुकी है मगर कोई सुधार नही हो पाया है।

इस मामले की जानकारी सेहत विभाग के उच्चाधिकारियों को है मगर कोई सुनने वाला नही है। मरीजों का कहना है कि ओपीडी जाने के लिये एक रास्ता आने व दूसरा रास्ता जाने के लिये हो जाये तो मरीजो को काफी राहत मिल सकती है।


**मेरठ सिटी जं. एवं लखनऊ रेलवे स्टेशनों के बीच वन्दे भारत एक्सप्रेस ट्रेन सेवा का शुभारम्भ**

समस्त रेलयात्रियों को सूचित किया जाता है कि उत्तर रेलवे द्वारा लखनऊ एवं मेरठ सिटी जं. के बीच रेलगाड़ी सं. 22490/22489 वन्दे भारत एक्सप्रेस की नियमित सेवा का शुभारम्भ किया जा रहा है। वन्दे भारत एक्सप्रेस की तिथियाँ, समय – सारणी एवं ठहराव निम्नानुसार होंगे :–

**22490/22489 मेरठ सिटी जं. – लखनऊ – मेरठ सिटी जं. वन्दे भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ी (सप्ताह में 6 दिन)**

| गाड़ी सं. 22490 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 22489 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 06:35 | मेरठ सिटी जं. | 22:00 | --- |
| 08:35 | 08:40 | मुरादाबाद जं. | 19:32 | 19:37 |
| 09:56 | 09:58 | बरेली जं. | 18:02 | 18:04 |
| 13:45 | --- | लखनऊ | --- | 14:45 |

चलने के दिन : 22489 लखनऊ से प्रतिदिन (मंगलवार को छोड़कर) दिनांक 01.09.2024 से तथा 22490 मेरठ सिटी जं. से प्रतिदिन (मंगलवार को छोड़कर) दिनांक 02.09.2024 से

स्थान: एग्जीक्यूटिव कुर्सीयान एवं वाता. कुर्सीयान

उद्घाटन यात्रा की समय–सारणी : वन्दे भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ी का शुभारंभ माननीय प्रधानमंत्री द्वारा एक विशेष रेलगाड़ी सं. 02490 के रूप में मेरठ सिटी जं. से लखनऊ के लिए दिनांक 31.08.2024 को दोपहर 12:30 बजे किया जायेगा एवं इसकी नियमित सेवा लखनऊ से दिनांक 01.09.2024 से उपरोक्त समय–सारणी अनुसार प्रारंभ होगी।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिये रेलमदद हेल्पलाइन सं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा भारतीय रेल की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

पर हमें फॉलो करें
उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा - हमारा ध्येय
www.nr.indianrailways.gov.in
2699/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# 13 परीक्षा केन्द्रों पर हुई पुलिस भर्ती परीक्षा

## डीएम-एसपी ने परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण, अब तक सैकड़ों अभ्यर्थी छोड़ चुके परीक्षा

**उरई, जालौन समृद्धि न्यूज़।**

शुक्रवार को जनपद में यूपी पुलिस आरक्षी भर्ती को नकल विहीन एवं सकुशल सम्पन्न कराने के लिए जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक निरंतर परीक्षा केन्द्रों का भ्रमण कर रहे है। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने आचार्य नरेंद्र देव इण्टर कॉलेज, राजकीय मेडिकल कॉलेज, राजकीय इण्टर कॉलेज, राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज व राजकीय पॉलिटेक्निक परीक्षा केंद्र का स्थलीय भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया एवं उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गये। उन्होने प्रधानाचार्य कक्ष में बने सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम से भी सभी कक्षों की स्थिति को देखा। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि जनपद में पुलिस भर्ती के लिए बनाए गये 13 केन्द्रों पर परीक्षा सकुशल, नकलविहीन एवं शांतिपूर्वक ढंग से सम्पन्न हुई। उन्होंने कहा कि सुरक्षा के मद्देनजर सभी परीक्षा केंद्रों के आसपास पुलिस बल की तैनाती की गई है। परीक्षा पर नजर रखने के लिए जोनल, सेक्टर एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट की नियुक्ति की गई है। पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने कहा कि नकल विहीन और शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा संपन्न कराई जा रही है।



पुलिस भर्ती परीक्षा का सीसीटीवी कन्ट्रोल कमांड सेन्टर में जायजा लेते डीएम।

उन्होने कहा यदि इस दौरान परीक्षा केंद्र के आसपास कोई भी कोई व्यक्ति संदिग्ध गतिविधि करता नजर आता है या कोई अभ्यर्थी अनुचित कार्य करता हुआ पाया जाता है तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। सभी परीक्षा केंद्रों पर प्रशासन एवं पुलिस द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए हैं। साथ ही जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन में स्थापित सीसीटीवी कन्ट्रोल कमांड सेन्टर का निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

# गाय की टक्कर से बाइक सवार की मौत, पुत्र घायल

**रामपुरा, जालौन।** सड़क पर अन्ना घूम रही गाय की टक्कर से बाइक सवार पिता की ठौर मौत हो गई वहीं पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया है। प्राप्त विवरण के अनुसार 30 अगस्त शुक्रवार की शाम समय लगभग चार बजे सूबेदार पुत्र रघुवीर निवासी नयागांव जिला भिंड अपने पुत्र कुलदीप राठौर के साथ जगम्मनपुर होते हुए माधौगढ़ की ओर जा रहे थे इस समय जगम्मनपुर से 3 किलोमीटर दूर रामपुरा रोड पर रामबाग के पास सड़क के किनारे घास खा रही एक गाय को पास में घास चर रही भैंस ने ठोकर मार दी जिससे भयभीत होकर गाय सड़क पर भागी गाय भैंस की इस लड़ाई में बाइक से सड़क पर जा रहे सूबेदार व कुलदीप चपेट में आ गए व सड़क पर गिरकर घायल हो गए।

# नवीन पाठ्यक्रम पर आधारित प्रशिक्षण का शुभारंभ

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**



ब्लॉक संसाधन केंद्र हैदरगढ़ पर नवीन पाठ्य पुस्तक आधारित चार दिवसीय प्रशिक्षण के चतुर्थ बैच का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार गौड़ ने किया । प्रथम सत्र में मास्टर ट्रेनर रमाकांत गुप्ता एवं मदन मोहन वर्मा ने एकेडमिक वर्ष 2024-2025 में नवीन पाठ्य पुस्तकों एवं कार्य पुस्तिका के उपयोग की रणनीतियों के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की। इसी सत्र में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार देव पाण्डेय ने प्रशिक्षण का निरीक्षण किया तथा संदर्भदाता एवं प्रतिभागियों से प्रशिक्षण के उद्देश्य एवं नवीन पाठ्य पुस्तकों के संदर्भ में जानकारी प्राप्त की साथ ही सभी प्रतिभागियों को निर्देश दिया कि कक्षा कक्ष में शिक्षण तकनीकियों का उपयोग करते हुए नवीन पाठ्य पुस्तकों को समुचित ढंग से क्रियान्वित करें। भोजन अवकाश के बाद तीसरे सत्र में प्रशिक्षक प्रियंका सिंह एवं रत्नेश यादव ने पाठ्य पुस्तक आधारित कार्य पुस्तिका की समग्र समझ विकसित करने के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। तत्पश्चात चौथे एवं अंतिम सत्र में प्रशिक्षक मदन मोहन वर्मा एवं रमाकांत गुप्ता ने पठन अभ्यास एवं शिक्षक संदर्शिकाओ पर समग्र समझ विकसित करने हेतु विस्तार पूर्वक चर्चा की। इस चार दिवसीय प्रशिक्षण में देवी शंकर पाण्डेय,गोपी पाण्डेय,राघवेंद्र सिंह,निरुपमा मिश्रा,कमलेश चौरसिया,साधना सिंह ,सीमा डांग ,प्रेम सिंह, पुष्पेंद्र द्विवेदी,पुनीत वर्मा सत्य शरण सिंह ,दीपक मिश्रा, उदित गुप्ता, रजनी बाला सिंह,प्रीति सिंह,लक्ष्मी सिंह,शुभम सिंह,दिनेश मिश्रा,पुष्पलता सिंह ,शिल्पी सिंह ,जयश्री ,पार्वती देवी ,अंकिता तिवारी,दीपक सिंह,नीतू सिंह दोहरे,अभय चौधरी आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

# ग्राम चौपाल में अनुपस्थित रहे कई अधिकारी

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**




खंड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में विकासखंड की इस्लामपुर ग्राम पंचायत में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में विकास विभाग, आशा बहू, आंगनबाड़ी एवं सफाई कर्मचारी को छोड़कर किसी भी विभाग का कोई भी प्रतिनिधि मौजूद नहीं रहा जिसके चलते ग्रामीणों में आक्रोश देखने को मिला।

चौपाल में सबसे पहले तीन ग्रामीणों द्वारा प्रधानमंत्री आवास की मांग की गई सचिव चंद्रेश कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास की आईडी चालू होते ही घर-घर पहुंच कर पात्र ग्रामीणों का आवास के लिए चयन किया जाएगा। इस अवसर पर ग्रामीणों द्वारा अंत्योदय राशन कार्ड जारी करने की मांग की गई । खाद्य एवं रसद विभाग के किसी प्रतिनिधि के मौजूद न होने की वजह से सचिव ने बताया कि जो अंत्योदय राशन कार्ड बन चुके हैं।

उन्हीं लोगों को अंत्योदय राशन कार्ड का राशन मिलेगा अन्य नये कार्ड नहीं बन पाएंगे। इसके अलावा ग्रामीणों ने किसान सम्मान निधि एवं बिजली के अधिक बिल की समस्या भी उठाई, परंतु इन विभागों के किसी भी प्रतिनिधि की मौजूदगी ना होने से समस्याओं का समाधान नहीं किया जा सका।। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता द्वारा चौपाल में मौजूद ग्रामीणों को विभिन्न विकास एवं कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई और ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाने की अपील की गयीं। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सचिव चंद्रेश कुमार, प्रधान मुकेश कुमार, प्रधान प्रतिनिधि दीनबंधु पांडे, समूह सखी, आशा बहू आंगनबाड़ी, सफाई कर्मचारी के अलावा किसी भी विभाग का कोई प्रतिनिधि मौजूद नहीं रहा जिसको लेकर ग्रामीणों में आक्रोश देखने को मिला।

# समिति कर रही स्कूलों का निरीक्षण निजी स्कूलों की जांच हुई तेज

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी के निर्देश पर तहसील स्तरीय विद्यालय जांच समिति द्वारा विद्यालयों का निरीक्षण कर स्थित का अवलोकन किया गया। शुक्रवार को जांच समिति के अध्यक्ष तहसीलदार नरसिंह नारायण वर्मा के साथ खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार व जीआईसी प्रधानाचार्य अंनत कुमार यादव ने थाना सफदरगंज पुलिस के साथ संत भगवान औसान दास इंटर कॉलेज बाबा पुरवा डूडी व बाबा रतनदास इंटर कॉलेज डूडी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में विद्यालय अभिलेख , मान्यता प्रपत्र,फायर उपकरण , शिक्षण सहायक सामग्री आदि का अवलोकन किया गया। बाबा रतनदास दास विद्यालय भवन काफी खराब स्थिति में पाया गया। यहां भवन की दीवारों से झड़ते हुए प्लास्टर को पुनः कराने व नामांकन के सापेक्ष कम उपस्थिति को सही करने के निर्देश दिए गए। वहीं समिति ने संत भगवान औसान दास इंटर कॉलेज परिसर में रखे कबाड़ बांस बल्ली आदि को हटाने के लिए निर्देश दिया।

तहसीलदार सिरौलीगौसपुर नरसिंह नारायण वर्मा ने बच्चों से गणित के प्रश्न भी पूछे जिन्हें बच्चों ने हल कर दिया। उपस्थित सभी सदस्यों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विद्यालय प्रबंधन को विद्यालय में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखने की हिदायत भी दी है।

# पत्नी से मारपीट करने वाले युवक पर मुकदमा दर्ज

**जैदपुर, बाराबंकी।** पुलिस अधीक्षक के आदेश पर जैदपुर पुलिस ने नशे मे आये दिन पत्नी से मारपीठ करने एक व्यक्ति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। मामला जैदपुर थाना के कस्बे के मोहल्ला छेदा कटरा है जहां की तबस्सुम पुत्री स्व मो. हारून ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि उसकी शादी 11 वर्ष पहले चांद मो. पुत्र अलीमुद्दीन निवासी बिहारी नगर थाना मुराईन जिला फतेहपुर के साथ हुयी और वो नशे में धुत्त होकर मारता पीटता है। जिसे लेकर परिवार के लोग समझा बुझाकर भेज देते थे। 20 अगस्त की रात को जान से मारने के लिये हथौड़ा लेकर आया तो जाग गयी और किसी तरह जान बचाई परंतु उसे बंधक बनाकर कमरे में बंद कर लिया मामले की जानकारी फोन से परिवार के लोगों को देने पर पुलिस के सहयोग से भाईयों द्वारा मैके लाया गया।



# पर्यावरण संगोष्ठी व टैबलेट वितरण कार्यक्रम आयोजित

**बाराबंकी।** उच्च शिक्षा में अध्ययनरत छात्र/ छात्राओं के तकनीकी सशक्तिकरण हेतु स्मार्टफोन/टैबलेट वितरण योजना के अंतर्गत जे.बी.एस इंस्टीट्यूट ,बन्दी का पुरवा, बाराबंकी में डी. फार्मा के अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं को टैबलेट का वितरण मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य अंगद कुमार सिंह व संस्थान प्रबंधक पूनम सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया! टैबलेट पा कर के छात्र /छात्रओ के चेहरे खुशी से खिल उठे/ बतौर मुख्य अतिथि एमएलसी ने सरकार की योजनाओं की सरहाना करते हुए उपलब्धियों को गिनाया। जेबीएस इंस्टीट्यूट की प्रबंधक श्रीमती सिंह द्वारा अतिथियों को सम्मानित किया और जल संरक्षण समिति बनाने की बात कही एवम छात्र-छात्राओं को संबोधित किया गया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या रेनू सिंह, डॉ अन्नपूर्णा रानी,डॉ अनुराधा श्रीवास्तव, डॉ एस.के. श्रीवास्तव, डी.एल.एड. विभागाध्यक्ष सहदेव शुक्ला, रोली, प्रतिभा कुशवाहा,ममता तथा फूलमती सिंह इंस्टीट्यूट से आए बी.एड. विभागाध्यक्ष दीपक रावत विद्यावती सहित अन्य शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहें।

## खबरें एक नजर में

### शरीफाबाद के जंगल मे दिखा तेंदुआ, हड़कंप

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** सुबेहा थाना क्षेत्र अंतर्गत शरीफाबाद जंगल के किनारे गस्त के दौरान शुक्रवार की सुबह तेंदुआ देखे जाने से वन विभाग में हड़कंप मच गया ।सूचना पाकर टीम के साथ मौके पर पहुंचे वन दरोगा अनुज सिंह ने कांबिंग कराई लेकिन कोई सफलता हासिल नहीं हो सकी है जंगल में तेंदुआ देखे जाने के बाद से इलाके में दहशत का माहौल व्याप्त हो गया है। वन दरोगा अनुज सिंह ने बताया की शुक्रवार की सुबह मुंशी राजकुमार जगल में गस्त करने गया हुआ था तभी उसे जगल के किनारे तेदुआ दिखाई पड़ा जिससे खौफजदा हो गया। मुंशी की सूचना मिलते ही टीम के साथ मौके पर पहुंच गए और जानवर को पकड़ने हेतु कांबिंग कराई गई लेकिन सफलता नहीं मिल सकी है मौके से जानवर के पंजे के निशान मिले है जिसको टेस्ट हेतु लैब भेजा जाएगा ।जानवर को पकड़ने हेतु काबिंग जारी है। जानवर पकड़े न जाने तक गांव वालो को सतर्क रहने के लिए कहा गया है। फिलहाल अभी तक तेदुआ वन विभाग की पकड़ से दूर होने से इलाके के लोगो में दहशत का माहौल कायम है।

### वाहन की टक्कर से अधेड़ की मौत

**रामनगर बाराबंकी।** थाना रामनगर के अन्तर्गत चौकाघाट के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से एक अधेड़ की मौत हो गई ।घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया ।ग्रामीणों के मुताबिक ग्राम दुर्गापुर निवासी 55 वर्षीय राम सिंह पुत्र बच्चू लाल शुक्रवार की सुबह जानवरों के लिए हरा चारा लेने गये थे ।वह जब बाराबंकी गोंडा हाईवे स्थित तपेसिपाह मोड़ के निकट पहुँचे तभी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी ।जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गये वहां मौके पर मौजूद लोगों ने इलाज के लिए स्थानीय सीएचसी भेजा जहां पर चिकित्सकों ने उन्हे मृत्य घोषित कर दिया ।सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को देकर शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### बस चालक ने बाइक सवार को मारी टक्कर, घायल

**जैदपुर बाराबंकी।** स्कूल बस के चालक ने मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी जिससे मोटरसाइकिल छत ग्रस्त होने के साथ उसपर सवार महिला भी गंभीर रूप से घायल हो गयी जिसकी शिकायत पीड़ित ने थाना जैदपुर में की है। पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार देवीगंज थाना असंद्रा निवासी सर्वेश कुमार पुत्र रमेश चंद्र ने थाना जैदपुर में शिकायत करते हुये बताया कि वो अपनी मोटर साइकिल से अपनी पत्नी के साथ जैदपुर आया था। और नवाबपुर धान मील के पास जैदपुर की ओर से आ रही तेज रफ्तार सांई इंटर जैदपुर की बस चालक कमलेश यादव ने जोरदार टक्कर मार दी। जिसके चलते उस मोटरसाइकिल पर पत्नी चोटिल हो गयी। और मोटरसाइकिल भी छत ग्रस्त हो गयी। घायल पत्नी का इलाज आकांक्षा अस्पताल भिटरिया में चल रहा है। जैदपुर पुलिस द्वारा उक्त मामले में मुकदमा दर्ज जांच पड़ताल शुरू कर दी गयी है।

### घर में सो रही लड़की से छेड़छाड़ की हुई शिकायत

**जैदपुर बाराबंकी।** घर के बाहर सो रही एक लड़की से रात में छेड़ छाड़ करने वाले गांव के एक यूवक के विरुद्ध थाने मे की गयी शिकायत। जैदपुर पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल जारी है। मामला जैदपुर थाना के एक गांव का जहां की एक 18 वर्षीय लड़की ने थाने में शिकायत करते हुये बताया कि गांव के एक यूवक ने दिनांक 29/8/2024/ की रात दो बजे बाद उस समय छेड़छाड़ करने लगा जब वो घर के बाहर सो रही थी। शोर मचाने पर वो यूवक मौके से भाग निकला जबकि पूर्व में भी छेड़छाड़ करने की बात बतायी है। मामले को तत्काल संज्ञान में लेते हुए जैदपुर पुलिस द्वारा आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है।

# चौपाल लगाकर एसडीएम ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

**पंजीकृत 133 छात्र-छात्राओं के सापेक्ष 113 बच्चे मिले मौजूद**

उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें नाली सफाई, चक मार्ग, बारात घर, वरासत, पट्टा, राशन कार्ड से संबंधित 16 शिकायतें आईं। मौके पर सात शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया।

विकासखंड सिरौलीगौसपुर की ग्राम पंचायत श्याम नगर के पूर्व माध्यमिक विद्यालय में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल के दौरान उपजिलाधिकारी आनंद तिवारी ने सबसे पहले विद्यालय का निरीक्षण किया। जहां पंजीकृत 133 छात्र-छात्राओं के सापेक्ष 113 बच्चे मौजूद मिले। प्रधानाध्यापक सूर्यकांत यादव ने बताया कि बच्चों के सापेक्ष मात्र दो शिक्षक हैं। एसडीएम ने बच्चों से सवाल पूछ कर शिक्षा के स्तर की गुणवत्ता की जांच किया और अध्यापकों की संख्या बढ़ाए जाने का आस्वाशन दिया है। वहीं कक्ष में गंदगी देखकर साफ किए जाने के निर्देश दिए। चौपाल के दौरान ग्रामीणों ने दनापुर ड्रेन की सफाई न किए जाने की बात सभी ग्रामीणों ने एक राय होकर उठाई। जिस पर उपजिलाधिकारी ने पंचायत सचिव व ग्राम प्रधान को तत्काल साफ कराए जाने के निर्देश दिए । इस दौरान नाली निर्माण, चक मार्गों पर अवैध कब्जा, बारात घर की साफ सफाई , आपूर्ति आदि विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 16 शिकायतें आई। मौके पर 7 शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया। हल्का लेखपाल सुधांशु ने चार मृतको के परिवार को वरासत कर खतौनी सौपा है। वहीं कुम्हारी कला के तीन पट्टे किए गए हैं। दो चक मार्गों पर अवैध कब्जा खाली कराया गया इस मौके पर तहसीलदार नरसिंह नारायण वर्मा, खंड विकास अधिकारी आदिति श्रीवास्तव, सीएचसी अधीक्षक डाक्टर संतोष कुमार,पूर्ति निरीक्षक अनुज कुमार,सीडीपीओ अर्चना वर्मा, एवं बिजली विभाग से अवर अभियंता बीडी यादव,जल जीवन मिशन, पंचायत सचिव कुलदीप श्रीवास्तव ग्राम प्रधान कुशमेश कुमार के अतिरिक्त ग्रामीण मौजूद रहे।वही सैदनपुर में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मसूद रियाज की अध्यक्षता व सचिव कुलदीप वर्मा के नेतृव में चौपाल का आयोजन किया गया जिसमे शिकायतें सुनी गई।

# बेटियों के लिए प्रेरणा-पथ है वैष्णवी की सफलताः राजू भैया

**हैदरगढ़, बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

**भारतीय सेना की मिलिट्री नर्सिंग सर्विसेज में लेफ्टिनेंट रैंक हासिल करने पर वैष्णवी सिंह का स्वागत**

भारतीय सेना में एमएनएस की लेफ्टिनेंट रैंक हासिल करने वाली वैष्णवी सिंह की यह उपलब्धि बेटियों व युवाओं के लिए प्रेरणा सिद्ध होगी। जिसे आत्मसात करके अन्य बेटियां व युवा भी अपने जीवन के लक्ष्य की प्राप्ति कर सकेंगे। उक्त बात हिंदी पत्रकार एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष एवं सामाजिक कार्यकर्ता कृष्ण कुमार द्विवेदी राजू भैया ने आज ग्राम गोतौना में वैष्णवी सिंह को सम्मानित करते हुए कही। प्रदेश अध्यक्ष राजू भैया ने कहा कि ग्रामीण अंचल से शिक्षा हासिल करके वैष्णवी सिंह ने भारतीय सेना में एमएनएस पद पर नियुक्ति पाकर हैदरगढ़ ही नहीं बल्कि बाराबंकी का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि वैष्णवी की सफलता से क्षेत्र के उन तमाम युवाओं को दिशा मिलेगी जो अपने जीवन में लक्ष्य प्राप्ति के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

राजू भैया ने कहा कि वैष्णवी सिंह की सफलता यह जाहिर करती है कि बेटियां भी सफलता का कोई भी स्वर्णिम इतिहास लिखने में पीछे नहीं है। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में मेहनत करने वाले अभ्यार्थियों का आवाहन किया कि वह कड़ी मेहनत एवं पूरे समर्पण के साथ लक्ष्य प्राप्ति करने के लिए आगे बढ़े।

# बाल श्रम उन्मूलन अभियान में दो सेवायोजकों को नोटिस

**बाराबंकी।** शासन और जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में श्रम विभाग बाराबंकी के नेतृत्व में , चाइल्ड लाइन और संवाद सामाजिक संस्थान एनजीओ व एएचटीयू की संयुक्त टीम द्वारा जनपद की देवा बाजार व फतेहपुर बाजार में सघन रुप से बालश्रम उन्मूलन अभियान का संचालन किया गया जिसमें कई प्रतिष्ठानों पर छापेमारी कर एक बालश्रमिक को कार्य करते पाये जाने से अवमुक्त कराया गया अवमुक्त बाल श्रमिक को मेडिकल करा कर बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया । अभियान में 2 प्रतिष्ठानों के सेवायोजकों के विरुद्ध बाल श्रम अधिनियम 1986 के तहत नियमानुसार नोटिस जारी की गयी। अभियान में श्रम प्रवर्तन अधिकारी मोहन लाल यादव एवं योगेश दीक्षित के साथ चाइल्ड हेल्प लाइन के जिला समन्वयक मनोज कुमार व संवाद सामाजिक संस्थान के जिला समन्वयक विनोद कुमार के साथ ए एच टी यू टीम रही।

# रंजिश के चलते की मारपीट

**जालौन (उरई)।** रंजिश के चलते एक व्यक्ति ने दूसरे व्यक्ति के साथ गाली, गलौज करते हुए मारपीट कर दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफकार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला रापटगंज निवासी महाविश ने पुलिस को बताया कि मोहल्ला खटीकान निवासी राजू उर्फ रफीक उससे रंजिश मानते हैं। रंजिश के चलते अक्सर उसके साथ विवाद करते रहते हैं। शांति बनाए रखने के लिए वह उनकी बात को अक्सर टाल देता है। जिससे उसके हौसले बढ़ गए। पीड़ित ने आरोप लगाया कि वह अपने घर जा रहा था। तभी रास्ते में राजू ने जबरन उसे रोक लिया और रंजिश को लेकर गाली, गलौज शुरू कर दी। मना करने पर उसने मारपीट कर दी।

# बीएसए के नाम पर हो रहा भ्रष्टाचार नहीं ले रहा थमने का नाम

**उरई, जालौन समृद्धि न्यूज।**

**जिलाधिकारी से मिल अभ्यर्थियों ने सौंपा शिकायती पत्र**

जिला बेसिक शिक्षाधिकारी के नाम पर हो रहा कथित भ्रष्टाचार थमने का नाम नहीं ले रहा है। पिछले दिनों सात अगस्त को विकास भवन सभागार में जिला समन्वयक बालिका शिक्षा के हुये साक्षात्कार में दो अभ्यर्थियों ने जिलाधिकारी को दिये गये शिकायती पत्र में बेसिक शिक्षाधिकारी द्वारा अपने खास व्यक्ति की फर्जी डिग्री लगवाकर उसकी नियुक्ति करने का आरोप लगाते हुये समूचे साक्षात्कार प्रक्रिया की जांच कराये जाने की मांग की है ताकि वास्तव में सही अभ्यर्थी का चयन की प्रक्रिया संपन्न करायी जा सके। विकास भवन सभागार में अभ्यर्थी अमित वर्मा एक अभ्यर्थी की हैसियत से नहीं बल्कि साक्षात्कार लेने वाले की तरह कार्य कर रहा था।

अभ्यर्थी अमित वर्मा ने ही एक रजिस्टर में सभी मौजूद अभ्यर्थियों से हस्ताक्षर करवाये थे साथ ही उसने पहले नंबर पर अपना नाम एवं हस्ताक्षर किया था। साक्षात्कार के दौरान जिन अभ्यर्थियों ने रजिस्टर पर हस्ताक्षर किये थे उक्त रजिस्टर की हैंडराइटिंग चेक करवा सकते हैं।

# रामलीला समन्वय समिति ने आयोजन स्थलों का लिया जायजा

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।**



नगर में चारों तरफ श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव की धूम छाई हुई है। एक तरफ भगवान कृष्ण की झांकियां सजाई गई है,नगर के मंदिर सजे हुए हैं वही दूसरी ओर अनेकों जगहों पर पंडाल लगाकर भगवान श्री राधा कृष्ण की मूर्ति की स्थापना के पश्चात पूजन अर्चन का कार्यक्रम चल रहा है।बीती शाम केंद्रीय दुर्गा पूजा एवं रामलीला समन्वय समिति के अध्यक्ष मनोज जायसवाल अपने सहयोगियों के साथ नगर में स्थापित पूजा पंडालों के भ्रमण के लिए निकले,जहां उन्होंने प्रत्येक श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पूजा पंडालों के पदाधिकारियों से मुलाकात की तथा महोत्सव के संदर्भ में जो भी समस्याएं बाकी रह गई है,उनके निस्तारण के भी प्रयास तेज करने की बात कही। मुख्य रूप से सजाए गए पूजा पंडालों में साहबगंज पुलिस चौकी के पीछे, कांति नगर नाका,शिवनगर, मलिकपुर,अवध विश्वविद्यालय के पीछे नई कालोनी,कोहारन लालबाग में चार स्थानों पर और लालबाग पानी टंकी के निकट पूजा पंडालो में भगवान श्री राधाकृष्ण की पूजन अर्चन का कार्यक्रम चल रहा है। परंपरागत रूप से छठी के अगले दिन एक सितंबर दिन रविवार को भगवान श्री कृष्ण की भव्य शोभायात्रा अपने अपने पूजा पंडालो से निकलकर फतेहगंज,चौक, रिकाबगंज,नियावां के रास्ते कैंट होते हुए गुप्तार घाट पर जाकर विसर्जन का कार्यक्रम संपन्न होगा। भ्रमण करने वालों में प्रमुख रूप से केंद्रीय समिति के सहसंयोजक गगन जायसवाल, जोनल प्रमुख अतुल सिंह, बजरंगी साहू,तरुण गुप्ता डंपी, चंदन गुप्ता,आलोक शंकर, अखिलेश पाठक अंजनी पांडेय आदि उपस्थित रहे।



# प्रधान-सचिव की अध्यक्षता में हुई खुली बैठक

**कुसमिलिया,जालौन।** डकोर ब्लाक खंड क्षेत्र के कहटा गांव में प्रधान मंत्री आवास योजना के तहत सचिवालय के परिसर पर पारदर्शिता को देखते हुए प्रधान सतेंद्र परिहार व सचिव पुष्पेंद्र सिंह की अध्यक्षता में खुली बैठक का आयोजन किया गया। खुली बैठक में गांव के लोगों की समस्याएं सुनी गई साथ ही केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजना आवास के बारे में लोगों को जानकारी देकर जागरूक किया। बताया गया कि सरकार द्वारा गरीबों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना चलाई जा रही है। जिससे जितने भी ग्रामीण जिनके पास पक्का मकान नहीं है उन्हें आवास बनाने के लिए सरकार द्वारा एक लाख बीस हजार रुपए की मदद की जा रही है। जो लोग पात्रता श्रेणी में आते है वह अपना प्रधानमंत्री आवास का फार्म ऑनलाइन भर सकते है। सचिव ने टीम सहित गांव में 36 पात्र व्यक्तियों की सूची बनाकर तैयार की व गांव में भ्रमण कर सर्वे किया।

# एसपी ने किया तैराकी प्रतियोगिता का शुभारंभ

**सिद्धार्थनगर, समृद्धि न्यूज।**

जिले के स्पोर्ट्स स्टेडियम में शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह की अध्यक्षता में 62वी अन्तर जनपदीय तैराकी व क्रासकन्ट्री प्रतियोगिता 2024 का शुभारम्भ किया गया। इसमें गोरखपुर जोन के कुल दस जिलों की टीमों ने प्रतिभा किया जिसमें गोण्डा, बस्ती, महराजगंज, गोरखपुर, देवरिया, बहराइच, बलरामपुर, संतकबीरनगर, कुशीनगर व सिद्धार्थनगर की टीम शामिल रही जबकि श्रावस्ती कतिपय कारणों से प्रतिभाग नहीं कर सकी।

तैराकी प्रतियोगिता के उद्घाटन सत्र संपन्न होने के बाद प्रथम इवेंट 100 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक पुरुष वर्ग संपन्न हुआ जिसमें जनपद बहराइच से उप निरीक्षक हरिलाल सिंह ने प्रथम स्थान,जनपद सिद्धार्थनगर से सर्विलांस सेल में तैनात आरक्षी अभिनंदन सिंह ने द्वितीय स्थान तथा जनपद कुशीनगर से उपनिरीक्षक सभाजीत सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में द्वितीय इवेंट 200 मीटर व्यक्तिगत मिडले पुरुष वर्ग का संपन्न हुआ जिसमें जनपद सिद्धार्थनगर से आरक्षी अभिनंदन सिंह ने प्रथम स्थान,जनपद सिद्धार्थनगर से ही मुख्य आरक्षी रामप्रीत गौड़ ने द्वितीय स्थान तथा महाराजगंज से आरक्षी रविंद्र प्रताप सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया जबकि तृतीय इवेंट 4X100 मीटर फ्री स्टाइल रिले पुरुष वर्ग का रहा जिसमें जनपद सिद्धार्थनगर से प्रतिभाग करते हुए मुख्य आरक्षी रामप्रीत गौड़,मुख्य आरक्षी राजेश यादव, आरक्षी अभिनंदन सिंह व आरक्षी आनंद निषाद ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।



महराजगंज से प्रतिभाग करते हुए निरीक्षक धनंजय राय,मुख्य आरक्षी ओम प्रकाश यादव,आरक्षी हरेंद्र यादव व आरक्षी रविंद्र प्रताप सिंह ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा जनपद कुशीनगर से प्रतिभाग करते हुए उप निरीक्षक सभाजीत सिंह,मुख्य आरक्षी प्रदीप राय, मुख्य आरक्षी कन्हैया लाल गौड़ तथा आरक्षी संतोष उपाध्याय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इस प्रतियोगिता के दौरान क्षेत्राधिकारी सदर अरुण कांत सिंह, क्षेत्राधिकारी अपराध सुजीत राय, प्रतिसार निरीक्षक बी.एन. गुप्ता, निरीक्षक सूरज नाथ सिंह, पीटीआई रामकरन व आरक्षी चंद्रिका श्रीवास्तव मौजूद रहे।

# डॉ. रेनू को मिला श्रीलाल शुक्ल स्मृति इफको साहित्य सम्मान

**गोरखपुर,समृद्धि न्यूज।**

राजधानी गांव की झंगहा निवासी पूर्व प्राचार्य छत्रधारी यादव के दिवंगत भाई राम कवल यादव के छोटे पुत्र कमलेश यादव की पत्नी प्रो डॉ रेनू श्री लाल शुक्ल स्मृति युवा सम्मान से सम्मानित होंगी। डॉक्टर रेनू की काव्य संग्रह काला सोना के लिए इस पुरस्कार के लिए चुना गया है। डॉक्टर रेनू पूर्व में भी कई पुरस्कार प्राप्त कर चुकी है। और लगातार अपनी बेहतरीन रचना के द्वारा समाज को एक नई दिशा देने की कोशिश रहती है। जिससे वर्वतमान पीढ़ी के युवा प्रेणना ले सके वर्तमान में उनके



पति कमलेश यादव देश के गृह मंत्री के कमांडो यूनिट में कार्यरत हैं। रेनू दंपति को एक पुत्री है जिसका नाम स्वधा है। डॉक्टर रेनू के इस सम्मान से उनके पैतृक गांव राजधानी में लोगो ने एक दूसरे को मिठाई खिला कर खुशी जाहिर की। उनके गोरखपुर जिले के राजधानी स्थित ब्रदर्स हाउस में खुशी की लहर दौड़ गई। गौरतलब है की एक समारोह में आगामी 30 सितंबर को प्रो रेनू को दो लाख पचास रुपए,अंग वस्त्र और प्रशस्ति पत्र दिए जायेंगे।

# यह लाल रंग क्रांति, हमारे इमोशन, मेल मिलाप का है: अखिलेश यादव

**छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

**आम** लोकसभा चुनाव के बाद प्रथम बार शहर में आगमन पर सपा कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से सपा सुप्रीमो सांसद पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का जगह-जगह पर किया भव्य स्वागत हरियाणा में सपा के चुनाव लडने के सवाल पर बोले अखिलेश - कहां चुनाव लडना है पार्टी तय करेगी, भविष्य में सपा राष्ट्रीय पार्टी केसे बने इस पर सपा नेता हम लोग काम करेंगे।

उन्होंने यह बात उमर फारूक उर्फ बंटी बंटी के आवास पर कई उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कन्नौज सांसद अखिलेश यादव को चांदी का मुकुट गुलगुस्ता उमर फारूक उर्फ बंटी ने भेंट किया और फूल मालाओं से स्वागत किया। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मां कन्नौज सांसद अखिलेश यादव ने भाजपा पर निशाना करते हुए कहा कि भाजपा पार्टी घबराई हुई है इसलिए उल्टा सीधा बयान बाजी में लगे हुए हैं लोकसभा में भाजपा को अपनी मुंह की खाना पड़ी जबकि अयोध्या में सपा सांसद ही बने अयोध्या जैसी धरती पर सपा ने जीत हासिल की है यह भगवान राम की कृपा है हमें भाजपा सरकार में गाजियाबाद से लेकर पूरे प्रदेश में बहन बछिया महिलाओं के साथ लगातार अपराध बढ़ रहा है इस पर भाजपा चुप्पी सादी हुई है। यह बात उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री वी कन्नौज के सांसद अखिलेश यादव ने प्रेस वार्ता के दौरान कहिए। योगी के लाल टोपी वाले बयान पर - कभी कभी सदमा लगता है किसी के चोट लग जाए तो कुछ और बोलते, यह लाल रंग क्रांति, हमारे इमोशन, यह मेल मिलाप का है, यह रंग हमारे पारिवारिक कार्यक्रम होते हम जब खुश हो या दुखी हो तो चहरे लाल हो जाते। मुख्यमंत्री जी इमोशन नही समझ





सकते, और देखो हमारे तो बाल भी है सर पे तो कम से कम यह टोपी उनके तो काम आ सकती जिनके बाल न हो आज गंजे लोग है। जो काले रंग की टोपी पहनते हैं। उनका तो सब कुछ काला होगा। इस लिए काले पर बहस नही कर रहे हम, हमारा लाल रंग मेल मिलाब खुशी त्यौहारो का है। आखिर कार नाराजिगी क्या है यह जो हर का सदमा है।जो हार की वहज से सदमे से नही उबर पा रहे हैं। इस लिए उन्हें हर जगह लाल लाल लाल रंग दिखा दे रहा है।फर्रुखाबाद घटना पर अखिलेश ने कहा– दोनो लोगो की जान गई, हत्या हुई या आत्महत्या कर ली जान गई सरकार के पास कोई जवाब नही,देश में पैगंबर ए इस्लाम बिल की मांग पर अखिलेश का बयान - किसी भी धर्म का अपमान नहीं होना चाहिए हमारे मुख्यमंत्री को नहीं देखा बांग्लादेश पर चिंतित हैं देश के प्रधानमंत्री चाहिए और जब देश की सरकार यह कहती है जब पॉलीटिकल पार्टी जनता में जवाब न दे तो विपक्ष के लोग इतिहास कर रहे हैं बीजेपी के लोग नहीं कर रहे हैं। इस मौके पर सपा नेता नवाजिश अंसारी बबल ठाकुर रवि यादव उर्फ बंटू सपा जिला अध्यक्ष कलीम खान पूर्वजिला पंचायत अध्यक्ष तहसील सिद्दीकी जिला पंचायत सदस्य जुनैद सिद्दीकी वसीम कुरैशी आदिल शालू यादव जितेंद्र पाल बोरा मोहन यादव आदि हजारों की संख्या में मौजूद थे।

## पूर्व मुख्यमंत्री का कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से किया स्वागत

**छिबरामऊ कन्नौज।** सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव शहर में जगह-जगह स्वागत किया गया हाईवे के किनारे श्री कृष्णा हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉक्टर वैभव दुबे वउनके साथियों ने उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री को 21 किलो की माला पहनकर उनका स्वागत किया गया और श्री कृष्णा हॉस्पिटल के डायरेक्टर वैभव दुबे को मुलाकात कर आशीर्वाद दिया इस मौके पर सपा नेता मोहित यादव चंद्रजीत यादव एडवोकेट प्रदीप यादव आशीष पाल संतोष यादव रवि यादव उर्फ मंटू आदि कमलेश यादव प्रधान देवेंद्र यादव देवेंद्र प्रधान आदि हजारों की संख्या में मौजूद रहे।



# पूर्व मुख्यमंत्री ने पूर्व विधायक की माता को दी श्रद्धांजलि

- परिजनों से मुलाकात कर बंधाया ढांढस, व्यक्त की शोक संवेदना
- अखिलेश बोले हार के सदमे से लाल रंग को नहीं भुला पा रहे मुख्यमंत्री

**जलालाबाद (कन्नौज), समृद्धि न्यूज़**

**पूर्व** विधायक कल्याण सिंह दोहरे की माता के शांतिपाठ कार्यक्रम में उनके पैतृक गांव पहुंचे। पूर्व मुख्यमंत्री ने परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की और पूर्व विधायक की दिवंगत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धाजलि दी। उन्होंने जनता के बीच पहुंच कर मुलाकात भी की। शुक्रवार को क्षेत्र के ग्राम गौरियापुर पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री व सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री के लाल टोपी वाले बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि मौजूदा



मुख्यमंत्री हार के सदमें से उभर नहीं पाए है। इसीलिए उन्हे अब लाल रंग से भी डर लगने लगा है। जबकि लाल रंग क्रांति और भावनाओं का प्रतीक है। धार्मिक व पारिवारिक कार्यों में भी इसी रंग का प्रयोग होता है। खुशी और दुख में यही रंग चेहरे पर दिखता है। लेकिन मुख्यमंत्री भावनाओं को भी नहीं समझ पाते है। काले रंग की टोपी पहनने वालों का सब कुछ काला होता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार पूरी तरह से विफल हो गई है। प्रदेश में अपराध चरम पर है। फर्रूखाबाद में दो बेटियों को लटका दिया गया। जबकि सुल्तानपुर मे व्यापारी के साथ लाखों की लूट हो गई। भाजपा सरकार में कोई भी सुरक्षित नहीं है। गरीबों की मांग पर सरकार ने सर्किल रेट नहीं बढ़ाया। अपने लोगों को जमीने खरीदवाने के बाद अपने लोगों को फायदा दिलाने के लिए सर्किल रेट बढ़ा रही है। कंगना रानावत के जातीय जनगणना वाले बयान पर कहा कि भाजपा मुद्दे बनाने में माहिर है। अपने ही लोगों से बयानबाजी कराकर मामलों को उलझाने का काम करती है। लेकिन जनता सब जान और समझ रही है।

इस मौके पर पूर्व विधायक कल्याण सिंह दोहरे, पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तहसीन सिद्दीकी, जयकुमार तिवारी, राज सिंह उर्फ छोटे ठाकुर, जगमोहन सिंह यादव, बजरंग सिंह चौहान, कलीम खान, कल्याण सिंह यादव, ग्रीश पाठक, भोला कटियार, अशोक यादव सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# कंचौसी रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं का टोटा

**औरैया।** एक तरफ भारत सरकार स्वच्छता अभियान पर जोर दे रही है। जबकि कंचौसी रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म के आसपास फैली गंदगी इसकी धज्जियां उड़ाती दिख रही है। आधे से अधिक प्लेटफार्म एक और दो का आधे से ज्यादा हिस्सा झाड़ियों से पटा हुआ है।

कस्बा स्थित रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म का आधे से अधिक हिस्सा गंदगी से ढका हुआ है। झाड़ियों से अक्सर शाम को जहरीले कीड़े रेंगते दिखते हैं। यात्रियों के लिए हमेशा खतरा बना रहता है। साफ सफाई के अभाव में यहां गंदगी का साम्राज्य नजर आता है। इज्जतघर के आसपास उगी घास व झाड़ियों से यह अनुपयोगी हैं।गंदगी से संक्रामक बीमारियां उतपन्न होने का खतरा बढ़ गया है। लघुशंका के लिए यात्रियों को खुले में जाना पड़ता है। प्लेटफार्म पर दो हैंडपंप भी खराब पड़ा हुआ है। रेलवे प्लेटफॉर्म पर लगे प्याऊ से टोटियां भी गायब हो चुकी है। पेयजल के लिए यात्रियों को भटकना पड़ता है। स्टेशन परिसर की सफाई के लिए कई सफाई कर्मी नियुक्त हैं। दोनों प्लेटफॉर्म शराबियों का अड्डा बने हुए हैं। शराब पीकर उत्पाद भी मचाया जाता है। महिला यात्रियों को शर्मिंदा होना पड़ता है। अक्सर रेलवे फुट ओवर पर भी शराबी उत्पाद मचाते है। जो महिला यात्रियों के लिए बेहद खतरनाक है। स्टेशन की सुरक्षा के लिए कस्बे की जनता ने पुलिस चौकी की मांग भी की लेकिन अभी तक कोई ध्यान नहीं दिया गया। रेलवे में स्टेशन की साफसफाई मेंटीनेंस का प्रति वर्ष बजट आता है। लेकिन कागजों में ही सिमट कर रह जाता है। जबकि इस रेलवे स्टेशन पर चार जोड़ी मेमो पैसेंजर और दो एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव भी है।

# खबरें चलते-चलते

## अभियोजन कार्यों में गंभीरता से करें प्रभावी पैरवी, दोषियों को दिलायें सजा: एडीएम

**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी आलोक सिंह के निर्देशन में अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमित कुमार की अध्यक्षता में आयोजित अभियोजन कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक में निर्देशित किया गया कि गम्भीर प्राकृति के वादों में प्रभावी पैरवी कर अधिक से अधिक दोषियों को सजा दिलायी जाये, जिससे अपराधी प्रवृत्ति के लोगों को यह स्पष्ट संदेश जाये कि छोटा से छोटा अपराध करने पर भी वे सजा से बच नहीं सकते हैं। साथ ही न्यायालय में साक्ष्य के लिए आने वाले गवाहों से शत प्रतिशत गवाही करायी जाये तथा दोषमुक्त मामलों में नियमानुसार अपील की कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाय। उन्होंने सभी अधिकारियों और शासकीय अधिवक्ताओं से कहा कि अभियोजन के कार्य को गंभीरता से लें तथा विभागीय कार्यों के साथ साथ अभियोजन के कार्यों में गंभीरता दिखायें। बैठक में दोषसिद्ध, दोषमुक्त वादों तथा टॉप टेन मामलों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित को दिए गए। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि पॉक्सो एक्ट तथा गंभीर अपराध से जुड़े मामलों में संवेदनशील होकर कार्यवाही कराएं। सभी जिला अभियोजन पदाधिकारी, सहायक अभियोजन पदाधिकारी, लोक अभियोजक और अपर लोक अभियोजक को स्पीड ट्रायल से संबंधित मामलों के निष्पादन में प्रगति लाने हेतु निर्देश दिए। इससे पहले उन्होंने स्पीडी ट्रायल से संबंधित मामलों की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की साथ ही एक्साइज एक्ट, पॉक्सो एक्ट, एनडीपीएस एक्ट, एससी-एसटी एक्ट, हत्या, डकैती, बलात्कार, शस्त्र अधिनियम से संबंधित महत्वपूर्ण एवं गंभीर मामलों को चिह्नित करते हुए उसके निष्पादन के निर्देश दिये। मौके पर संबंधित अधिकारीगण, अभियोजन पदाधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## खेल प्रतियोगिताओं में बालिकाओं ने दिखाया दम

**कानपुर देहात।** उत्तर प्रदेश खेल निदेशालय के निर्देशानुसार राष्ट्रीय खेल दिवस यानी 29 अगस्त को मेजर ध्यानचंद की जन्म शताब्दी को उपलक्ष्य में स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित खेल सप्ताह में वॉलीबॉल, एथलेटिक्स तथा हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। खेल सप्ताह के पांचवें दिन एथलेटिक्स बालिका प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला क्रीड़ा अधिकारी नीलम सिद्दीकी ने हरी झंडी दिखाकर किया। जिसमे जनपद की 75 बालिका खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। एथलेटिक्स बालिका प्रतियोगिता में 100 मीटर रेस में शीतल प्रथम आस्था द्वितीय तथा प्रिया तृतीय रही। 200 मीटर रेस में शगुन गुप्ता प्रथम हिमांशी साहू द्वितीय तथा अनन्या तृतीय रही। लॉन्ग जंप में साक्षी प्रथम लक्ष्मी द्वितीय तथा खुशबू तृतीय रहीं।प्रतियोगिता में निर्णायकों की भूमिका में कुश्ती प्रशिक्षक रंजय यादव, बॉक्सिंग प्रशिक्षक आशीष कुमार शर्मा, एथलेटिक्स प्रशिक्षक विजय कुमार गुप्ता, माधव मिश्रा, वैभव तथा सुरेंद्र रहे। प्रतियोगिता में बच्चों का उत्साह वर्धन करने के लिए कई विद्यालयों के अध्यापक तथा आम जनमानस स्टेडियम में उपस्थित रहे।

## युवक तालाब में कूदा, डूबने से हुई मौत

**पनकी कानपुर।** क्षेत्र के प्रसिद्ध कछुआ दादू तालाब नागेश्वर मंदिर के महंत देवी दयाल पाठक के ज्येष्ठ पुत्र मोनू पाठक 36 वर्ष ने गुरुवार रात अपने घर से लड़ झगड़ कर कछुआ तालाब तक भागते हुए आया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि नशे में धुत युवक ने पहले सुरक्षा गार्ड शिवकुमार से लडते हुए मंदिर में तोड़फोड़ करने लगा। वहां पर लोगों को भी गाली गलौज देते हुए जब तक सुरक्षा गार्ड ने उसे पकड़ता तब तक उसने अपना हाथ छुड़ाकर तालाब में छलांग लगा दी। तालाब में गिरते ही वहां के आस पास लोगों ने उसे निकाल कर अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं क्षेत्र के लोगों का कहना है कि आए दिन नशे का लती होने के कारण घर पर पत्नी से विवाद किया करता था।

# चिकित्सक मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाऐं देने की दिशा में करें कार्य : डीएम

मैनपुरी। जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत जिला स्वास्थ्य समिति की मासिक समीक्षा के दौरान प्रथम रेफरल यूनिट कुरावली, किशनी, भोगांव में गर्भवती महिलाओं के ऑपरेशन की प्रगति निराशाजनक पाये जाने पर एफआरयू हेतु तैनात निश्चेतक डा. मनीष प्रताप सिंह, डा. स्नेहल त्रिपाठी, डा. शादाब हुसैन का तत्काल प्रभाव से वेतन रोके जाने के निर्देश देते हुये कहा कि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, चिकित्सक मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने की दिशा में कार्य करें, अपने-अपने तैनाती स्थल पर रात्रि विश्राम कर समय से ड्यूटी पर उपस्थित होकर मरीजों को सेवाएं दें, जरूरतमंद गर्भवती महिला को सरकारी स्वास्थ्य केन्द्र पर ही ऑपरेशन की सुविधा मिले ताकि गरीब परिवार को प्राइवेट चिकित्सालय में धनराशि व्यय न करनी पड़े। उन्होने उपस्थित चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अगले 02 महीने वेक्टर जनित बीमारियों के दृष्टिगत काफी संवेदनशील है, इसलिए सभी प्र. चिकित्साधिकारी अंतर्विभागीय अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर अपने-अपने क्षेत्र में डेंगू, अन्य वेक्टर जनित बीमारियों की रोकथाम हेतु प्रभावी कार्यवाही करें, यदि किसी भी गांव, क्षेत्र में वेक्टर जनित बीमारियों से ग्रसित व्यक्ति पाए गए तो संबंधित प्र. चिकित्साधिकारी की जिम्मेदारी तयकर दंडात्मक कार्यवाही होगी।उन्होने प्र. चिकित्साधिकारियों से कहा कि प्रसूताओं को समय से खाना, नाश्ता गुणवत्ता के साथ उपलब्ध कराया जाये, प्रसूताओं को ड्रापवैक की सुविधा मुहैया हो। उन्होंने प्र. चिकित्साधिकारियों, बाल विकास परियोजना अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने-अपने क्षेत्र के चिन्हित सैम-मैम बच्चों के स्वास्थ्य सुधार की दिशा में कार्य करें।

# भगवान श्रीकृष्ण का छठी महोत्सव धूमधाम से मनाया गया

- हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर जीवन को कृतार्थ किया

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज**

**श्री कृष्ण** जन्माष्टमी महोत्सव के तहत नगर के प्राचीन सती माता मंदिर एवं प्राचीन श्री राम मंदिर परिसर में भगवान श्री कृष्ण की छठी कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। आयोजकों द्वारा विधि विधान से पूजा वंदना कर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया।

शुक्रवार को नगर के सर्विस रोड स्थित प्राचीन सती माता मंदिर में वरिष्ठ समाजसेवी अशोक गुप्ता ने अपनी धर्म पत्नी/पालिकाध्यक्षा मुन्नी गुप्ता एवं श्रद्धालुओं के साथ विधि विधान से भगवान श्री कृष्ण के बाल रूप की पूजा बंदना मंदिर के महंत पंडित दीनबंधु पाठक ने संपन्न कराई। इसके बाद संत महात्माओं को दान दक्षिणा



पालिकाध्यक्षा के साथ पूजा अर्चना करते व संतो को भोज कराते समाजसेवी अशोक गुप्ता

देकर विशाल भंडारे का शुभारंभ किया गया। जिसमें हजारों महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता, संजीव गुप्ता संजू, विकास गुप्ता, हीरो गुप्ता, दीपक गुप्ता, मोनू गुप्ता, मनोज गुप्ता, गंगा सिंह, नवल गुप्ता, दीपक चक, अजय दीक्षित, अमन कठेरिया, ऋषभ दीक्षित, कमल कुशवाहा सहित तमाम लोग मौजूद रहे। उधर नगर के चौराहा स्थित प्राचीन श्री राम मंदिर परिसर में पूर्व पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि इंद्र कुमार गुप्ता ने अपनी धर्मपत्नी पूर्व पालिकाध्यक्ष राधा गुप्ता व वरिष्ठ समाजसेवी/मंदिर ट्रस्टी अशोक गुप्ता सहित श्रद्धालुओं को मंदिर के महंत पंडित राकेश चंद्र द्विवेदी कान्हा के बाल रूप की विधि विधान से पूजा अर्चना संपन्न कराई। इसके उपरांत आयोजित विशाल भंडारे में नगर व क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान युवा समाजसेवी उत्कर्ष गुप्ता, नबाव गुप्ता, मोहित गुप्ता, लल्ला जोशी, दिलीप गुप्ता, अवधेश गुप्ता, राजेश गुप्ता सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

**बैठक** | जिलाधिकारी की अध्यक्षता में मनरेगा एवं यू-विन पोर्टल की प्रगति के संबंध में हुई बैठक

# अमृत सरोवर तालाबों में कराएं जा रहे कार्य को पूर्ण करें: डीएम

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़**

**जिलाधिकारी** शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में मनरेगा एवं यू-विन पोर्टल की प्रगति के संबंध में बैठक संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने यू-विन पोर्टल की समीक्षा करते हुये सख्त निर्देश दिये कि यू-विन पोटर्ल में गलत डाटा फीड करने एवं टीकाकरण कार्य में शिथिलता बरतने वाले एएनएम और एमओआईसी पर कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। कहा कि यू-विन पोर्टल एक डिजिटल पोर्टल है। इस पोर्टल में बच्चों के टीकाकरण के साथ गर्भवती महिलाओं का पूरा रिकॉर्ड रहेगा। गर्भवती महिला और बच्चे कहीं भी टीकाकरण करवायेंगे इस पोर्टल के माध्यम से जानकारी मिल जायेगी कि कौन सा टीका लगा है और कौन सा टीका लगना है। उन्होने 0 से 5 वर्ष आयु के लगभग 222638 बच्चो के सापेक्ष 112718 बच्चो का यू-विन पोर्टल पर रजिस्टर्ड पाये जाने पर निर्देश




बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते जिलाधिकारी — समृद्धि न्यूज

दिये कि सभी बच्चो और लगे हुये वैक्सीनेशन का डाटा क्षेत्रवार तैयार कर समय से फीड किया जाये। कहा कि डाटा फीड होने पर वैक्सीनेशन कार्य तेजी से होगा और फील्ड वर्कर्स के लिये भी सुविधा होगी। जो वैक्सीनेशन हुआ है उनका वेरीफिकेशन किया जाये। वैक्सीनेशन महत्वपूर्ण कम्पोनेन्ट है। किसी भी दशा में डेटा गलत नही फीड होना चाहिये। उन्होंने निर्देश दिये कि मनरेगा के अंतर्गत प्रत्येक ब्लाक में 5-5 खेल मैदान बनाये जाना निर्धारित किया गया है। 40 खेल मैदान के सापेक्ष 22 खेल मैदानों का चयन किया गया। शेष खेल मैदानो का चयन कर कार्य शीघ्र शुरु किया जाये। कहा कि 05 विलेज हॉट का निर्माण बेहतर ढंग से किया जाये। जमीन के चयन पर विशेष ध्यान दिया जाये। उन्होने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देश दिये कि एसएसजी/संध भवन के निर्माण का 32 लक्ष्य निर्धारित है, संबंधित के साथ बैठक कर उचित भूमि का चयन किया जाये। के साथ ही आवश्यकताओं का आकलन करें, स्टैण्डर्ड स्टीमेट का प्रयोग करें कौन बनायेगा- कौन हैण्डओवर करेगा और ग्राम पंचायत को इससे क्या लाभ होगा, पूरा डेटा तैयार किया जाये। अमृत सरोवर के अन्तर्गत तालाबो में कराये जा रहे कार्य को पूर्ण किया जाये और जहां कार्य शुरु नही हुआ है वहां कार्य यथाशीघ्र शुरु किया जाये।

# तेज रफ्तार डंफर ने मां-बेटी को रौंदा, मौके पर दोनों की मौत

**तिर्वा। समृद्धि न्यूज**

- कोतवाली क्षेत्र के बेहरिन गांव के निकट फोरलेन पर हुआ हादसा
- हादसे को अंजाम देकर मौके से भाग निकला डंफर चालक

**कोतवाली** क्षेत्र के बेहरिन गांव के निकट शुक्रवार की दोपहर एक तेज रफ्तार बाइक अचानक अनियन्त्रित होकर फिसल गई। जिससे बाइक पर सवार मां-बेटी सड़क पर जा गिरे। पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार डंफर ने मां-बेटी को रौंद दिया। जिससे घटनास्थल पर ही दोनो की मौत हो गई। बाइक सवार युवक भी मामूली रूप से चुटिहल हुआ। पुलिस ने दोनो शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। पुलिस डंफर चालक की तलाश कर रही है। सदर कोतवाली क्षेत्र के बलाई गांव निवासी रोहित कुमार (26) पुत्र हरिश्चन्द्र अपनी बहन उपासना (42) पत्नी रमेश चन्द्र व भांजी खुशबू (18) निवासी थाना नबावगंज जनपद फर्रूखाबाद को बाइक पर बैठाकर तिर्वा आ रहा था। दोपहर 12 बजे के करीब जब उसकी बाइक बेहरिन गांव के निकट पहुंची, तो अचानक बाइक अनियन्त्रित होकर सड़क पर फिसल गई। जिससे बाइक पर सवार उपासना व खुशबू सड़क पर जा गिरे। इसी दौरान पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार डंफर ने सड़क पर पड़े मां-बेटी को रौंद दिया। हादसे को अंजाम देकर डंफर चालक मौके से भाग निकला। आसपास के ग्रामीणों ने मौके पर जाकर देखा, तो मां-बेटी की मौत हो चुकी थी। इसपर तिर्वा कोतवाली पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर कोतवाली प्रभारी जितेन्द्र प्रताप सिंह मौके पर पहुंचे। दोनो के शवों को जिला मुख्यालय भेज दिया। मामले में कोतवाली प्रभारी ने बताया कि फरार डंफर व उसके चालक की तलाश की जा रही है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। हादसे के जानकारी मृतक के परिजनों को दे दी गई है।

## सूचना

प्रार्थी एनुद्दीन पुत्र कादर बक्स मो0 ऊंचा विरतिया छिबरामऊ का निवासी है। प्रार्थी ने अपना एक मकान भवन स06/177 जल कनेक्शन स02112 दिनांक 1-10-2009 मे बेच दिया था। नगर पालिका परिषद मे मकान मेरे पिता कादर बक्स पुत्र मकदूम् बक्स के नाम दर्ज है। उक्त मकान सईद अहमद पुत्र जबादुल हक को बेचा गया था। उक्त मकान मेरे पिता कादर बक्स के स्थान पर सईद अहमद पुत्र जबादुल हक निवासी छिबरामऊ का नाम दर्ज कर दिया जाए। मुझे किसी प्रकार का एतराज नहीं है।

**प्रार्थी**
**एनुद्दीन पुत्र कादर बक्स**
**नि. ऊचा विरतिया**
**छिबरामऊ कन्नौज**






# पुलिस भर्ती परीक्षा में 3465 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

▸ दोनों पालियों में 8967 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा, सुरक्षा रही कड़ी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**पुलिस की** कड़ी सुरक्षा के बीच 18 केंद्रों पर शांतिपूर्ण ढंग से पुलिस भर्ती परीक्षा सम्पन्न हुई। सभी परीक्षा कक्षों में तीसरी आंख से निगरानी की गई। डीएम व एसपी ने परीक्षा केंद्रों पर पहुंचकर जायजा लिया और परीक्षा सकुशल सम्पन्न कराने के निर्देश दिये।

शुक्रवार को जिले में 18 परीक्षा केंद्रों पर पुलिस व प्रशासन की कड़ी निगरानी के बीच सिपाही भर्ती परीक्षा शुरू सम्पन्न हुई। पहले दिन की प्रथम व द्वितीय पाली में 3465 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ी। वहीं 8967 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर कंट्रोल रूम बनाया गया है। प्रत्येक केंद्र पर एक सेक्टर मजिस्ट्रेट व एक स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए गये। परीक्षा कक्षों में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए। परीक्षा केन्द्रों की ड्रोन कैमरे से निगरानी की गई। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर भारी पुलिस बल लगाया गया है। जनपद में 18 केंद्रों पर 12432 परीक्षार्थियों के बैठने की व्यवस्था की गई। पुलिस भर्ती परीक्षा के पहले दिन **प्रथम पाली में** परीक्षा केंद्र बद्री विशाल डिग्री कालेल 480 परीक्षार्थियों में से 338 ने परीक्षा दी। वहीं 142 अनुपस्थित रहे। **द्वितीय पाली में** 343 ने परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। वहीं 137 अनुपस्थित रहे। परीक्षा केंद्र क्रिश्चियन इंटर कालेज में **प्रथम पाली** में 240 परीक्षार्थियों में से 158 उपस्थित रहे। वहीं 82 परीक्षार्थी उनुपस्थित रहे। **द्वितीय पाली में** 170 परीक्षार्थी ने परीक्षा दी। वहीं 70 अनुपस्थित रहे। परीक्षा केंद्र दुर्गा नारायन डिग्री कालेज **प्रथम पाली** में 480 परीक्षार्थियों में से 347 ने परीक्षा दी, वहीं 133 अनुपस्थित रहे। **द्वितीय पाली में** 354 ने परीक्षा दी। वहीं 126 अनुपस्थित रहे। सिटी गर्ल्स इंटर कालेज **प्रथम पाली** में 240 परीक्षार्थियों में से 185 ने परीक्षा दी। 55 अनुपस्थित रहे। **द्वितीय पाली में** 172 ने परीक्षा दी। 68 अनुपस्थित रहे। राजकीय इंटर कालेज फर्रुखाबाद **प्रथम पाली** में 240 परीक्षार्थियों में से 164 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। 76 अनुपस्थित रहे। **द्वितीय पाली में** 168 ने परीक्षा दी। 72 अनुपस्थित रहे। राजकीय इंटर कालेज फतेहगढ़ **प्रथम पाली** में 384 में से 285 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। वहीं 99 अनुपस्थित रहे। **द्वितीय पाली में** 268 ने परीक्षा दी। 98 अनुपस्थित रहे। राजकीय पॉलीटेक्निक बेवर रोड **प्रथम पाली** में 240 परीक्षार्थियों में से 171ने परीक्षा दी। वहीं 69 अनुपस्थित रहे। **द्वितीय पाली में** 162 ने परीक्षा दी। 78 अनुपस्थित रहे। जनता राष्ट्रीय इंटर कालेज फतेहगढ़ **प्रथम पाली** में 240 में से 174 ने परीक्षा दी। 66 अनुपस्थित रहे। **द्वितीय पाली में** 176 ने परीक्षा दी। 64 अनुपस्थित रहे। रस्तोगी इंटर कालेज **प्रथम पाली** में 346 में से 134 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। 359 अनुपस्थित रहे। **द्वितीय पाली में** 359 ने परीक्षा दी। 121 अनुपस्थित रहे। कानोडिया गर्ल्स इंटर कालेज **प्रथम पाली** में 480 में से 355 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। 125 अनुपस्थित रहे। **द्वितीय पाली में** 329 ने परीक्षा दी। 151 अनुपस्थित रहे। महावीर इंटर कालेज खैरबंद **प्रथम पाली** में 384 में से 272 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। वहीं 112 अनुपस्थित रहे। **द्वितीय पाली में** 274 ने परीक्षा दी। 110 अनुपस्थित रहे। महादेवी वर्मा राजकीय बालिका इंटर कालेज फतेहगढ़ **प्रथम पाली** में 240 में से 175 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। 65 अनुपस्थित रहे। **द्वितीय पाली में** 162 ने परीक्षा दी। 78 अनुपस्थित रहे। एमआईसी इंटर कालेज फतेहगढ़ **प्रथम पाली** में 408 में से 295 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। वहीं 113 अनुपस्थित रहे। **द्वितीय पाली में** 303 ने परीक्षा दी। 105 अनुपस्थित रहे। एनएकेपी इंटर कालेज **प्रथम पाली** में 384 में से 285 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। 99 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। **द्वितीय पाली में** 289 ने परीक्षा दी। 95 अनुपस्थित रहे। नारायन आर्य कन्या पाठशाला पीजी कालेज साहबगंज **प्रथम पाली** में 480 में से 343 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। 137 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। **द्वितीय पाली में** 359 ने परीक्षा दी। 121 अनुपस्थित रहे। रखा गर्ल्स इंटर कालेज फतेहगढ़ **प्रथम पाली** में 240 में से 163 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। 77 अनुपस्थित रहे। **द्वितीय पाली में** 173 ने परीक्षा दी। 67 अनुपस्थित रहे। स्वामी रामानंद बालिका इंटर कालेज **प्रथम पाली** में 384 में से 280 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। वहीं 104 अनुपस्थित रहे। **द्वितीय पाली में** 278 ने परीक्षा दी। 106 अनुपस्थित रहे। स्वामी रामानंद बालिका इंटर कालेज **प्रथम पाली** में 384 में से 138 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। वहीं 54 अनुपस्थित रहे। **द्वितीय पाली में** 136 ने परीक्षा दी। 56 अनुपस्थित रहे।



जीआईसी बालिका में तैनात पुलिस व सर्च के बाद अंदर जाते परीक्षार्थी

## भगवान राम व बाबा साहब पर अभद्र टिप्पणी करने वाले तीन हिरासत में

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** सोशल मीडिया पर भगवान राम व भीमराव अम्बेडकर के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने पर तीन युवकों में विवाद हो गया। पुलिस सभी को थाने ले आयी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव रौकरी निवासी दो युवकों ने गुरुवार को भगवान राम के खिलाफ सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी कर दी। जबाब में गूजरपुर निवासी एक युवक ने भी भीमराव अंबेडकर के खिलाफ अभद्र टिप्पणी कर दी। तीनों युवकों में शुक्रवार दोपहर विवाद हो गया। पुलिस तीनों को चौकी ले आयी। तीनों युवकों में चौकी पुलिस के सामने भी मारपीट हो गयी। पुलिस युवकों को थाने ले आयी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# खबरें चलते-चलते

## युवती व किशोरी की हत्या के मामले में दो गिरफ्तार

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** युवती व किशोरी की हत्या के लिए जिम्मेदार दो अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार पीड़ित रामवीर पुत्र स्व0 सोनपाल व पप्पू उर्फ महेन्द्र पुत्र मिश्रीलाल निवासी ग्राम भगौतीपुर थाना कायमगंज के निवासी हैं। पीड़ितों के गांव में जन्माष्टमी के दिन दुर्गा मंदिर पर कार्यक्रम था। जिसमें पीड़ितों की पुत्रियां बबली उम्र 18 वर्ष पुत्री रामवीर व शशी उम्र 15 वर्ष पुत्री पप्पू उर्फ महेंद्र उपरोक्त कार्यक्रम देखने के लिए गांव के लोगों के साथ रात्रि करीब 9 बजे मंदिर पर गयी थीं। कार्यक्रम लगभग 1 बजे समाप्त हुआ तथा मोहल्ले व बच्चे वापस आ गये, परन्तु दोनों पुत्रियां वापस नहीं आयीं। पीड़ितों ने दोनों की काफी खोजबीन की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। जिस पर पीड़ित व अन्य गांव के लोग 3-4 बजे तक बैठे रहे और इधर उधर पता लगाते रहे। सुबह लगभग 5.30 बजे बाग की तरफ से शौच करके आयीं महिलाओं ने बताया कि दो युवतियां पेड़ पर फांसी पर लटकी हैं। जिस पर पीड़ित व अन्य गांव के लोग बाग में पहुंचे, तो देखा कि बबली व शशी दो दुपट्टों के सहारे आम के पेड़ पर फांसी पर लटकी हैं। घटना की सूचना पुलिस को दी गयी। मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने दोनों शवों को गांव वालों की मदद से नीचे उतरवाया। सूचना पर फॉरेंसिक टीम भी पहुंच गयी। घटनास्थल से एक मोबाइल व शशी से एक सिम बरामद हुई। पुलिस ने दोनों शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दोनों शवों का दाह संस्कार 28 अगस्त को डीएम व एसपी की मौजूदगी में किया गया था। बताते हैं कि पीड़ितों की पुत्रियों को दीपक पुत्र शिवदयाल निवासी ग्राम भैंसार, मजरा धर्मपुर, थाना कम्पिल व पवन पुत्र सैंकूलाल निवासी ग्राम भगौतीपुर थाना कायमगंज द्वारा मेरी पुत्रियों को प्रताड़ित किया गया। मेरी पुत्रियों से फोन से बात होती थी। जो सिम मिली है वह दीपक के नाम से है। इसी सिम से दीपक तथा पवन से शशी व बबली की बात होती थी। पुलिस ने दोनों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

## होमगार्ड ने दिव्यांग ई-रिक्शाचालक को पीटा, हवालात में किया बंद

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** दिव्यांग-ई रिक्शा चालक को सड़क पर रिक्शा खड़ा करना महंगा पड़ गया। होमगार्ड ने बाल पकड़कर पहले उसकी पिटाई की और बाद में हवालात में बैठाया। बाद में लिखित माफी मांगने के बाद पुलिस ने छोड़ा। जानकारी के अनुसार कस्बा नवाबगंज के ग्राम गनीपुर निवासी ई-रिक्शा चालक रोहित कुमार एक पैर से दिव्यांग हैं। आज दोपहर वह चौराहे पर सवारी बैठा रहा था। इसी बीच ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड ने दिव्यांग से ई-रिक्शा हटाने को कहा। जिस पर ई-रिक्शा चालक रोहित रिक्शा हटाने को हुआ, इसी बीच होमगार्ड द्वारा रोहित के साथ बाल पकड़ मारपीट शुरू कर दी। जिससे दिव्यांग जमीन पर गिर गया। लोग मूकदर्शक बने घटना को देखते रहे। किसी ने दिव्यांग को बचाने का प्रयास नहीं किया। बाद में होमगार्ड ई-रिक्शा चालक और ई-रिक्शा को थाने लाया। जहां पुलिस ने एक चालक रोहित को हवालात में बैठा दिया। बाद में शाम को ई-रिक्शा चालक द्वारा लिखित में माफी मांगने के बाद पुलिस ने हिदायत देकर दिव्यांग ई -रिक्शा चालक को छोड़ दिया। दिव्यांग ई-रिक्शा चालक रोहित कुमार का कहना है। होमगार्ड चौराहे पर धन वसूली करते हैं। वह भी होमगार्ड को एक चक्कर के 20 रुपये देता है। इसके बावजूद भी आज उसके साथ होमगार्ड द्वारा मारपीट की गई है। जिससे उसे चोटें आई हैं।

# औषधि निरीक्षक और आबकारी निरीक्षक ने मेडिकल स्टोरों पर मारा छापा

▸ कमियों के निराकरण हेतु दिया गया कारण बताओ नोटिस, कई दुकानें बंद कर भागे

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज



**अपर जिला** अधिकारी सुभाष चंद्र प्रजापति के नेतृत्व में जनपद के सभी मेडिकल स्टोर्स पर मानकों के अनुरूप औषधियों की उपलब्धता एवं गुणवत्ता बनाए रखने के उद्देश्य से जनपद का खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग निरंतर स्तर पर कार्यवाही सुनिश्चित कर रहा है। इसी क्रम में आज औषधि निरीक्षक रजत कुमार पाण्डेय एवं आबकारी निरीक्षक गौरव सिंह व टीम के साथ मेडिकल स्टोर्स पर औषधियों की मानकों के अनुरूप पर्याप्त उपलब्धता एवं गुणवत्ता तथा कोडिन युक्त सिरप व अन्य नशीली दवाइयों के दुरूपयोग रोकने के क्रम में प्रदीप मेडिकल स्टोर आबाद नगर, उत्कर्ष मेडिकल स्टोर याकूतगंज एवं प्रकाश मेडिकल स्टोर याकूतगंज व मरियम मेडिकल स्टोर याकूतगंज का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान फर्म संचालक द्वारा विक्रय अभिलेख जारी नहीं किया जा रहा था एवं साफ-सफाई की व्यवस्था उचित नहीं पाई गई। सभी प्रतिष्ठान से 10-15 प्रकार की दवाइयां के क्रम विक्रय अभिलेख मांगे गए हैं व मरीज के परिजनों को औषधीय के विक्रय हेतु विक्रय अभिलेख जारी नहीं किया जा रहा था। सभी फर्म संचालकों को चेतावनी देते हुए बिक्री अभिलेख आवश्यक रूप से जारी करने के निर्देश दिए गए एवं कमियों के निराकरण हेतु कारण बताओ नोटिस निर्गत किया गया। हालाँकि नशीली दवाओं का भंडारण नहीं पाया गया। निरीक्षण की सूचना पाते ही मेडिकल संचालक दुकान से शटर गिराकर भागते दिखे। साथ ही औषधि निरीक्षक द्वारा यह अपील की गयी है कि सभी मेडिकल संचालक किसी मरीज को बिना डॉक्टर की पर्ची के नारकोटिक्स श्रेणी की दवाओं का विक्रय नहीं करेगा व मरीज एवं उनके परिजनों द्वारा क्रय की गई औषधीय का बीजक आवश्यक रूप से दें। विक्रय अभिलेख जारी न करना औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 के नियमो का उल्लंघन है। जिसके अंतर्गत लाइसेंस का निरस्तीकरण भी किया जा सकता है।

# विद्युत करंट लगने से अधेड़ की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

कायमगंज, समृद्धि न्यूज

**विद्युत** करंट लगने से अधेड़ की मौत हो गयी। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार जनपद कासगंज के थाना दरियावगंज क्षेत्र के गाँव औरंगाबाद निवासी शिव कुमार उम्र (45) वर्षीय पुत्र शिवकुमार के घर के सामने मंदिर पर अखंडपाठ हो रहा था। अखंडपाठ में शिवकुमार बैठकर चौपाई कह रहे थे, तभी अचानक माइक में करंट उतर आया और वह चिपककर अचेत हो गया। वहाँ पर मौजूद ग्रामीण उसे आनन-फानन में कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आये। जहाँ डॉक्टर विपिन कुमार ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पाते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन शव लेकर घर चले गये।


मृतक का फाइल फोटो

# गैर इरादतन हत्या के मामले में अभियुक्त को पांच वर्ष आठ माह का कारावास

▸ पांच हजार रुपये के अर्थदण्ड से किया गया दण्डित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** गैर इरादतन हत्या के मामले में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मेराज अहमद ने अभियुक्त सिपाहीलाल उर्फ सिपाहीराम को दोषी करार देते हुए पांच वर्ष का कारावास व पांच हजार रुपया अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

जानकारी के अनुसार पीड़िता कविता पुत्री छविनाथ निवासी ग्राम भोजपुर थाना कमालगंज ने दिनांक 13.01.2019 को पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि मेरा भाई सिपाहीलाल उर्फ सिपाहीराम मेडिकल कॉलेज भोजपुर में नौकरी करता था। उसी दिन वह शराब पीकर घर आया था। मेरे पिता छविनाथ और मेरा बड़ा भाई शिवशंकर भी शराब पिये थे। किसी बात को लेकर दोनों भाइयों में झगड़ा होने लगा और देखते ही देखते मारपीट होने लगी, तभी मेरे पिता बीच बचाव करने आ गये। मेरे छोटे भाई सिपाहीराम ने यह कहते हुए पिता को धक्का दे दिया कि आप बीच में मत आओ। धक्का लगने से शौचालय की कुंडी से टकराकर पिता गिर गये। मारपीट में शिवशंकर को भी चोटें आयीं। पिता मौके पर बेहोश हो गये। जिस पर पिता को मैं व भाई शिवशंकर, रामदास, अरविन्द, लोकनाथ, वीरेंद्र सीएचसी पहुंचे। जहां डाक्टर ने पिता को मृत घोषित कर दिया। विवेचना के आधार पर न्यायालय ने अभियोजन पक्ष अभियुक्त सिपाही लाल उर्फ सिपाहीराम के विरुद्ध अपराध अंतर्गत धारा-304, 308, 323, 504 आई.पी.सी. में अभियुक्त को दोष सिद्ध किया जाता है। अभियुक्त को धारा 304 भा0द0सं0 में 05 वर्ष 08 माह के कठोर कारावास व 5 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। धारा 308 भा0द0सं0 में 04 वर्ष का कारावास एवं 2 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। धारा 323 भा0द0सं0 में 06 माह के साधारण कारावास व धारा 504 भा0द0सं0 में एक वर्ष का कारावास व पांच सौ रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।

## दबंगों ने पेंटर के साथ की मारपीट

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के ग्राम मंझना निवासी विष्णु दीक्षित अपने घर पर आज काम निपटा रहे थे। इसी बीच उनके मोहल्ले के दो नामजद युवक गाली-गलौज करने लगे। जिसका विष्णु ने विरोध किया। इसी बात से नाराज दबंगों ने विष्णु को लात-घूसों और बेल्ट से जमकर मारापीटा। जिससे विष्णु के गंभीर चोटें आईं। थाने पहुंचकर विष्णु ने अपने ही गांव के दो नामजद युवकों के खिलाफ तहरीर दी है।

# राष्ट्र के उत्थान तथा चरित्र निर्माण के लिए संस्कृत आवश्यक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** देश के पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन का सपना था, कि देश का हर व्यक्ति शिक्षित हो। उन्होंने शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए लोगों को प्रेरित किया और अपने जन्मदिन को शिक्षकों के लिए समर्पित करते हुए शिक्षक दिवस रखा, तब से अब तक हर 5 सितंबर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है। समृद्धि न्यूज के विशेष विश्लेषण समाचार के अंक में शिक्षा के प्रहरी बने भारतीय

## शिक्षा के प्रहरी

महाविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ0 संदीप कुमार द्विवेदी ने बताया कि मेरे नाना दयानंद तिवारी वैद्यभूषण की प्रेरणा से मैं आगे बढ़ा। मेरे गुरु प्रोफेसर त्रिनाथ शर्मा व प्रो0 मनुलता शर्मा बीएचयू ने सहयोग किया और मेरे हर कार्य में मेरे पिता गुरुचरन द्विवेदी का

## हॉवी- लिखना व बैडमिंटन खेलना

आशीर्वाद रहा। जिस कारण मैं हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त करता गया। 1 फरवरी 1988 को मेरा जन्म कस्बा राठ हमीरपुर उत्तर प्रदेश में हुआ। हाईस्कूल 2005 में रणवीर संस्कृत विद्यालय से किया। 2007 में इंटर पास किया। 2010 में बीए पूर्ण करने के बाद 2011 में बीएड किया। 2013 में एमए पूर्ण किया। 2019 में पीएचडी की। 2010 में राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम द्वारा काशी हिन्दू विश्व विद्यालय में गोल्ड मैडल से सम्मानित हुआ। 27 अगस्त 2015 को राजकीय इंटर कालेज सरीला हमीरपुर में सहायक अध्यापक के रुप में कार्यभार ग्रहण किया। 27 सितम्बर 2018 को असिस्टेंट प्रोफेसर के रुप में भारतीय महाविद्यालय में कार्यभार संभाला, तब से अभी तक इसी विद्यालय में अध्यापन तथा शोध कार्य से शिक्षित कर रहा हूं। आधुनिक संस्कृत काव्य शास्त्र विषय में शोध कार्य किया और बच्चों को वर्तमान में संस्कृत विषय पढ़ाकर उन्हें शिक्षित कर रहा हूं। मेरे द्वारा लिखे हुए दस अन्तर्राष्ट्रीय शोधपत्र प्रकाशित हो चुके है।

पंडित मदन मोहन मालवीय की एक बात आज भी मुझे प्रेरित करती है, उन्होंने कहा था कि ना तो मुझे राज्य की कामना है और ना स्वर्ग की कामना है, मैं बार-बार पृथ्वी पर जन्म लेकर दुख से संतप्त प्राणियों का दुख निवारण करूं।

यही मेरी कामना है। संस्कृत को मैंने इसलिए चुना कि संस्कृत हमारे संस्कार, चरित्र तथा व्यक्तित्व का विकास करती है। इस भाषा के कारण ही सम्पूर्ण राष्ट्र को एक सूत्र में पिरोया जा सकता है। देश की अन्य भाषाओं की जननी होने के साथ-साथ कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक एक ही रूप में बोली जाती है। हम चाहते हैं कि संस्कृत को राष्ट्र भाषा का दर्जा दिया जाये। नई शिक्षा नीति द्वारा भारत की गौरवशाली परम्परा को समृद्ध करने तथा उसके साहित्य को आधुनिक कलवेर के रुप में प्रस्तुत करने से निश्चित ही संस्कृत एवं अन्य शास्त्रीय भाषाओं को बल प्राप्त होगा। प्राचीन काल से पर्वत, नदियां व वृक्षों में देवताओं का निवास माना गया है, इसलिए उन्हें पूजा जाता है। यह पर्यावरण के लिए आवश्यक है।

नाम- डा0 संदीप कुमार द्विवेदी
पद- असिस्टेंट प्रोफेसर भारतीय महाविद्यालय, फर्रुखाबाद
पिता- श्री गुरुचरन द्विवेदी
जन्मतिथि- 01.02.1988
योग्यता- एमए, पीएचडी, जेआरएफ
प्रेरणा स्रोत- गुरु प्रो0 त्रिनाथ शर्मा व प्रो0 मनुलता शर्मा, नाना दयानंद तिवारी वैद्यभूषण
आदर्श-महामना पंडित मदन मोहन मालवीय
हॉवी- लिखना व बैडमिंटन खेलना आदि
पहली तैनाती- सहायक अध्यापक राजकीय इं0का0 सरीला हमीरपुर
वर्तमान तैनाती- भारतीय महाविद्यालय लोहाई रोड, फर्रु0


डॉ. संदीप कुमार द्विवेदी
असिस्टेंट, प्रोफेसर
भारतीय महाविद्यालय
फर्रुखाबाद



संस्कृत सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता को सम्बोधित करते डॉ0 संदीप कुमार द्विवेदी

शिक्षक दिवस के पूर्व समृद्धि न्यूज समाचार पत्र में शिक्षकों का नि:शुल्क शिक्षा के प्रहरी साक्षात्कार विशेषांक प्रकाशित किया जा रहा है।

# डीएम व एसपी ने जेलों का किया निरीक्षण बंदियों की समस्याओं से हुए रुबरु


बंदियों से समस्यायें पूछते जिलाधिकारी व मौजूद पुलिस अधीक्षक — समृद्धि न्यूज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**जिलाधिकारी व** पुलिस अधीक्षक द्वारा संयुक्त रुप से केंद्रीय कारागार व जिला कारागार का निरीक्षण किया गया। इस दौरान आला अधिकारी बंदियों की समस्याओं से रुबरु हुए तथा जेल अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को जिलाधिकारी डॉ0 वी के0सिंह व पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी द्वारा संयुक्त रुप से केंद्रीय कारागार व जिला कारागार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जेल के अस्पताल, बैरक, मेस, जेल परिसर आदि की सघन चेकिंग की। बंदियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी की। साथ ही उन्हें दी जाने वाली सुविधाओं की भी जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने जेल अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

# डंपर की टक्कर से मां-बेटी की दर्दनाक मौत

▸ भाई के लिए बाइक से लड़की देखने जा रही थीं



नवाबगंज, समृद्धि न्यूज

**भाई के** लिए लड़की देखने जा रही महिला व उसकी पुत्री को डंपर ने टक्कर मार दी। जिससे मां बेटी की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि भाई घायल हो गया। जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना मिलने पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज अस्पताल रोड निवासी रमेश सक्सेना मोमोज फिंगर लगाकर अपने परिवार का पालन पोषण करते हैं। उनके पांच बच्चे हैं। जिसमें लवकुश 16, आयुष 15, खुशबू 18, चांदनी 14 और सेजल 8 वर्षीय हैं। उनकी पत्नी उपासना देवी 40 वर्ष अपनी पुत्री खुशबू के साथ अपने मायके बालई गल्ला मंडी कन्नौज जनपद अपने भाई के घर गई हुई थीं। आज लगभग 11.00 बजे अपने भाई के साथ बाइक पर बैठकर पुत्री खुशबू को भी साथ लेकर भाई के लिए लड़की देखने जा रही थीं। अचानक तिर्वा क्रासिंग के पास डंपर ने दोनों को टक्कर मार दी। जिससे उपासना देवी और खुशबू की मौके पर मौत हो गई, जबकि भाई भी गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी मिलने पर रमेश परिवार के अन्य लोगों के साथ कन्नौज पहुंचा। दोनों के शवों को लेकर नवाबगंज पहुंचा। जहां परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# वोट बढ़वाने के लिए सपा ने कार्यकर्ताओं को बांटे बस्ते

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**


बैठक को सम्बोधित करते जिलाध्यक्ष — समृद्धि न्यूज

**लोकसभा चुनाव** के बाद कायमगंज विधानसभा क्षेत्र की पहली बार बैठक पितौरा में संपन्न हुई। विधानसभा कमेटी जोन प्रभारी, सेक्टर प्रभारी, नगर अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष एवं अन्य वरिष्ठ नेताओं ने प्रतिभाग किया।

बैठक में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 20 अगस्त से चलाए जा रहे मतदाता सूची का सत्यापन संभाजन एवं बूथ पुनर्गठन अभियान में सहयोग स्वरूप नए मतदाता बढ़ाने के लिए सेक्टर स्तर पर सभी बूथों के लिए फार्म-6 के बस्ते सपा जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव व प्रताप सिंह यादव एवं विधानसभा प्रभारी सर्वेश अम्बेडकर द्वारा संयुक्त रूप से वितरित किए गए। जिलाध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश में भाजपा की राजनीति अवसान पर है। प्रदेश में भाजपा विरोधी लहर चल रही है। उन्होंने कायमगंज विधानसभा में सबसे ज्यादा 1 लाख 17 हजार वोट मिलने पर सभी कार्यकर्ताओं को धन्यवाद दिया। उन्होंने विधानसभा प्रभारी सर्वेश अम्बेडकर की सक्रियता और कार्य पद्धति की जमकर सराहना की। सर्वेश अम्बेडकर ने सभी पदाधिकारियों और नेताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश में पीडीए फार्मूले की धूम मची हुई है। विरोधी हतप्रभ हैं। भाजपा के लोग सत्ता का बड़े स्तर दुरुपयोग कर रहे हैं। धर्म और जाति के नाम पर नफरत फैलाते हैं। बहन बेटियां, पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक डर के साए में जीने को मजबूर हैं। पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत, जिला महासचिव इलियास मंसूरी ने भी संबोधन किया। संचालन सोमेन्द्र यादव ने किया।

# अवैध खनन करते ट्रैक्टर ट्राली को पकड़ा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**प्रशासन के** तमाम प्रयास के बाद भी मिट्टी का अवैध खनन रुकने का नाम नहीं ले रहा है।

जानकारी के अनुसार 29/30.08.2024 की मध्य रात्रि सूचना के आधार पर खनन निरीक्षक संजय सिंह ने ग्राम आंतर धुसिया चौकी सरह थाना कोतवाली फतेहगढ़ में छापा मारा। मौके पर प्रस्तावित थाने की जमीन पर मिट्टी का खनन करते एक ट्रैक्टर ट्राली दूर से दिखायी दी। मौके पर पहुंचने पर ट्रैक्टर चालक ट्राली छोड़कर ट्रैक्टर लेकर भागने में सफल रहा। घटना की सूचना चौकी इंचार्ज को दी गयी। सूचना पर पहुंचे चौकी इंचार्ज ने पड़ोस के एक व्यक्ति से ट्रैक्टर लेकर ट्राली को ले जाकर सरह चौकी में खड़ा कराया। खनन निरीक्षक ने बताया कि ट्रैक्टर ट्राली को सीज करने की कार्यवाही की जायेगी। अवैध खनन किसी भी कीमत पर नहीं करने दिया जायेगा।


रात्रि में पकड़ी गयी ट्राली — समृद्धि न्यूज

# अधिवक्ताओं ने पांच के दिन अंदर चोरी की घटना का खुलासा करने की उठायी मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**


एसडीएम को ज्ञापन सौंपते अधिवक्ता — समृद्धि न्यूज

**बार एसोसिएशन** तहसील कायमगंज के अधिवक्ताओं ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि तहसील कायमगंज में अधिवक्ताओं के चैम्बर में 20 अगस्त को लाखों के सामान की चोरी हो गयी थी। इस संबंध में अधिवक्ताओं ने थाना कायमगंज में रिपोर्ट दर्ज करायी थी। पुलिस प्रशासन द्वारा चोरी का खुलासा न होने से रेबेन्यु बार एसोसिएशन कायमगंज के अधिवक्ताओं में रोष व्याप्त है। सभी ने ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि जब तक कोई समुचित कार्यवाही नहीं होती है तब तक अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहेगें। तहसील के अंदर बने चेम्बर में फाइल चोरी हो सकती है इसकी सुरक्षा की जाये। पूर्व की भांति सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था की जाये। साथ ही अधिवक्ता प्रोटेक्शन लागू कराया जाये। अधिवक्ताओं के चेम्बर के ताले तोड़कर जो चोरी हुई है उसका खुलासा पांच दिन के अंदर किया जाये। अन्यथा ऐसी स्थिति में अधिवक्ता अनिश्चित कालीन हड़ताल के लिए विवश होंगे।

## सचिन कटियार बने मां शीतला देवी सेवा समिति के अध्यक्ष



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मां शीतला देवी सेवा समिति की बैठक गुरुवार को मंदिर प्रांगण बढ़पुर में सम्पन्न हुई। अध्यक्ष भीमप्रकाश कटियार का स्वास्थ्य ठीक न होने के कारण अध्यक्ष पद से इस्तीफा देकर जिम्मेदारी अपने पौत्र सचिन कटियार को सौंपी है। उन्होंने कहा कि मेरे द्वारा बनायी गई कमेटी को भंग किया जाता है। नयी कमेटी का गठन नवनियुक्त अध्यक्ष सचिन कटियार द्वारा किया जायेगा। मंदिर परिसर में जो भी कार्य होंगे। उनकी जिम्मेदारी का निर्वाह्न सचिन कटियार का होगा।

# ट्रक ने ट्रैक्टर-ट्राली में मारी टक्कर पांच घायल, महिला की मौत

**फर्रुखाबाद,, समृद्धि न्यूज।** पड़ोसी जनपद शाहजहांपुर के कलान थाना क्षेत्र में श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली में ट्रक ने टक्कर मार दी। जिससे पांच श्रद्धालु घायल हो गये। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां उनकी हालत गंभीर देख डॉक्टर राम मनोहर लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया। लोहिया अस्पताल में डॉक्टर ने एक महिला को मृत घोषित कर दिया, जबकि चार का इलाज जारी है। बताया जा रहा है कि सभी महिलाएं कलान थाना क्षेत्र से मथुरा वृंदावन से श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर दर्शन कर वापस घर लौट रहे थे। उसी समय बदायूं-फर्रुखाबाद मार्ग पर ट्रक ने ट्रैक्टर-ट्रॉली में टक्कर मार दी। जिससे मोहनपुर कलुआ निवासी चिरैया देवी (45) पत्नी रामखेरे, सिंघा निवासी राजेश्वरी (60) पत्नी हरनाथ, सोनी (28) पत्नी आर्येन्द्र, मिर्जापुर क्षेत्र सरायतालु के निवासी रेशमा देवी (50) पत्नी भंवरपाल, उपासना (17) पुत्री भंवरपाल गंभीर घायल हो गई। सभी घायलों को सीएचसी कलान में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने चिरैया पत्नी रामखेरे को मृत घोषित कर दिया। अन्य का इलाज जारी है। हादसे की जानकारी लगते ही परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जा रहा यह सभी राजस्थान मेहंदीपुर बालाजी के दर्शन करने के बाद मथुरा वृंदावन में भगवान श्री कृष्ण जन्माष्टमी के दर्शन कर घर वापस आ रहे थे। थाना प्रभारी प्रभाष चंद्र ने बताया सेंठा गांव के पास ट्रक व ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर हुई है। पांच महिलाएं घायल है। सभी घायलों को इलाज के लिए फर्रुखाबाद जिला अस्पताल भेजा गया है। ट्रक चालक को हिरासत में ले लिया है।

# साहब! गांव के पशु पालक अपने पशुओं को अन्ना छोड़ने से नहीं आ रहे बाज

जालौन (उरई)। छिरिया सलेमपुर में पशुपालक पशुओं को अन्ना छोड़ने से बाज नहीं आ रहे हैं। मना करने पर मारपीट व झगड़े पर आमादा हो जाते हैं। किसानों ने छिरिया मलकपुरा चौकी प्रभारी को शिकायती पत्र भेजकर अन्ना प्रथा को बंद कराने एवं अन्ना पशु छोड़ने वाले पशुपालकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम छिरिया सलेमपुर निवासी किसान अहमद अली, अंशुल कुमार, सुरेश कुमार, मंजीत, विपिन तिवारी, शिवराम सिंह आदि ने छिरिया मलकपुरा चौकी प्रभारी राजकुमार पांडेय को शिकायती पत्र देकर बताया कि उनके गांव के किसान अन्ना पशुओं की समस्या से परेशान हैं। उन्होंने गांव में अन्ना पशुओं को छोड़ने वाले पशुपालकों के नाम लिखकर बताया कि कई बार पशुपालकों को समझाया जा चुका है या तो वह अपने पशुओं को बांधकर रखें अथवा उन्हें चराने जाएं तो पशुओं के साथ स्वयं जाकर जहां खेत में फसल नहीं हो वहां अपने पशुओं को चराएं। उन्हें चराकर वापस घर लेकर आएं। क्योंकि पशुओं को अन्ना छोड़ देने पर पशु किसानों के खेत में पहुंचकर उनकी फसल को नष्ट कर रहे हैं। जिससे उन्हें आर्थिक क्षति उठानी पड़ रही है। लेकिन समझाने के बाद भी पशु पालकों पर कोई असर नहीं पड़ रहा है। आरोप लगाया कि पशुपालक सुबह शाम खासकर गोवंशीय पशुओं का दूध निकालकर उन्हें अन्ना चरने के लिए छोड़ देते हैं।

# जनपद के सभी मेडिकल स्टोरों पर कैमरे लगवाने के डीएम ने दिये निर्देश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**


बैठक लेते डीएम — समृद्धि न्यूज

**कलेक्ट्रेट** सभागार में एनकॉर्ड की जिला स्तरीय समिति की बैठक जिलाधिकारी डा0 वीके सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। डीएम ने मुख्य चिकित्साधिकारी को नशा उन्मूलन केंद्र की स्थापना विषयक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। 569 उच्च प्राथमिक विद्यालयों में प्रहरी क्लब बन चुके है। जनपद में 2250 मेडिकल स्टोर है। सभी में कैमरे लगाने के निर्देश दिये गये है। सीसीटीवी कैमरों के संबंध में डीएम ने लिखित रिपोर्ट देने के निर्देश दिये। आबकारी विभाग व पुलिस विभाग मादक पदार्थों के उपयोग को हतोत्साहित करने के लिए समन्वय स्थापित कर कार्यवाही करें। उप जिला मजिस्ट्रेट एसिड की दुकानों की जांच कर लें और आवश्यक सुधार कराएं, नोटिस दें और यदि सुधार न हो तो उनके लाइसेंस निलंबित कर दें। बैठक में संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# पुलिस ने भाकियू नेताओं को महापंचायत में जाने से रोका

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**


भाकियू नेताओं को नोएडा जाने से रोकती पुलिस

**राष्ट्रीय अध्यक्ष** बलराज भाटी के आवाह्न पर नोएडा पैरामाउंट सोसायटी में होने वाली महा पंचायत में भाग लेने के लिए प्रदेश अध्यक्ष चौधरी अवधेश सिंह के आदेशानुसार जनपद से पदाधिकारीगण सर्वेश सिंह यादव अपनी टीम के साथ रवाना हुए। किसान यूनियन का काफिला पुलिस चौकी भोजपुर पर पहुंचा, तभी चौकी प्रभारी हाकिम सिंह ने अपने हमराहों के साथ सभी पदाधिकारियों को नोएडा जाने से रोका। जिस कारण वह कार्यक्रम में भाग नहीं ले पाये। इस मौके पर भाकियू नेता सर्वेश सिंह यादव, डॉ0 प्रदीप कुमार, पंकज यादव, मुकेश कुमार, विकास कुशवाहा, अब्दुल कुददूश, शादाब खान, केशव पाल, बृजेश कुमार आदि पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

# गोवंश के अंतिम संस्कार के लिये जगह उपलब्ध कराने की एसडीएम से मांग

**जालौन (उरई)।** विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के पदाधिकारियों ने गोवंश के अंतिम संस्कार के लिए जगह दिए जाने, मनचलों पर रोक लगाने एवं विद्यालय के समय में रोस्टोरेंट आदि में छात्र, छात्राओं को प्रवेश न दिए जाने को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन के माध्यम से समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की है।

बजरंग दल नगर संयोजक मानवेंद्र परिहार, विश्व हिंदू परिषद नगर अध्यक्ष अनुराग तिवारी समेत अनूप कुशवाहा, गोलू, निशांत आदि ने एसडीएम अतुल कुमार को ज्ञापन सौंपकर बताया कि नगर में मृत गोवंश के अंतिम संस्कार के लिए नगर पालिका द्वारा छहपुला के पास स्थान निर्धारित किया गया था। मृत गोवंश को दफनाने से वह जगह भर चुकी है। अब वहां और अधिक पशु नहीं दफनाए जा सकते हैं। ऐसे में नगर पालिका को गोवंशीय मृत पशुओं के अंतिम संस्कार के लिए किसी अन्य स्थान पर जगह देने के लिए निर्देशित किया जाए साथ ही उक्त स्थान की तार फेसिंग कराने के साथ ही गेट भी लगवाया जाए ताकि आवारा कुत्ते आदि अंद न जा सकें। इसके अलावा नगर क्षेत्र में खुले इंटर कॉलेज व डिग्री कॉलेज में छात्राएं पढ़ने के लिए जाती हैं। ऐसे में विद्यालयों के आसपास मनचले टहलते हुए नजर आते हैं। जहां वहां से निकलने वाली युवतियों और छात्राओं को देखकर अश्लील फब्तियां करते हैं। इससे छात्राओं को परेशानी होती है। इन मनचलों पर लगाम लगाने के लिए कोतवाली में एंटी रोमियो टीम को सक्रिय किया जाए साथ ही सादा वर्दी में महिला पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई जाए। यदि कोई शोहदा छात्राओं के साथ छेड़खानी करता है तो उसके खिलाफ तत्काल कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही नगर में संचालित होटल व रेस्टोरेंट के संचालकों को निर्देशित किया जाए कि विद्यालय समय में एवं स्कूलों की ड्रेस पहने हुए छात्र, छात्राओं को इन होटल व रेस्टोरेंट में विद्यालय समय में प्रवेश न दिया जाए। यदि जांच के दौरान किसी हाटल या रेस्टोरेंट में स्कूली छात्र, छात्राएं मिलते हैं तो तत्काल उस होटल या रेस्टोरेंट के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

# हथना खुर्द मलंगा नाले के रपटा पर पुलिस कर्मियों की लगायी ड्यूटी

**जालौन (उरई)। समृद्धि न्यूज**

> एसडीएम ने मौके पर पहुंचकर देखा रपटे पर एक फिट पानी बहता



**तहसील क्षेत्र** के ग्राम हथना खुर्द के पास बहते मलंगा नाले पर बने रपटा के ऊपर से पानी बह रहा है। मलंगा नाले पर बने रपटे पर बहते पानी को देखने के लिए उपजिलाधिकारी मौके पर पहुंचे और सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगा दी गई है। जिससे किसी तरह की अप्रिय घटना न घट सके।

तहसील क्षेत्र के ग्राम हथना खुर्द के पास मलंगा नाला निकला है। बारिश के चलते मलंगा नाले का जल स्तर लगातार बढ़ रहा है। बढ़ते जल स्तर के कारण मलंगा का पानी रपटा के ऊपर से बहने लगा है। रपटा से लगभग एक फीट ऊपर पानी बहने के कारण लगभग 600 की आबादी का गांव प्रभावित है। लोगों को निकलने में दिक्कत हो रही है। मलंगा के ऊपर से बह रहे पानी और जान जोखिम में डालकर निकल रहे लोगों की जानकारी जब एसडीएम अतुल कुमार को हुई तो वह सिरसा कलार थाना की पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। जहां उन्होंने हथना खुर्द के पास निकले मलंगा नाले का निरीक्षण किया। जनपद में पूर्व में एक किसान की मौत नाले में फिसलकर गिरने से हो चुकी है। ऐसे में लोगों की सुरक्षा को दृष्टि में रखकर एसडीएम ने सिरसाकलार थाना प्रभारी को निर्देश दिए कि जब तक मलंगा का पानी रपटा से नीचे न चला जाए तब तक पुल से होकर यातायात बंद करा दिया जाए। साथ ही सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए यहां पुलिस मौजूद रहे।

बताया कि वैकल्पिक व्यवस्था के तहत लोगों को बाबई जालौन मार्ग से होकर आने जाने के लिए जागरूक करें। निरीक्षण के बाद एसडीएम ने बताया कि हालांकि मलंगा का जल स्तर घट रहा है, चिंता की कोई बात नहीं है। फिर भी सुरक्षा की दृष्टि से लोगों को वैकल्पिक मार्ग अपनाने की सलाह दी गई है और पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाने के लिए थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया है।

## सहकारी समिति पर कृषि अधिकारियों ने किया औचक निरीक्षण

औरैया। साधन सहकारी समिति भाग्यनगर ब्लाक के कंचौसी केन्द्र पर सहायक विकास कृषि अधिकारी रमेश पाल और सहायक तकनीकी प्रबंधक निशांत चतुर्वेदी ने औचक निरीक्षण किया जहां सरकारी गोदाम पर कुछ कमियां पायी गईं। कमियों के चलते कृषि अधिकारी ने सचिव अनोज कुमार को कड़ी फटकार लगाते हुए भविष्य में सुधार करने की चेतावनी दी।और कहा कि किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराते रहें जिससे उनको किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। कंचौसी साधन सहकारी समिति कंचौसी गांव में केन्द्र स्थित है।

# खबरें एक नजर में

## धारदार हथियार से महिला का काटा कान, मुकदमा दर्ज

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।** मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव नगला धुबैया निवासी राजकुमार की पत्नी नीरज ने गांव के ही जितेंद्र पुत्र जगदीश व जितेंद्र की पत्नी मीरा तथा पुत्री रूबी के विरुद्ध गाली -गलौज, धारदार हथियार से मारपीट करने का मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार 25 अगस्त को समय लगभग 1 बजे हमारे पड़ोस के उक्त आरोपित जितेंद्र आदि ने बिना किसी बात हमारे साथ गाली-गलौज कर मारपीट की और जितेंद्र व मीरा ने मुझे गिराकर धारदार हथियार से मेरा कान काट लिया। मैं किसी तरह जान बचाकर मेरापुर थाने पहुंची। जहां से पुलिस ने घायल महिला को उपचार हेतु सीएचसी मोहम्मदाबाद भेज दिया और महिला की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मुकदमे की जांच अचरा चौकी प्रभारी आनंद शर्मा के सुपुर्द कर दी है।

## विद्यालय के समय कोचिंग सेंटर चलने के कारण स्कूलों में पंजीकरण संख्या हुई कम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शहर में चल रहे कोचिंग सेंटरों पर अधिकांश तौर पर देखा जा रहा है शहर के अंदर विद्यालय के शिक्षण अविधि के दौरान कोचिंग सेंटर चल रहे है। जिससे विद्यालय में छात्र संख्या निरंतर गिरती जा रही है और छात्र की उपस्थिति भी कम होती जा रही है। प्रशासन इस ओर कार्यवाही करें तो सरकारी विद्यालयों में नामांकन और बढ़ सकते हैं। समस्त कोचिंग संचालक कोचिंग सेंटर का पंजीकरण, नवीनीकरण कराकर सुयोग्य अध्यापकों से कोचिंग चलाने तथा इस बात की ओर ध्यान देने की जरुरत है। कोचिंग से बच्चे कम खर्चे में ज्ञानवर्धक हो ऐसा माहौल तैयार करने के लिए आर्थिक औद्योगिक की नीति अपनायें। कोचिंग संचालक बेरोजगार शिक्षित लोगों का प्राथमिकता के आधार पर शिक्षक रखे और उनका पंजीकरण करायें। जिससे वह कोचिंग सही से चला सकें और विद्यालय समय के बाद भी कोचिंग चलायी जाये। जिससे विद्यालयों में बच्चों की संख्या कम न हो।

## याची प्रधानाध्यापकों को हाईकोर्ट से मिली बड़ी राहत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जनपद के प्रभारी प्रधानाध्यापक याचिका 13090/24 में हाईकोर्ट में प्रधानाध्यापकों को प्रधानाध्यापक के समान वेतन और अब तक प्रभारी प्रधानाध्यापक के रुप में किये गये कार्य का एरियर देने का आदेश पारित किया है। याचिका के मुख्य याची विजय प्रताप सिंह और 155 अन्य प्रभारी प्रधानाध्यापकों ने इसके लिए हाईकोर्ट का रुख किया था। जिसमें 29 अगस्त 2024 को दिये गये निर्णय आदेश के क्रम में याचिका में सम्मलित सभी प्रभारी प्रधानाध्यापकों को बड़ी राहत प्रदान की है। मुख्य याची विजय प्रताप सिंह ने बताया कि विभाग को आदेश का अनुपालन करते हुए शीघ्र ही भुगतान करना चाहिए। इसके लिए जल्द ही हम याची बेसिक शिक्षाधिकारी से मिलकर आदेश का अनुपालन करने की मांग करेगें।

## स्कूली बस हादसा, गहरे खड्ड में गिरी बस 4 बच्चे घायल, 1 की हालत गंभीर

**औरैया।** शुक्रवार को थाना क्षेत्र के ग्राम बराहार के निकट एक दुखद हादसा हुआ जब गोपाल इंटर कॉलेज बिधूना की स्कूली बस, जो बच्चों से भरी हुई थी, अनियंत्रित होकर गहरे खड्ड में जा गिरी। इस दुर्घटना में 4 बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें से एक की हालत अत्यंत नाजुक है। मौके पर राहत और बचाव कार्य से बच्चों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना दिन में लगभग 2रू00 बजे की है। गोपाल इंटर कॉलेज बिधूना की बस बच्चों को लेकर बेला थाना क्षेत्र के ग्राम बराहार के पास पहुंची थी, तभी अचानक आगे पिकअप लोडर आ गया। इस वजह से बस चालक का संतुलन बिगड़ गया, और बस पास की पुलिया को तोड़ते हुए गहरे गड्ढे में जा गिरी और पलट गई।घटना के तुरंत बाद, आसपास के ग्रामीण दौड़ते हुए मौके पर पहुंचे और बस में फंसे बच्चों को निकालने का प्रयास किया। उन्होंने तुरंत पुलिस को भी सूचित किया। सूचना मिलते ही बेला के उप निरीक्षक, मुलेंद्र सिंह चौहान, अपने सहयोगी दल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और घटना की जानकारी उच्च अधिकारियों को दी। घटना की खबर मिलते ही गोपाल इंटर कॉलेज के मैनेजर, अभिषेक मिश्रा, भी घटनास्थल पर पहुंचे और घायलों को इलाज के लिए पास के स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। घायलों में करिश्मा, पुत्री नरेंद्र प्रजापति निवासी जरावन, की हालत गंभीर थी, इसलिए उसे नव जीवन हॉस्पिटल, बेला ले जाया गया। वहां डॉक्टर्स ने उसकी स्थिति को देखते हुए उसे कानपुर रेफर कर दिया। घटना की गंभीरता को देखते हुए, पुलिस अधीक्षक औरैया, चारू निगम, और जिला अधिकारी, इंद्रमणि त्रिपाठी, नव जीवन हॉस्पिटल पहुंचे और बच्चों की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने घटना की जांच के आदेश दिए और कहा कि इस हादसे में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस हादसे ने पूरे इलाके में दहशत और चिंता का माहौल पैदा कर दिया है। पुलिस और प्रशासन द्वारा मामले की जांच की जा रही है ताकि भविष्य में ऐसे हादसे न हों।

## पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री आज जनपद में

**मैनपुरी।** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री उ.प्र. शासन जयवीर सिंह आज दि. 31 अगस्त को जनपद भ्रमण पर पधार रहे हैं, वह प्रातः 09.15 बजे पुलिस लाइन के सामने ट्राजिस्ट हॉस्टल में जन-सुनवाई करेंगे, तदोरांत अपरान्ह 01 बजे निज आवास सिरसागंज के लिए प्रस्थान करेंगे।

**सम्बन्ध विच्छेद**

मैं अपने पुत्र विनय सिंह राठौर व पुत्रवधू निधि के गलत चाल-चलन के चलते उनसे अपने समस्त सम्बन्ध विच्छेद कर उन्हें अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। उनके द्वारा किये गये कृत्यों से मेरा व मेरी पत्नी मंजूलता एवं अन्य परिवारीजनों से कोई सरोकार वास्ता नहीं होगा। अपने कृत्यों के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।
**रामराज सिंह राठौर, निवासी 2/18ए, अंगूरीबाग, थाना-कोतवाली फर्रुखाबाद, जिला-फर्रुखाबाद।**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद कायमगंज, फर्रुखाबाद**

**पत्रांकः-636/ न0पा0 परि0का0/2024-25** **दिनांक 23/08/2024**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री उज्ज्वल जैन पुत्र धरेन्द्र कुमार निवासी मोहल्ला बजरिया राधाकृष्ण ने पंजीकृत विक्रय/वसीयत, विलेख विरासतन के आधार पर भवन संख्या 120 मोहल्ला बजरिया राधाकृष्ण कायमगंज पर श्री प्रदुमन कुमार, मधु जैन पुत्र/पत्नी इन्द्रसेन, प्रदुमन कुमार के स्थान पर/जुज भाग पर अपने नामांकन हेतु आवेदन पत्र दिया है। जिस पर कार्यवाही प्रस्तावित है। उपरोक्त नामान्तरण पर यदि किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 30 दिनों के अन्दर अपनी आपत्ति लिखित रूप से प्रमाणित साक्ष्यों सहित नगर पालिका परिषद कायमगंज के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि 1916 की धारा 147 के अर्न्तगत अध्यासी (मात्र करो की वसूली हेतु स्वामित्व से सम्बन्ध नहीं) के रूप में दर्ज किये जाने की कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद कायमगंज, फर्रु0**

# महिला अपराधों के खिलाफ अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी : राजनाथ सिंह

▸ बलात्कार जैसे अपराध के लिए कानून का सख्ती से हो पालन



एजेंसी

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि देश में महिलाओं के खिलाफ हो रहे अत्याचारों और अपराधों को देखते हुए तमाम बदलावों के बावजूद ऐसा लगता है कि अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। हमारी सरकार ने महिलाओं के खिलाफ अपराधों के प्रति सख्त रवैया अपनाया है लेकिन कई राज्य इस दिशा में ईमानदारी से प्रयास नहीं कर रहे हैं।

कोलकाता में हाल ही में हुई दिल दहला देने वाली घटना बेहद दुखद और शर्मनाक है। हमने बलात्कार जैसे जघन्य अपराध के लिए मृत्युदंड का प्रावधान करने के लिए कानून में संशोधन किया है। इस कानून का सख्ती से पालन किया जाना चाहिए। तिरुवनंतपुरम में एक कॉन्क्लेव में राजनाथ सिंह ने कहा कि पिछले दस वर्षों में हमारे देश ने कई युगान्तरकारी परिवर्तन देखे हैं। आर्थिक सुधारों से लेकर बड़े सामाजिक परिवर्तन तक, सांस्कृतिक पुनरुत्थान से लेकर महत्वपूर्ण राजनीतिक परिवर्तनों तक कई बड़े बदलाव हुए हैं। इस परिवर्तन में सरकार के साथ-साथ हमारे देश के नागरिकों ने सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सशस्त्र बलों में महिलाओं के प्रवेश की अनेक बाधाएं दूर की गई हैं। सशस्त्र बलों के तीनों विंग में हमने महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाया है। सैनिक स्कूलों में भी महिलाओं को प्रवेश दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 2014 के बाद भारत की स्थिति बदली जब रक्षा क्षेत्र को आत्मनिर्भर बनाने का काम शुरू हुआ। एक समय था जब देश में करीब 65-70 प्रतिशत रक्षा उपकरण आयात किए जाते थे लेकिन आज ये स्थिति बदल गई है।

**आज दुनिया भारत को अलग नजरिए से देख रही**


कॉन्क्लेव में सिंह ने कहा कि आज भारत ग्लोबल साउथ की सबसे बड़ी आवाज बन गया है। हर देश अब महत्वपूर्ण मुद्दों पर भारत की राय को तवज्जो देता है। आज दुनिया भारत को अलग नजरिए से देखती है। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी यूक्रेन और रूस की यात्रा पर थे। वे दुनिया के एकमात्र ऐसे नेता हैं, जिनकी बात आपस में युद्धरत दोनों देश सुनते हैं। सबसे प्रतिष्ठित सैन्य प्रशिक्षण संस्थानों में से एक राष्ट्रीय रक्षा अकादमी को भी महिलाओं के लिए खोल दिया गया है। अब देश भर से सैकड़ों-हजारों युवा लड़कियां एनडीए प्रवेश परीक्षा में भाग लेती हैं। उन्होंने कहा कि देश का रक्षा उत्पादन 1.27 लाख करोड़ रुपये को पार कर गया है। हमारा लक्ष्य इस वित्त वर्ष में 1.75 लाख करोड़ तक पहुंचना है। 2029 तक हम भारत में 3 लाख करोड़ रुपये मूल्य का रक्षा उत्पादन हासिल करना चाहते हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि हम भारत में बने रक्षा उपकरणों का निर्यात भी कर रहे हैं। वर्ष 2023-24 में भारत का रक्षा निर्यात 21 हजार करोड़ रुपये को पार कर गया है। हमारा लक्ष्य 2029 तक रक्षा निर्यात को 50 हजार करोड़ तक बढ़ाना है।

## बीजापुर में 24 लाख का इनामी नक्सल कमांडर गिरफ्तार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की बीजापुर पुलिस ने 24 लाख रुपये के इनामी नक्सली कमांडर विकास उर्फ सैनू मुंशी जेट्टी पिड़ीमाला को इंद्रावती राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र से बीमार हालत में गिरफ्तार किया है। उस पर छत्तीसगढ़ में 8 लाख और महाराष्ट्र में 16 लाख रुपये का इनाम है। दक्षिण गढ़चिरोली डिवीजन के अहेरी दलम के डिविनजल कमेटी सदस्य के रूप में सक्रिय विकास छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र व तेलंगाना में 35 से अधिक व नक्सल घटनाओं का आरोपित है। बीजापुर पुलिस अधीक्षक जितेंद्र यादव की गुरुवार देरशाम दी गई दी गई सूचना में कहा गया है कि नक्सली कमांडर विकास वर्तमान में महाराष्ट्र के गढ़चिरोली अहेरी दलम में डीवीसीएम था। लंबे समय से उसकी तलाश थी। उसने छत्तीसगढ़ के इंद्रावती राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र को अपना बेस कैंप बना रखा था और वहीं से वह नक्सल घटनाओं की रणनीति तैयार करता था। यादव ने बताया कि यह सूचना मिली थी कि नक्सल कमांडर विकास की नेशनल पार्क क्षेत्र में उपस्थिति है।

# 48 साल बाद चक्रवात असना का खतरा, राज्य के तीन बंदरगाहों पर तीन नंबर सिग्नल लगाए गए

▸ मांडवी, अबडासा व लखपत तहसील में मोबाइल नेटवर्क बुरी तरह प्रभावित



एजेंसी

**भुज/अहमदाबाद।** मौसम विभाग के अनुसार अरब सागर में असना नामक चक्रवात बनने जा रहा है, जो साल 1976 के बाद अपनी तरह का पहला चक्रवात होगा। मौसम विभाग के मुताबिक यह चक्रवात उत्तर-पूर्वी अरब सागर में उत्पन्न होगा। गहरा अवसाद गुजरात में पश्चिम-दक्षिण-पश्चिम की ओर प्रवेश कर चुका है और अब उसके चक्रवात में बदलने की उम्मीद है। इसके कच्छ तट से आगे बढ़ने के बाद उत्तर-पूर्वी अरब सागर में पाकिस्तान की ओर बढ़ने की भी संभावना है।

गुरुवार डिप्रेशन का केंद्र भुज से 60 किमी और नलिया से 250 किमी दूर कच्छ पर दर्ज किया गया था। इसके पश्चिम दक्षिण-पश्चिम (दक्षिण-पश्चिम) दिशा की ओर बढ़ने और फिर कच्छ तट की ओर बढ़ने की संभावना है।

गुरुवार को कच्छ जिले में भारी बारिश के बाद शुक्रवार को बारिश पर विराम लग गया है7 लेकिन, अब 48 साल बाद जिले पर एक दुर्लभ तूफान का खतरा मंडरा रहा है। चक्रवात असना कच्छ की ओर बढ़ते हुए जिले के मांडवी, अबडासा और लखपत तहसील को तबाह कर सकता है। परिणामस्वरूप, जिला कलेक्टर ने इन तीन तहसीलों में मिट्टी के घरों और झोपड़ियों में रहने वाले लोगों से सुरक्षित स्थान पर जाने की अपील की है और आज शाम 4 बजे तक इस प्रकार के आवास में रहने वाले लोगों को आश्रय देने की भी अपील की है। मुख्यमंत्री ने संभावित तूफान की स्थिति की समीक्षा के लिए गुरुवार रात राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र में बैठक की। कच्छ में संभावित तूफान के चलते मुंद्रा, कांडला और जखौ बंदरगाह पर तीन सिग्नल नंबर लगाए गए हैं7 मांडवी, अबडासा और लखपत तहसील में भारी बारिश और हवा के कारण मोबाइल नेटवर्क बुरी तरह प्रभावित हुआ है।

# तपेदिक से निपटने के लिए सामूहिक प्रयास जरुरी

▸ तपेदिक उन्मूलन में निजी अस्पताल के मिशन टीबी फ्री अभियान शामिल हुईं मंत्री अनुप्रिया पटेल
▸ हरियाणा में वर्ष 2024 में 54 हजार 107 तपेदिक रोगियों को किया गया अधिसूचित

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा है कि भारत में तपेदिक का एक बड़ा बोझ है तथा इसे समाप्त करने की चुनौतियों पर विजय पाने के लिए सामूहिक प्रयास की आवश्यकता है। श्रीमती पटेल ने गुरुवार देर शाम यहां हरियाणा में तपेदिक उन्मूलन में निजी अस्पताल मेदांता के मिशन टीबी फ्री अभियान के 10 साल पूरे होने पर एक कार्यक्रम में हिस्सा लेते हुए कहा कि हरियाणा में तपेदिक के वर्ष 2024 में 54 हजार 107 तपेदिक रोगियों को अधिसूचित किया गया, जिसमें निजी क्षेत्र की हिस्सेदारी 38 प्रतिशत थी।



उन्होंने कहा कि मेदांता ने इस क्षेत्र में विशेष भूमिका निभायी है। इसके अलावा राज्य सरकार, यूएसएआईडी और संपूर्ण चिकित्सा समुदाय ने सराहनीय काम किया है। इस अवसर पर मेदांता के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ. नरेश त्रेहान और हरियाणा के जन स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय में उप निदेशक - केंद्रीय तपेदिक विभाग उपस्थित रहे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह प्रयोग अब दिल्ली और उत्तर प्रदेश में भी दोहराया जा रहा है।

इसकी शुरुआत लखनऊ से हुई है, तथा राज्य के अन्य जिलों तक विस्तार करने की योजना है। राज्य के महत्वपूर्ण क्षेत्रों में तपेदिक सेवाओं को और मजबूत किया जा रहा है। निजी क्षेत्र के सहयोग से निक्षय पोषण योजना जैसी प्रमुख पहलों को आगे बढ़ाया गया है और नैदानिक सुविधाओं का विस्तार किया है, जिससे टीबी की घटनाओं में 16 प्रतिशत की कमी आई है और टीबी से होने वाली मौतों में 18 प्रतिशत गिरावट देखी गयी है।

## दरबार साहिब में नतमस्तक हुईं विनेश फोगाट, बैठकर कीर्तन भी सुना

**चंडीगढ़।** पेरिस ओलंपिक में अधिक वजन के कारण बाहर हुई विनेश फौगाट शुक्रवार को परिवार समेत अमृतसर स्थित दरबार साहिब पहुंचीं। विनेश फौगाट ने यहां माथा टेककर अपनी कामयाबी के लिए आशीर्वाद लिया। विनेश के साथ उनके पति सोमवीर राठी व अन्य परिवारिक सदस्य भी थे। उन्होंने कुछ समय के लिए दरबार साहिब परिक्रमा में बैठकर कीर्तन भी सुना। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की तरफ से जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह ने विनेश को गोल्डन टेंपल का मॉडल देकर सम्मानित किया। विनेश ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि यहां आना उनका सपना था, जो आज पूरा हुआ है। गुरु साहिब ने आज उन्हें बुलाया तो वो पहुंची हैं। उन्होंने सब अपनों के भले के लिए अरदास की और कहा कि जैसे अब तक परमात्मा ने उन्हें सही दिशा दिखाई है वैसे आगे भी दिखाते रहें।

# असम सरकार के फैसले का अनुसरण करें देश की अन्य सरकारें : विहिप

▸ बाल विवाह की प्रथा व महिला अत्याचारों की प्रथा पर लगेगी रोक

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने असम सरकार की ओर से मुस्लिम समाज के लोगों के लिए शादी और तलाक का रजिष्ट्रेशन अनिवार्य किये जाने के फैसले का स्वागत किया है और कहा ही कि देश के अन्य राज्यों को भी इस तरह के कानून बनाने चाहिए।

राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल ने शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि असम में मुस्लिम शादी और तलाक का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य किये जाने से राज्य की बेटियां को शारीरिक उत्पीड़न से मुक्ति मिलेगी। उन्होंने कहा, इसके माध्यम से बाल विवाह की प्रथा और महिला अत्याचारों पर रोक लगेगी तथा नारी सशक्तीकरण को बल मिलेगा। वास्तव में बहु विवाह को भी अपराध घोषित कर दिया, तो असम की नारियां तथा सभ्य समाज आजीवन आपके ऋणी रहेंगे। धन्यवाद मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा जी। उन्होंने कहा कि देश के अन्य राज्य सरकारों को भी नारी कल्याणकारी इस पहल का अनुसरण करके बाल विवाह, बहु विवाह, बहु संतान तथा हलाला जैसी नारी दोहनकारी कुप्रथाओं पर अंकुश लगा कर सभी नारियों को दत्तक, तलाक, भरण पोषण, संपत्ति में हिस्सा तथा पर्दा प्रथा से मुक्ति दिलानी ही चाहिए।

उन्होंने कहा कि इस कानून के माध्यम से बहु विवाह पर रोक लगाने, विवाहित महिलाओं को वैवाहिक घर में रहने, भरण पोषण आदि के अपने अधिकार का दावा करने तथा विधवाओं को पति की मृत्यु के बाद उत्तराधिकार का अधिकार के साथ अन्य लाभ तथा विशेष अधिकारों के लिए दावा करने में भी सहायता मिलेगी।

## खबरें एक नजर में

### प्रधानमंत्री जिला न्यायपालिका के सम्मेलन का करेंगे उद्घाटन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को सुबह 10 बजे नई दिल्ली के भारत मंडपम में जिला न्यायपालिका के राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि इस अवसर पर प्रधानमंत्री देश के सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में डाक टिकट और सिक्का भी जारी करेंगे। सर्वोच्च न्यायालय के तत्वावधान में आयोजित इस दो दिवसीय सम्मेलन में पांच कार्य सत्रों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें जिला न्यायपालिका से संबंधित विषयों जैसे कि इन्फ्रास्ट्रक्चर और मानव संसाधन, सभी के लिए समावेशी न्यायालय, न्यायिक सुरक्षा एवं न्यायिक कल्याण, मामला प्रबंधन एवं न्यायिक प्रशिक्षण पर विचार-विमर्श और चर्चा की जाएगी। इस उद्घाटन कार्यक्रम में भारत के मुख्य न्यायाधीश और सर्वोच्च न्यायालय के अन्य न्यायाधीश, केंद्रीय विधि एवं न्याय राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), अटॉर्नी जनरल, सर्वोच्च न्यायालय बार एसोसिएशन के अध्यक्ष और भारतीय बार काउंसिल के अध्यक्ष भी भाग लेंगे।

### उपराष्ट्रपति आज से उत्तराखंड के दो दिवसीय दौरे पर

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ 31 अगस्त से 01 सितंबर तक उत्तराखंड के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे। उपराष्ट्रपति सचिवालय के अनुसार अपने दौरे के दौरान धनखड़ उत्तराखंड के देहरादून में स्थित वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद-भारतीय पेट्रोलियम संस्थान के वैज्ञानिकों, संकाय सदस्यों और छात्रों से बातचीत करेंगे। अपने दौरे के दूसरे दिन धनखड़ देहरादून स्थित राष्ट्रीय भारतीय सैन्य महाविद्यालय जाएंगे। उपराष्ट्रपति ऋषिकेश में एम्स का दौरा भी करेंगे, जहां वे संस्थान के छात्रों और संकाय सदस्यों से बातचीत करेंगे।

### रियलमी 13 सीरीज 5जी लॉन्च



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** भारतीय युवाओं के सबसे लोकप्रिय स्मार्टफोन ब्रांड, रियलमी ने अपनी बहुप्रतीक्षित रियलमी 13 सीरीज 5जी लॉन्च की। नंबर सीरीज में नए स्मार्टफोन के साथ ही रियलमी बड्स टी01 भी पेश किए गए। रियलमी 13 सीरीज़ 5जी अपनी अतुलनीय स्पीड के साथ स्मार्टफोन उद्योग में परफॉर्मेंस के मानकों को बदल देगी। रियलमी अपनी नंबर सीरीज़ नई टेगलाईन : ''नैक्स्ट-जेन पॉवर'' के साथ पेश कर रहा है। इसका उद्देश्य मिड-रेंज मूल्य वर्ग में पॉवर और परफॉर्मेंस के नए मानक स्थापित करना है। रियलमी 13 सीरीज़ 5जी नंबर सीरीज में अब तक की सबसे शक्तिशाली पेशकश है। इस लॉन्च के बारे में रियलमी के प्रवक्ता ने कहा, ''हम रियलमी 13 सीरीज़ 5जी पेश करके बहुत उत्साहित हैं। यह हमारे सफर में एक बड़ी उपलब्धि है। इस लॉन्च के साथ हम नई टेगलाईन: 'नैक्स्ट-जेन पॉवर' लेकर आए हैं। रियलमी नंबर सीरीज़ में यह हमारे पोर्टफोलियो का केवल एक नया उत्पाद ही नहीं, बल्कि एक गेम-चेंजर है, जो मिड रेंज मूल्य वर्ग में पॉवर और परफॉर्मेंस के नए मानक स्थापित कर रहा है। रियलमी 13 सीरीज़ 5जी नंबर सीरीज़ में अब तक की सबसे शक्तिशाली पेशकश है।

### जेजेएस के 20वें संस्करण का आयोजन 20-23 दिसंबर से



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** आगामी मेगा ज्वेलरी शो, जयपुर ज्वेलरी शो (जेजेएस) के लिए लखनऊ के होटल ताज महल में एक प्रमोशनल रोड शो आयोजित किया गया। जेजेएस सिनर्जी नामक इस रोड शो में स्थानीय ज्वेलर्स ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया । इस दौरान, जेजेएस के मानद सचिव श्री राजीव जैन ने शो के 20वें संस्करण के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इसका आयोजन 20 से लेकर 23 दिसंबर, 2024 तक नोवोटेल जयपुर कन्वेंशन सेंटर (जेईसीसी) में किया जाएगा। जेजेएस सिनर्जी मीट में लखनऊ सराफा एसोसिएशन (एलएसए) का भी भरपूर सहयोग रहा एवं इसके अध्यक्ष श्री रवींद्र नाथ रस्तोगी और सचिव श्री प्रदीप अग्रवाल भी उपस्थित रहे। प्रेज़ेंटेशन के माध्यम से श्री राजीव जैन ने इस आयोजन के लिए विशेष रूप से जयपुर को चुने जाने पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि जयपुर ने बेहतरीन आभूषण और बेशकीमती रत्नों की परंपरा को लम्बे समय से बरकरार रखा हुआ है। यह परंपरा उतनी ही पुरानी है, जितना कि इस शहर का इतिहास। 22 वर्षों की साख के साथ, जेजेएस ने जयपुर में खुद को एक प्रमुख वार्षिक आयोजन के रूप में स्थापित किया है। मेहमानों को शो के बारे में और अधिक जानकारी देते हुए, उन्होंने बताया कि इस वर्ष की थीम रूबी-रेयर, रॉयल और रीवियर्ड है। रूबी प्रमोशन सपोर्ट ग्रुप में 15 सदस्य शामिल हैं, जिसका प्राइम प्रमोशन पार्टनर जेमफील्ड्स है।

# नेपाल के पहले हाइड्रोजन प्लांट का प्रधानमंत्री ओली ने किया उद्घाटन



एजेंसी

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने काठमांडू विश्वविद्यालय के 29वें दीक्षांत समारोह में देश के पहले हाइड्रोजन प्लांट का शुक्रवार को उद्घाटन किया। इस प्लांट का निर्माण विश्वविद्यालय के छात्रों ने किया है।

इस अवसर पर ओली ने हाइड्रोजन से चलने वाली कार का भी उद्घाटन किया। वह उसी कार से दीक्षांत समारोह स्थल पर पहुंचे। इस अवसर पर ओली ने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा संचालित हरित हाइड्रोजन उत्पादन एवं रिफ्यूलिंग स्टेशन का निर्माण एक अनुकरणीय कार्य है। इस प्रकार के प्रकल्प का निर्माण सिर्फ विश्वविद्यालय में ही नहीं बल्कि अन्य स्थानों पर भी किया जाना चाहिए। ओली ने याद किया कि उनके पहले कार्यकाल में हरित हाइड्रोजन और पवन ऊर्जा से बिजली उत्पादन पर चर्चा और अध्ययन शुरू किया गया था। उन्होंने कहा कि हाइड्रोजन वाहनों को पहली प्राथमिकता देनी चाहिए। विश्वविद्यालय के हाइड्रोजन इनिशिएटिव्स के प्रमुख और एसोसिएट प्रोफेसर विराजसिंह थापा ने बताया कि बिजली और पानी को संसाधित कर हाइड्रोजन में परिवर्तित किया गया है। विश्वविद्यालय में पिछले दो वर्षों से हरित हाइड्रोजन ईंधन के उत्पादन और उपयोग का अध्ययन और शोध चल रहा है। नेपाल ऑयल कॉरपोरेशन ने हाइड्रोजन उत्पादन और हाइड्रोजन वाहन संचालन के लिए विश्वविद्यालय को वित्तीय सहायता प्रदान की थी।

## ग्रीक के चार लड़ाकू जेट हवाई अभ्यास तरंग शक्ति में लेंगे हिस्सा

**नई दिल्ली।** भारतीय वायु सेना की मेजबानी में पहली बार हो रहे बहुराष्ट्रीय हवाई अभ्यास तरंग शक्ति के दूसरे चरण की औपचारिक शुरुआत शुक्रवार से राजस्थान के जोधपुर में हो गई। इसमें शामिल होने के लिए बांग्लादेश के अलावा अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, ग्रीस, सिंगापुर और यूएई की वायु सेनाएं रेगिस्तानी इलाके में पहुंचीं हैं। यह पहला मौका है जब हेलेनिक वायु सेना भी इस अभ्यास में भाग लेने के लिए चार ग्रीक लड़ाकू जेट के साथ भाग लेने भारत आई है। तरंग शक्ति का दूसरा और अंतिम चरण 14 सितंबर तक राजस्थान के जोधपुर में होगा। अभ्यास के दूसरे चरण में हिस्सा लेने के लिए अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, सिंगापुर, यूएई की वायु सेनाओं के लड़ाकू विमान, हेलीकॉप्टर, विशेष ऑपरेशन विमान, मध्य हवा में ईंधन भरने वाले और हवाई चेतावनी और नियंत्रण प्रणाली विमान सहित 70-80 विमान रेगिस्तानी इलाके में पहुंचे हैं। इस अभ्यास में अमेरिका अपने एफ-16 और ए-10 विमानों के साथ भाग लेगा।

# जन्मजात दिल की बीमारियों से जूझ रहे बच्चों को मेदांता अस्पताल में मिलेगा संपूर्ण इलाज

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** मेदांता सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में जन्मजात दिल की बीमारियों से जूझ रहे बच्चों को समग्र व संपूर्ण इलाज मिलेगा। इसमें पीडियाट्रिक कार्डियक सर्जरी (बच्चों के दिल की सर्जरी), पीडियाट्रिक आईसीयू, नवजात शिशु गहन चिकित्सा ईकाई (नियोनेटल आईसीयू) और पीडियाट्रिक कार्डियोलॉजी (बच्चों के दिल का इलाज) जैसी सुविधाएं शामिल हैं।

इस एकीकृत यूनिट के संचालन वाला यह प्रदेश का पहला अस्पताल है। अब प्रदेश से दिल की बीमारी वाले बच्चों को लेकर परिजनों को हजारों किलोमीटर के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। मेदांता सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के कार्डियोथोरेसिक वैस्कुलर सर्जरी के निदेशक डॉ. गौरांग मजूमदार ने बताया कि प्रदेश में हर साल 50 हजार बच्चे कॉन्जेनाइटल हार्ट डिजीज (जन्मजात हृदय रोग) के साथ जन्म लेते हैं। जिनमें 10 हजार बच्चों को तत्काल दिल के सर्जरी की दरकार होती है। इसमें नवजात को दिल की धमनियों में अवरोध (हार्ट ब्लॉक), दिल में छेद, धड़कन तेज होना, जन्म के समय शरीर नीला पड़ना (ब्लू बेबी सिंड्रोम, साइनोसिस), धमनियों का संकरा होना, वाल्व की कमजोरी, धमनियों से रिसाव, धमनियों का ठीक से विकास न होना, मुख्य धमनियों का उल्टा जुड़ना, तेजी से पंप करना, तेजी से सांस लेने के लक्षण होते हैं। ऐसे बच्चों को लेकर परिजन इलाज के लिए सैकड़ों और कभी-कभी हजारों किलोमीटर दूर-दराज के स्थानों पर जाते थे। लंबी यात्रा, गर्मी और थकावट के कारण कई बच्चे रास्ते में ही दम तोड़ देते थे। अब ऐसे बच्चों को हृदयरोग का इलाज एक ही मेदांता हॉस्पिटल में एक ही छत के नीचे मिलेगा। मेदांता अस्पताल कार्डियक सर्जरी (हृदय शल्य चिकित्सा) में प्रदेश में सर्वोत्कृष्ट है। यहां कार्डियक सर्जरी विभाग की स्थापना 2019 में प्रसिद्ध हृदय शल्य चिकित्सक (कार्डियक सर्जन) डॉ गौरांग मजूमदार ने की। यहां अब तक 3000 से अधिक वयस्क और बच्चों के दिल की सर्जरी हो चुकी है। इस विभाग का विस्तार किया गया है। नवजात बच्चों के हृदय शल्य के लिए विभाग में ही स्पेशल यूनिट बनाई गई है। यह प्रदेश के निजी अस्पतालों में संचालित होने वाली पहली नवजात हृदय शल्य चिकित्सा ईकाई है। इस यूनिट की कमान यूनाइटेड किंगडम (यूके) के प्रसिद्ध पीडियाट्रिक कार्डियक सर्जन डॉ महेंद्र नरवाले संभाल रहे हैं। वह यूके में विश्व प्रसिद्ध एल्डर हे अस्पताल में तैनात थे।



# महिला हिंसा को 'लक्षणात्मक रोग' कहा जाना निंदनीय

## उप राष्ट्रपति धनखड़ ने सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष और राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल की निंदा की

एजेंसी

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने महिलाओं के खिलाफ हिंसा के कृत्यों को लक्षणात्मक रोग के रूप में संदर्भित करने के लिए सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) के अध्यक्ष और राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल की निंदा की।



धनखड़ की टिप्पणी 21 अगस्त को सिब्बल द्वारा पारित विवादास्पद प्रस्ताव के बाद आई है, जिसमें कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में बलात्कार-हत्या मामले को संबोधित किया गया था। सिब्बल के प्रस्ताव में इस घटना को एक लक्षणात्मक रोग बताया गया था, जिसकी एससीबीए के भीतर और बाहर काफी आलोचना हुई थी। दिल्ली विश्वविद्यालय के भारती कॉलेज में 'विकसित भारत में महिलाओं की भूमिका' विषय पर छात्रों और फैकल्टी सदस्यों को संबोधित करते हुए धनखड़ ने इस बात पर जोर दिया कि प्रस्ताव में की गई टिप्पणियां महिलाओं के खिलाफ हिंसा की गंभीरता को कम करती हैं और उच्च पद पर बैठे किसी व्यक्ति की छवि को खराब करती हैं। उन्होंने कहा, मैं आश्चर्यचकित हूं; मैं दुखी हूं और कुछ हद तक चकित हूं कि सर्वोच्च न्यायालय के बार के एक सदस्य और संसद का एक सदस्य ऐसा कहते हैं? लक्षणात्मक रोग और यह सुझाव देते हैं कि ऐसी घटनाएं सामान्य हैं? शर्मनाक! ऐसी स्थिति की निंदा करने के लिए शब्द भी कम हैं। यह उस उच्च पद के साथ सबसे बड़ा अन्याय है। उपराष्ट्रपति ने इस तरह के बयान को अत्यंत शर्मनाक बताते हुए कहा कि ये बयान महिलाएं और बेटियों की पीड़ा को तुच्छ बनाते हैं। उन्होंने कहा, क्या आप पार्टी के हितों या व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए ऐसा कहते हैं? आप अपने अधिकार का इस्तेमाल करके इस तरह के घृणित अन्याय को बढ़ावा देते हैं? क्या मानवता के लिए इससे बड़ा अन्याय हो सकता है? हम हमारी बेटियों की पीड़ा को तुच्छ बनाया जाये ? अब नहीं। उपराष्ट्रपति ने नागरिकों से राष्ट्रपति के बस बहुत हुआ÷ के आह्वान को दोहराने की अपील की और कहा, राष्ट्रपति ने कहा, बस बहुत हुआ! आइए, इसे राष्ट्रीय आह्वान बनाएं। मैं चाहता हूं कि यह आह्वान सभी के लिए हो। चलिए संकल्प लें कि हम एक ऐसा सिस्टम बनाएंगे जिसमें कोई भी लड़की या महिला पीड़ित न हो। आप हमारी सभ्यता को नुकसान पहुंचा रहे हैं, आप अति क्रूरता का प्रदर्शन कर रहे हैं।

**बेटियों व महिलाओं के मन में डर राष्ट्रीय चिंता का विषय**

उपराष्ट्रपति ने कहा कि हमारी बेटियों और महिलाओं के मन में डर एक राष्ट्रीय चिंता का विषय है। उन्होंने कहा, जहां महिलाएं और लड़कियां सुरक्षित नहीं महसूस करतीं, वह समाज सभ्य नहीं है। वह लोकतंत्र भी धूमिल हो जाता है; यह हमारे विकास के लिए सबसे बड़ी बाधा है। उन्होंने वित्तीय स्वतंत्रता की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा, मैं आप सभी से अपील करता हूं कि आप वित्तीय रूप से स्वतंत्र बनें। यह आपके ऊर्जा और क्षमता को उजागर करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, लड़कियां हमारे देश के विकास में सबसे महत्वपूर्ण हिस्सेदार हैं। वे ग्रामीण अर्थव्यवस्था, कृषि अर्थव्यवस्था और अनौपचारिक अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। लिंग आधारित असमानताओं को समाप्त करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए, उपराष्ट्रपति ने कहा, क्या हम कह सकते हैं कि आज लिंग आधारित असमानता नहीं है? समान योग्यता के बावजूद भिन्न वेतन, बेहतर योग्यता के बावजूद समान अवसर नहीं। यह मानसिकता बदलनी चाहिए। पारिस्थितिकी तंत्र को समान होना चाहिए, असमानताएं समाप्त होनी चाहिए। उपराष्ट्रपति ने भारत की वर्तमान विकास यात्रा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस प्रगति को महिलाओं की पूर्ण भागीदारी के बिना प्राप्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि भारत को एक विकसित देश के रूप में सोचने का विचार बिना लड़कियों और महिलाओं की भागीदारी के तर्कसंगत नहीं है। उनके पास ऊर्जा और प्रतिभा है। उनकी भागीदारी के साथ, भारत के विकसित होने का सपना 2047 से पहले पूरा होगा।

# आरजी कर : सीबीआई को क्राइम सीन के पास हुए रिनोवेशन से जुड़े दस्तावेज मिले

एजेंसी

**कोलकाता।** आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में इस महीने की शुरुआत में एक जूनियर डॉक्टर के रेप और मर्डर मामले की जांच कर रहे केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के अधिकारियों को उस स्थान के पास रिनोवेशन से जुड़ी कुछ अहम जानकारियां मिली हैं, जहां से पीड़िता का शव बरामद हुआ था।

13 अगस्त की शाम को जब कलकत्ता हाई कोर्ट की एक खंडपीठ ने रेप केस की जांच कोलकाता पुलिस से लेकर सीबीआई को सौंपने का आदेश दिया तो राज्य लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के कर्मियों ने घटना स्थल के पास एक कमरे में रिनोवेशन का प्रयास किया। यह कमरा सेमिनार हॉल के बगल में था, जहां से नौ अगस्त की सुबह पीड़िता का शव बरामद किया गया था। हालांकि, रिनोवेशन का काम



छात्रों के भारी विरोध के कारण नहीं हो सका, जिन्होंने इस कार्य के शुरू होते ही अस्पताल परिसर में प्रदर्शन किया। सूत्रों के अनुसार जांच अधिकारियों को एक महत्वपूर्ण दस्तावेज मिला है, जिसमें दिखाया गया है कि रिनोवेशन के कार्यों के लिए निर्देश 10 अगस्त को दिए गए थे, जो कि पीड़िता का शव मिलने के एक दिन बाद की बात है। जांचकर्ताओं द्वारा एक्सेस किए गए दस्तावेज़ों के अनुसार सूत्रों का कहना है कि यह निर्देश अस्पताल के एक पूर्व वरिष्ठ डॉक्टर द्वारा दिया गया था, जो प्रशासनिक पद पर भी थे और जिन्हें रेप और मर्डर की घटना के बाद स्थानांतरित कर दिया गया था। वह डॉक्टर आरजी कर कॉलेज के पूर्व और विवादास्पद प्रिंसिपल संदीप घोष के बेहद करीबी माने जाते हैं। अब सीबीआई अधिकारी यह जानने की कोशिश कर रहे हैं कि क्या वरिष्ठ डॉक्टर ने यह निर्देश अपने आप दिया था या किसी के सुझाव पर दिया था। साथ ही केंद्रीय एजेंसी के अधिकारी उस रहस्य का भी पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि पीड़िता के शव को जल्दबाजी में जलाने का आदेश क्यों दिया गया, बजाय इसके कि उसे अस्पताल के मुर्दाघर में सुरक्षित रखा जाता ताकि जरूरत पड़ने पर या पीड़िता के परिवार के सदस्यों की मांग पर दूसरा पोस्टमॉर्टम किया जा सके। गुरुवार दोपहर को सीबीआई की एक टीम अस्पताल पहुंची और कुछ अस्पताल कर्मचारियों और अधिकारियों से पूछताछ की, जिनके निर्देश पर शव को जलाने की व्यवस्था की गई थी।